फाल्गुन शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 23 मार्च 2024
वर्ष 5, अंक 126, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ओपनिंग सेरेमनी में दिखी भारत की धमक 13

मोदी को भूटान का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 14

सूचना

सभी ब्रांडों के सभी गारमेन्टस अब खरीदिये मात्र 100 से 600 रूपये में बरेली के होटल रोहिला में बिक्री किया जायेगा।

डायरेक्ट फैक्ट्री सेल

फर्जी कहानियों से माल नहीं बिकता है। माल में दम होना चाहिए।

जितने बड़े ब्रांड उतने ही सस्ते दाम

बरेली के होटल रोहिला में एक बार फिर छीना छपटी

मालिकों ने लिया बड़ा फैसला अब होली से पहले किसी भी कीमत पर 2023 का समर स्टॉक खत्म करना होगा। बिक्री सिर्फ 5 दिनों के लिए है।
जो आईटम खत्म हो जायेगा उस माल का काउन्टर बन्द कर दिया जायेगा।

UP TO 85% DIS.

पहले आये पहले पाये

23, 24, 25, 26 एवं 27 मार्च 2024

जेन्ट्स

- ब्राण्डेड शर्ट
- ब्राण्डेड टी-शर्ट
- ब्राण्डेड लोवर
- ब्राण्डेड केपरी
- ब्राण्डेड बरमुंडा
- ब्राण्डेड जीन्स
- ब्राण्डेड ट्राउजर

कीड्स

- ब्राण्डेड जींस
- ब्राण्डेड केपरी
- ब्राण्डेड लोवरा
- ब्राण्डेड शर्ट
- ब्राण्डेड टी-शर्ट
- ब्राण्डेड टॉपस

लेडीज

- ब्राण्डेड सारी
- ब्राण्डेड सूट
- ब्राण्डेड कूर्ती
- ब्राण्डेड प्लाजो
- ब्राण्डेड लैगिंग
- ब्राण्डेड जैगिंग
- ब्राण्डेड टॉपस
- लेडिज अंडरगारमेंटस



ब्रांडेड समर गारमेंट स्टार्टिंग रेट 100/- से 600/- रूपये तक रहेगी।

All Debit and Credit Accepted Here

-: बिक्री स्थल :-

होटल रोहिला

2 सिविल लाइन, नजदीक गांधी उद्यान, कंपनी गार्डन, बरेली

ENTRY PARKING FREE

UPSTDC

समय : सुबह 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक

सियासी हलचल

पार्टी के खाते सीज करने पर युवा और महानगर कांग्रेस का प्रदर्शन

बरेली, अमृत विचार : महानगर कांग्रेस कमेटी एवं युवा कांग्रेस ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और पार्टी के बैंक खातों को सीज करने का विरोध जताया। महानगर अध्यक्ष अजय शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के खाते में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के चंदे का पैसा है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को बढ़त मिल रही है, इसलिए कांग्रेस को रोकने के लिए इस तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। युवा कांग्रेस पश्चिम के अध्यक्ष पारस शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पहले विपक्षी नेताओं के पीछे सरकारी एजेंसियों को भेजा और फिर उन्हें गिरफ्तार करा दिया। इस दौरान युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष हर्षित दुबे, महेश पंडित, योगेश जौहरी, नदीम सिद्दीकी, मुकेश वाल्मीकि, फिरोज खान, कादिर खान, दिनेश प्रजापति, नादिर बेग, शिवांश, मुन्ने अंसारी, युसुफ सैफी, नादिर बेग आदि मौजूद रहे।

षडयंत्र के तहत दिल्ली के सीएम को किया गिरफ्तार : सुनीता

बरेली, अमृत विचार : दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर आम आदमी पार्टी की

रुहेलखंड प्रांत की उपाध्यक्ष सुनीता गंगवार एडवोकेट ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उनका कहना है कि षडयंत्र के तहत मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया गया है। मोदी सरकार अरविंद केजरीवाल की लोकप्रियता से घबरा गई है। कहा कि आम आदमी का जो सदस्य जनता के बीच सच बात कह रहा है, उसे नजरबंद किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पीलीभीत के जिलाध्यक्ष अमित मिश्रा और महासचिव संजय सक्सेना को नजर बंद कर लिया गया। देश में लोकतंत्र को समाप्त कर तानाशाही की शुरुआत कर दी गई है। जनता की आवाज को दबाया जा रहा है। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से केंद्र सरकार ने यह संदेश पूरे देश की जनता को दिया है।

शालिनी सिंह बसपा से निष्कासित

बरेली, अमृत विचार : बहुजन समाज पार्टी ने चुनाव से पहले एक और नेता को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। फरीदपुर से पार्टी टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ चुकी शालिनी सिंह को भी पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में निकाला गया है। बसपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह ने बताया कि शालिनी सिंह को कई बार चेतावनी दी गई थी लेकिन इसके बावजूद पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त रहने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। इससे पहले पूर्व मंडल प्रभारी को पार्टी से निकाल दिया गया था।

ध्रुवीकरण की आंधी में भी जातिगत समीकरण थामे रखने की कोशिश

- पीलीभीत में नामांकन प्रक्रिया शुरू हुए दो दिन गुजरे, भाजपा प्रत्याशी अभी तय नहीं
- शुक्रवार को चौथी लिस्ट जारी होने के बाद भी तीन सीटों पर असमंजस बरकरार

भाजपा के साथ सपा और कांग्रेस भी कोई जोखिम उठाने को तैयार नहीं, दिमाग खपाई जारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : भाजपा की ओर से लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों की चौथी सूची भी शुक्रवार को जारी कर दी गई लेकिन बरेली मंडल की बरेली, बदायूं और पीलीभीत की सीट इसमें भी रिक्त छोड़ दी गई। इसे तीनों सीटों पर प्रत्याशी बदलने की तैयारी के बीच हाईकमान की पसोपेश का संकेत माना जा रहा है। सबसे बड़ा पेच तीनों सीटों के जातीय समीकरणों पर फंसा हुआ है। जातीय समीकरण साधने को इतना ज्यादा महत्वपूर्ण माना जा रहा है कि सिर्फ भाजपा नहीं, सपा और कांग्रेस भी इसी में उलझे हुए हैं।

लोकसभा के पिछले दो चुनाव धार्मिक आधार पर हुए ध्रुवीकरण पर आधारित रहे हैं लेकिन इसके बावजूद इस चुनाव में जातीय समीकरण पर कोई पार्टी जोखिम उठाने के लिए तैयार नहीं दिख रही है। भाजपा और इंडिया गठबंधन की ओर से मंडल की पांच सीटों पर जहां-जहां भी उम्मीदवारों की घोषणा की है, वहां जातिगत वोटों का पूरा ख्याल रखा है। पीलीभीत, बदायूं और बरेली में अगर भाजपा अपने मौजूदा सांसदों को फिर चुनाव में उतार देती तो शायद इन सीटों पर पार्टी को ज्यादा उलझन का सामना न करना पड़ता लेकिन तीनों प्रत्याशियों को बदलने की कोशिशों ने उसे उलझा दिया है। तीनों सीटों पर कई और दावेदार हैं लेकिन दो सवाल उनके नामों की घोषणा नहीं होने दे रहे हैं। एक तो यह कि

24 18वीं लोकसभा का चक्रव्यूह

इनमें से कोई चेहरा उतारने के बाद चुनाव का गणित बदल तो नहीं जाएगा और दूसरा कि नया चेहरा में अपनी बिरादरी के वोटों को खींचने का माद्दा दिखा पाएगा या नहीं।

बरेली में संतोष गंगवार की दावेदारी को कई लोगों ने चुनौती दे रखी है। दरअसल, बरेली संसदीय क्षेत्र में मुसलमानों के बाद दूसरी सबसे बड़ी मतदाता संख्या कुर्मियों की है। संतोष गंगवार के साथ दूसरा प्लस प्वाइंट उनका दूसरी जातियों के साथ मुसलमानों में भी कुछ प्रभाव होना है। इस कारण उनके विकल्प की तलाश अब तक अंतिम स्तर तक नहीं पहुंची है। कई दिन से संतोष दिल्ली में हैं और टिकट की लड़ाई में कोई कसर बाकी छोड़ने को तैयार नहीं हैं।

जातिगत समीकरणों का ऐसा ही पेच बदायूं में भी फंसा हुआ है जहां पिछली बार करीब तीन लाख मौर्य-शाक्य मतदाताओं के दम पर स्वामी प्रसाद मौर्य की बेटी संघमित्रा भाजपा के टिकट पर चुनी गई थीं। बदायूं में साढ़े सात लाख से ज्यादा वोट मुसलमान और यादवों के ही हैं लिहाजा धार्मिक ध्रुवीकरण के बावजूद प्रत्याशी का मौर्य का बिरादरी का होना भाजपा का बेड़ा पार लगाने की मुख्य वजह बना।

यह जीत कितनी कशमकश भरी थी, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि संघमित्रा पूरे मंडल में सबसे कम अंतर से जीतने वाली भाजपा की उम्मीदवार थीं। अब उनका विकल्प मौर्य बिरादरी में ही ढूंढा जा रहा है लेकिन पार्टी को हर हालत में यह देखना पड़ेगा कि संघमित्रा का टिकट कटने के बाद स्वामी प्रसाद की नाराजगी बदायूं के मौर्य वोटरों के रुख में कोई बदलाव तो नहीं करेगी। आंवला और शाहजहांपुर में भाजपा प्रत्याशी उतार चुकी है।

पीलीभीत में जातिगत समीकरणों पर भी भारी मेनका और वरुण

पीलीभीत संसदीय सीट का पिछले 30 बरसों का इतिहास बताता है कि यहां होने वाली जीत-हार बहुत ज्यादा न जातिगत आधार पर वोटों की मोहताज है, न ही पार्टी की। जातीय समीकरण बिल्कुल भी अनुकूल न होने के बावजूद 1989 में यहां पहला चुनाव जीतने वाली मेनका गांधी यहां 1996 में अपना दूसरा चुनाव ही हारीं, लेकिन इसके बाद 2019 तक कभी वह खुद इस सीट पर काबिज रहीं और कभी उनके बेटे वरुण गांधी। पीलीभीत में सिख समुदाय के वोटरों की संख्या इतनी नहीं है कि निर्णायक साबित हो सकें लेकिन मेनका और वरुण की जीत पर इसका कभी कोई फर्क नहीं पड़ा। पहले दो चुनाव मेनका गांधी जनता दल के टिकट पर जीती थीं, इसके बाद तीन चुनाव उन्होंने निर्दलीय जीते। मां-बेटे के भाजपा में आने के बाद 2009 में यहां से वरुण, 2014 में मेनका और 2019 में फिर वरुण जीते। अब वरुण का विकल्प खोजने के लिए पार्टी को जातिगत समीकरणों में दिमाग खपाना पड़ रहा है। नामांकन प्रक्रिया शुरू हुए दो दिन गुजर जाने के बाद भी यहां अभी प्रत्याशी की घोषणा नहीं हुई है।

2019 : मंडल में सबसे ज्यादा वोटों से जीते थे वरुण गांधी

वरुण की लोकप्रियता ने 2019 के चुनाव में बरेली मंडल में रिकॉर्ड बनाया था। उन्हें सात लाख चार हजार से ज्यादा वोट मिले थे। यह जीत कितनी बड़ी थी, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सपा-बसपा के संयुक्त प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशी होने के बावजूद हेमराज वर्मा को उनसे करीब 22 प्रतिशत वोट कम मिले थे।

जनता का मंच

क्या चुनाव के बाद जनता की परवाह नहीं करते नेता?

बरेली, अमृत विचार : कोई जमाना था, जब नेता जनता से किए वादों को पूरा करने के लिए जी-जान लड़ा देते थे और हर मुश्किल में उनके साथ भी खड़े नजर आते थे लेकिन अब ऐसा नहीं रहा। राजनीति इतनी बदल गई है कि नेताओं से उनके वादे पूरे कराने तो मुश्किल, उन्हें याद दिलाने के लिए उन तक पहुंचना भी आसान नहीं रह गया है। बहुत कम नेता होते हैं जो जनता से किए वादों को याद रखते हैं और उन्हें पूरा भी करते हैं। लोगों का कहना है कि अब तो नेताओं की सूरत ही चुनाव में नजर आती है।

सांसद और विधायक सिर्फ अपने

मतलब से जनता को याद रखते हैं और मतलब न हो तो भूल जाते हैं। जब किसी रैली में भीड़ जुटानी होती है तभी उन्हें गरीब याद आते हैं, वही गरीब बाद में अपनी फरियाद लेकर पहुंचते हैं तो जनप्रतिनिधि उनसे मिलने से भी इन्कार कर देते हैं। – **कालीचरण,** भुता

मैं बदायूं रोड की रहने वाली हूं। मेरे

इलाके में आठ दिन से पानी नहीं आ रहा है। पानी की सप्लाई आती थी तो उसमें सुड़ियां भी निकलती थीं। सड़क का निर्माण भी नहीं हुआ है। चुनाव में बड़े-बड़े वादे तो किए जाते हैं लेकिन इसके बाद कोई आम लोगों की समस्या तक नहीं सुनता। – **नीरज,** शांति विहार

जनप्रतिनिधियों का अब कोई चरित्र नहीं

रह गया है। अपने स्वार्थ के लिए जब जी चाहे पार्टी बदल लेते हैं। जो अपनी पार्टी के सगे नहीं, वे जनता के सगे क्या होंगे। बड़े नेता अपने चमचों से घिरे रहते हैं जो आम लोगों को उनसे मिलने भी नहीं देते। कुछ खास के ही काम हो पाते हैं। – **अनोखे लाल मौर्य,** कटरा चांद खां

बड़े नेताओं के चेहरे पर वोट मांगने

वाले किसी काम के नहीं हैं। चुनाव होता है तभी हमारे घरों के बाहर प्रत्याशियों की कतारें लगती हैं। चुनाव खत्म होते ही ये सब अगले चुनाव तक के लिए गायब हो जाते हैं। राजनीति अब जनता के साथ धोखाधड़ी का नाम रह गया है। – **सुमित्रा देवी,** नवादा शेखान

जनता के लिए राजनीतिक तौर पर जागरूक होना बहुत जरूरी हो गया है। हमारी जिम्मेदारी सिर्फ वोट डालने से ही पूरी नहीं होती। अगर चुनाव जीतने के बाद जनप्रतिनिधि जनता को भूल जाते हैं तो इसके लिए कहीं न कहीं जनता भी जिम्मेदार है। हम खुद कितनी बार जाकर अपने जनप्रतिनिधियों को उनका कर्तव्य याद दिलाते हैं। अगर हमारे जनप्रतिनिधि हमें भूल रहे हैं तो हमें इतना जागरूक होना चाहिए कि उन्हें उनके वादे याद दिलाएं। लोकतंत्र में यह हमारा दायित्व है कि जो प्रतिनिधि अपने वादों को पूरा नहीं करता तो उसे हम अगली बार किसी भी हालत में न चुनें। अगर कोई काम नहीं कर रहा, फिर भी वह सत्ता में आ रहा है तो यह अपने आप में बड़ा सवाल है। – **डॉ. प्रीति,** प्रोफेसर राजनीतिक शास्त्र, साहू रामस्वरूप कन्या महाविद्यालय

प्रशासन की तैयारी

एफएसटी और एसएसटी टीमों की कंट्रोल रूम से लगातार निगरानी के निर्देश

बरेली, अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी रविंद्र कुमार ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने नोडल अधिकारी निर्देश दिए कि आयोग को समय से सूचनाएं भेजें। उन्होंने कहा कि एफएसटी और एसएसटी टीमों की लोकेशन की जानकारी रखें। सी विजिल एप पर आने वाली शिकायतों का निस्तारण तय समय में करें। ईएसएमएस (इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम) से जब्तीकरण की कार्रवाई करें। मतदाताओं की जो भी समस्या हो उसके लिए हेल्पलाइन, वेबसाइट और संबंधित बीएलओ से संपर्क करें। उन्होंने बीएलओ की सूची कंट्रोल रूम में भी चिपकाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि राजनीतिक पार्टी से संबंधित विज्ञापनों को काटकर एमसीएमसी (मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति) में जरूर रखें। इस दौरान एडीएम प्रशासन दिनेश, एडीएम सिटी सौरभ दुबे, नोडल अधिकारी कंट्रोल रूम समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

चुनाव के माहौल में किला इलाके में सीओ सेकेंड संदीप कुमार सिंह की अगुवाई में पुलिस और अर्द्धसैनिक बल ने फ्लैग मार्च किया। ● अमृत विचार

इलेक्टोरल बॉन्ड आजाद भारत की सबसे भ्रष्ट योजना

बरेली, अमृत विचार : कांग्रेस ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर इलेक्टोरल बॉन्ड को आजाद भारत का सबसे बड़ा चंदा घोटाला बताया गया। जिला प्रवक्ता राज शर्मा ने कहा कि इलेक्टोरल बांड के रूप में भाजपा ने काला धन इकट्ठा करने की योजना बनाई थी जिसका सुप्रीम कोर्ट ने पर्दाफाश कर दिया है। जिन कंपनियों ने इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे, उन्हें सरकार ने भारी लाभ दिया। मेघा इंजीनियरिंग एंड इन्फ्रा कंपनी ने अप्रैल 2023 में 140 करोड़ रुपये भाजपा को दिए, ठीक एक महीने बाद उस कंपनी को 14400 करोड़ का ठाणे बोरीवली ट्विन टनल प्रोजेक्ट दे दिया गया। जिला उपाध्यक्ष जुनैद हसन एडवोकेट ने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड भाजपा की हफ्ता वसूली योजना है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला उपाध्यक्ष सुरेशचन्द्र वाल्मीकि, जिला महासचिव उल्फत सिंह कठेरिया, जिला महासचिव मुकेश वाल्मीकि, जिला कोषाध्यक्ष कमरुद्दीन सैफी आदि भी मौजूद रहे।

चुनाव ड्यूटी कटवाने के लिए फर्जी मेडिकल लगाया तो सख्त कार्रवाई

लोकसभा चुनाव के लिए अफसरों के साथ बैठक करते डीएम रविंद्र कुमार। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने सीएमओ को दिया आईएमए को आगाह करने का निर्देश

अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी रविंद्र कुमार ने शुक्रवार को बैठक में अफसरों को लोकसभा चुनाव में आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराने का आदेश दिया। उन्होंने कहा चुनाव कर्मियों की छुट्टी के लिए फर्जी मेडिकल न बनाए जाएं। सीएमओ को निर्देश दिया कि इस बारे में आईएमए को भी आगाह कर दिया जाए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने अफसरों से यह प्रमाण पत्र देने को कहा कि उनके विभाग के भवनों, चल-अचल संपत्ति या वेबसाइट पर किसी राजनीतिक दल का प्रचार-प्रसार नहीं है। कोई दल अगर रैली के लिए अनुमति ली जाती है तो तय समय के भीतर ही प्रचार-प्रसार होगा। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया अकाउंट पर ऐसी पोस्ट करने से बचें, जिसमें किसी दल का बैनर, झंडा और फोटो लगा हो।

राजनीतिक दलों के लोगों को न बुलाएं विभागीय कार्यक्रमों में

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि विभागीय कार्यक्रमों में राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों को न बुलाएं और अब कोई भी नया कार्य न शुरू करें। प्राकृतिक आपदा की स्थिति में आयोग की स्वीकृति लेकर ही वित्तीय सहायता दी जाएगी। जेड और जेड प्लस सुरक्षा पाने वाले नेताओं के अलावा किसी की भी दल को सरकारी गेस्ट हाउस राजनीतिक गतिविधियों के लिए नहीं दें।

बैठक में एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान, नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स, बीडीए उपाध्यक्ष मानिकंदन ए, एडीएम प्रशासन दिनेश मौजूद रहे।

सपा : चुनाव का वास्ता देकर मनाया तो मान गया नाराज गुट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पूरे दिन फोन पर मनाने के बाद शाम को बैठक में पहुंचा पार्टी का नाराज गुट
- अखिलेश ने वरिष्ठ नेताओं को लखनऊ बुलाकर दिए थे दिशा निर्देश

अमृत विचार : लखनऊ से अखिलेश यादव की नसीहत सुनकर लौटे समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता शुक्रवार को पूरे दिन बदसलूकी मामले में पार्टी के नाराज चल रहे गुट को मनाकर विवाद को निपटाने में जुटे रहे। नाराज गुट के नेता समय न होने की बात कहकर साथ बैठने में टालमटोल करते रहे। शाम को चुनाव का वास्ता देकर फोन पर मनाने के बाद रात को बैठक में पहुंचे। लंबी वार्ता के बाद विवाद निपट गया।

समाजवादी पार्टी के गोल्डन बरातघर में पिछले दिनों पार्टी कार्यक्रम के दौरान पार्टी पदाधिकारी अशोक यादव और डॉ. चांद के बीच विवाद हो गया था। बाद में इस घटना ने तूल पकड़ लिया। प्रदेश सचिव कलीमुद्दीन की अगुवाई में एक पक्ष ने पार्टी से अशोक यादव के खिलाफ कार्रवाई की मांग शुरू कर दी। तमाम समर्थकों के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष इंजीनियर अनीस अहमद और पूर्व महानगर अध्यक्ष कदीर अहमद भी इस मुहिम में शामिल हो गए थे। यह मामला पिछले दिनों अखिलेश यादव तक पहुंचा था। इसके बाद अखिलेश ने बृहस्पतिवार को कई वरिष्ठ नेताओं को लखनऊ बुलाकर नाराजगी जताई थी और चुनाव का हवाला देते हुए विवाद निपटाकर एकजुटता से प्रचार में जुटने का निर्देश दिया था। इसके बाद शुक्रवार को वरिष्ठ नेताओं ने दोनों गुटों में सुलह कराने के लिए दोनों गुटों को साथ बैठाने की कोशिश शुरू की। मोंटी शुक्ला, रवींद्र यादव, वसीम मेवाती समेत कई नेताओं ने नाराज गुट के लोगों को कई बार फोन कर बैठक में आने को कहा लेकिन वे शाम तक टालमटोल करते रहे। विधायक अताउर रहमान ने भी उन्हें फोन किया। पूरे दिन की कोशिश के बाद रात को नाराज गुट के लोग आकांक्षा एन्क्लेव में हुई बैठक में पहुंचे। काफी देर चली बैठक में आखिरकार विवाद निपटाने पर सहमति बन गई। अब शनिवार को डॉ. चांद और अशोक यादव को गले मिलाया जाएगा।

फाल्गुन शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 23 मार्च 2024
वर्ष 5, अंक 126, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

मुइज्जू ने अपनाया सुलह का रुख, भारत से मांगी मदद 14

आदित्य से रिश्तों को लेकर रानी ने किया खुलासा 13

पुलिस से भिड़े ग्रामीण पथराव और मारपीट

संवाददाता, भीरा/भानपुर (खीरी)

- कच्ची शराब बनाने के आरोपी को पकड़ने गई थी टीम

अमृत विचार : कच्ची शराब बनाने के आरोपी को पकड़ने गई पुलिस पर उसके परिजनों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर हमला कर दिया। सिपाहियों के साथ हाथापाई की। पत्थरबाजी कर जीप के शीशे तोड़ दिए। हाईवे पर जाम लगा दिया। कई अन्य वाहनों में भी तोड़फोड़ की। तीन सिपाही मामूली रूप से चोटिल हुए हैं। एसपी खुद मौके पर पहुंचे।

घटना शुक्रवार सुबह करीब नौ बजे की है। भीरा-पलिया हाईवे के किनारे महावत समुदाय के लोग रहते हैं। यहीं का शिव कुमार कच्ची शराब बनाने के मामले में फरार चल रहा था। शुक्रवार को दरोगा जुबेर खां के नेतृत्व में पुलिस टीम ने उसे पकड़ लिया और गाड़ी में बैठा कर थाने ले जाने लगे। तभी उसके परिवार व समुदाय के लोग लाठी-डंडे लेकर आ गए। महिलाएं पुलिस की गाड़ी के आगे लेट गईं। आरोपी शिवकुमार मौका पाकर भाग गया। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने पुलिस के साथ मारपीट से इनकार किया है।

शराब नीति के मामले में गिरफ्तारी के बाद ईडी ने मांगी थी दिल्ली के मुख्यमंत्री की 10 दिन की रिमांड, मिली 6 दिन की

केजरीवाल को 28 मार्च तक ईडी की हिरासत में भेजा

नई दिल्ली, एजेंसी

शराब नीति से जुड़े धन शोधन के मामले में गिरफ्तारी के एक दिन बाद शुक्रवार को यहां की एक कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 28 मार्च तक ईडी की हिरासत में भेज दिया।

राउज एवेन्यू अदालत में विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने कहा कि केजरीवाल को 28 मार्च को दोपहर दो बजे अदालत में पेश किया जाएगा। अदालत ने मामले में 10 दिन की हिरासत का अनुरोध करने वाले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अर्जी पर छह दिन रिमांड का आदेश पारित किया। गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट से याचिका वापस लिए जाने के तुरंत बाद केजरीवाल को निचली अदालत में पेश किया गया। ईडी ने 10 दिन की हिरासत का अनुरोध करते हुए कहा कि वह शराब घोटाले के मामले में अन्य मंत्रियों और आप के नेताओं के साथ मुख्य साजिशकर्ता थे। ईडी ने कहा कि केजरीवाल को दिल्ली शराब नीति 2021-22 बनाने और उसे लागू करने के लिए 'साउथ ग्रुप' से रिश्वत के तौर पर कई करोड़ रुपये प्राप्त हुए। एजेंसी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एस.वी. राजू ने कहा कि केजरीवाल ने पंजाब चुनाव लड़ने के लिए 'साउथ ग्रुप' के कुछ आरोपियों से 100 करोड़ रुपये मांगे थे। गोवा चुनाव में इस्तेमाल की गई 45 करोड़ रुपये की 'रिश्वत' चार हवाला मार्गों से आई थी।

- ईडी ने कहा-शराब नीति मामले में केजरीवाल मुख्य साजिशकर्ता

आप होली नहीं मनाएगी

आम आदमी पार्टी (आप) के नेता गोपाल राय ने शुक्रवार को कहा कि इस साल उनकी पार्टी होली नहीं मनाएगी और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ विरोध दर्ज कराने के लिए 26 मार्च को प्रधानमंत्री आवास का घेराव करेगी।

'आप' एक व्यक्ति नहीं बल्कि कंपनी : एएसजी

आम आदमी पार्टी संयोजक को अपराह्न करीब दो बजे अदालत के समक्ष पेश किया गया। इसके बाद एएसजी राजू ने अदालत से कहा कि हमने 10 दिन की रिमांड के लिए आवेदन दिया है। उन्होंने कहा कि 'आप' एक व्यक्ति नहीं बल्कि 'कंपनी' है और कंपनी के आचरण के लिए जिम्मेदार हर व्यक्ति को जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

गिरफ्तारी की आवश्यकता नहीं थी : सिंघवी

केजरीवाल का पक्ष रखते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि भारत के इतिहास में यह पहली बार है कि किसी मौजूदा मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तारी की शक्ति, गिरफ्तारी की आवश्यकता के समतुल्य नहीं है और केजरीवाल को गिरफ्तार किए जाने की आवश्यकता नहीं थी।

केजरीवाल बोले- जेल से सरकार चलाऊंगा

केजरीवाल ने कोर्ट परिसर में कुछ मीडिया कर्मियों से कहा कि वे इस्तीफा नहीं देंगे। यदि ऐसी नौबत आई तो जेल में ही रहकर सरकार चलाएंगे। कुछ विधि विशेषज्ञों का भी मानना है कि केजरीवाल के मुख्यमंत्री पद पर बने रहने पर कानूनन कोई रोक नहीं है। वहीं कुछ का कहना है कि प्रशासनिक तौर पर यह लगभग असंभव होगा। आप ने भी कहा है कि केजरीवाल मुख्यमंत्री बने रहेंगे, जरूरत पड़ी तो वह जेल से ही सरकार चलाएंगे।

रमज़ान मुबारक
बारहवां रोज़ा इफ्तार - 23 मार्च 2024
सुन्नी - 06:29 बजे | शिया- 06:37 बजे
तेरहवां रोज़ा सहरी - 24 मार्च 2024
सुन्नी - 04:49 बजे | शिया- 04:41 बजे
नोट:- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।
माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद
An ISO 9001:2015 Certified Company
NOOR GLASS FABRICATION
If U Can Dream We Can Build
Bajrang Dhaba, Opp. SBI Bank, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
9761560515
e-mail : ahmadmuneer13@gmail.com
website : www.noorglassfabrication.com

मदरसा शिक्षा एक्ट असंवैधानिक

- हाईकोर्ट ने कहा-यह अधिनियम संविधान के पंथ निरपेक्षता के मूल सिद्धांत के विपरीत
- सरकार को निर्देश-मदरसा छात्रों को प्राइमरी और माध्यमिक बोर्ड के विद्यालयों में दें प्रवेश

विधि संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम, 2004 को असंवैधानिक घोषित कर दिया है। कोर्ट ने अधिनियम को संविधान के पंथ निरपेक्षता के मूल सिद्धांतों, संविधान के अनुच्छेद 14 के तहत समानता, अनुच्छेद 21 के तहत जीवन व अनुच्छेद 21-ए के तहत शिक्षा के मौलिक अधिकारों के विपरीत करार दिया है। साथ ही यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन एक्ट की धारा 22 के भी विरुद्ध पाया है। कोर्ट ने राज्य को यह आदेश भी दिया है कि मदरसा अधिनियम के समाप्त होने के बाद प्रदेश में बड़ी संख्या में मौजूद मदरसों में पढ़ने वाले छात्र प्रभावित होंगे लिहाजा उन्हें प्राइमरी, हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड्स से सम्बद्ध स्कूलों में समायोजित किया जाए। कहा कि सरकार पर्याप्त संख्या में सीटें बढ़ाए और आवश्यकता हो तो नए स्कूल खोले। सरकार सुनिश्चित करे कि 6 से 14 साल का कोई बच्चा मान्यता प्राप्त विद्यालयों में दाखिले से न छूट जाए।

यह निर्णय न्यायमूर्ति विवेक चौधरी और न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने अधिवक्ता अंशुमान सिंह राठौर की याचिका पर पारित किया। उक्त याचिका के साथ न्यायालय ने एकल पीठों द्वारा भेजी गई उन याचिकाओं पर भी सुनवाई जिनमें मदरसा बोर्ड अधिनियम की संवैधानिकता का प्रश्न उठाते हुए, बड़ी बेंच को मामले भेजे गए थे। याचिकाओं पर न्यायालय ने 8 फरवरी 2024 को ही सुनवाई पूरी कर निर्णय सुरक्षित कर लिया था।

2004 में बनाया गया यूपी मदरसा एजुकेशन एक्ट

न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा कि स्वतंत्रता के पश्चात निजी मदरसों का संचालन प्रदेश में होता रहा। ये मदरसे राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं थे। वर्ष 1969 में पहली बार अरबी व फारसी मदरसा मान्यता विनियम लाया गया। इसके तहत मदरसों के पंजीकरण की व्यवस्था शुरू हुई। वर्ष 1987 में यूपी अशासकीय अरबी तथा फारसी मदरसों की मान्यता नियमावली लाई गई। 12 अगस्त 1995 के शासनादेश के द्वारा प्रदेश में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग का गठन हुआ, उक्त विभाग के तहत मदरसों के लिए आने वाली योजनाएं व अन्य क्रिया कलाप किए जाने लगे। वर्ष 2004 में यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट बनाया गया।

पारंपरिक शिक्षा के लिए नियम बना सकती है सरकार

राज्य सरकार व मदरसा बोर्ड की ओर से दलील दी गई कि सरकार को पारम्परिक शिक्षा प्रदान करने के लिए नियम बनाने की शक्ति है। इस पर कोर्ट ने कहा कि सरकार के पास यह शक्ति जरूर है लेकिन दी जाने वाली शिक्षा पंथ निरपेक्ष प्रकृति की होनी चाहिए, सरकार के पास ऐसी कोई शक्ति नहीं है जिसके तहत वह धार्मिक शिक्षा के लिए बोर्ड का गठन कर दे। एमिकस क्यूरी ने भी दलील दी कि शिक्षा के अधिकार के तहत सरकार 6 से 14 वर्ष के बच्चों को ऐसी शिक्षा दे सकती है जो यूनिवर्सल हो ।

अलग मजहब के बच्चों में अंतर नहीं कर सकते

याचिका में मदरसा अधिनियम को संविधान के पंथ निरपेक्ष ढांचे के विपरीत बताया गया। कहा गया कि अधिनियम में यह स्पष्ट ही नहीं है कि एक विशेष धर्म की शिक्षा के लिए अलग से सरकारी बोर्ड बनाने की आवश्यकता क्यों पड़ी। कोर्ट ने कहा कि शिक्षा के मौलिक अधिकार के तहत राज्य का दायित्व है कि वह 6 से 14 वर्ष के सभी बच्चों को अनिवार्य शिक्षा दे, वह अलग-अलग मजहब के बच्चों के बीच अंतर नहीं कर सकती। राज्य यह नहीं कर सकता कि किसी विशेष धर्म के बच्चे को बाकियों से अलग शिक्षा दे। धार्मिक आधार पर समाज को बांटने वाली राज्य की नीति संवैधानिक सिद्धांतों के विपरीत होती है।

न्यायालय ने कहा- मदरसों में अरबी, उर्दू के साथ दी जाती है इस्लामिक शिक्षा

न्यायालय ने कहा कि उक्त अधिनियम की धारा 2 एफ के तहत 'संस्थान' से आशय राजकीय ओरिएंटल कॉलेज रामपुर, मदरसा व वे ओरिएंटल कॉलेज जो मुस्लिम द्वारा स्थापित किए गए हों और मदरसा बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त हों। धारा 2 एच में मदरसा शिक्षा के तहत अरबी, उर्दू आदि के साथ इस्लामिक शिक्षा भी आती है। बोर्ड की स्थापना के प्रावधानों के तहत बोर्ड का अध्यक्ष मुस्लिम शिक्षाविद होगा। सदस्यों में राजकीय ओरिएंटल कॉलेज, रामपुर का प्रिंसिपल, सुन्नी मुस्लिम विधायक, शिया मुस्लिम विधायक, सुन्नी मुस्लिम द्वारा स्थापित संस्थान के दो प्रमुख व दो अध्यापक, शिया मुस्लिम द्वारा स्थापित संस्थान का एक प्रमुख व एक अध्यापक होंगे।

जांच का सामना कर रहीं 41 कंपनियों से भाजपा को मिले 2471 करोड़

नई दिल्ली, एजेंसी

चुनावी बॉण्ड मामला

सीबीआई, ईडी और आयकर विभाग (आईटी) की जांच का सामना कर रही 41 कंपनियों ने चुनावी बॉण्ड के माध्यम से भाजपा को 2,471 करोड़ रुपये दिए और इनमें से 1,698 करोड़ इन एजेंसियों के छापों के बाद दिए गए। सुप्रीम कोर्ट में चुनावी बॉण्ड योजना को चुनौती देने वाले कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को यह दावा किया। मीडिया को संबोधित करते हुए याचिकाकर्ताओं के वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि कम से कम 30 फर्जी कंपनियों ने 143 करोड़ रुपये से अधिक के चुनावी बॉण्ड खरीदे।

उन्होंने कहा कि सरकार से 172 प्रमुख अनुबंध और परियोजना हासिल करने वाले 33 समूहों ने भी चुनावी बॉण्ड के माध्यम से दान दिया है। आरोप लगाया कि भाजपा को चुनावी बॉण्ड के माध्यम से 1,751 करोड़ रुपये का चंदा देने के बदले में उन कंपनियों को परियोजनाओं और अनुबंधों में कुल 3.7 लाख करोड़ रुपये मिले हैं। भूषण ने यह भी दावा किया कि छापेमारी के तुरंत बाद तीन महीने में 121 करोड़ रुपये दिए गए। भूषण ने दावा किया कि कल्पतरु समूह ने पिछले साल तीन अगस्त को आईटी विभाग की छापेमारी के तीन महीने के भीतर भाजपा को 5.5 करोड़ रुपये दिए थे। यह भी कहा कि फ्यूचर गेमिंग ने क्रमशः 12 नवंबर, 2023 और एक दिसंबर, 2021 को आईटी और ईडी द्वारा छापा मारे जाने के तीन महीने के भीतर भाजपा को 60 करोड़ रुपये दिए। अरबिंदो फार्मा ने 2022 को ईडी के छापे के तीन महीने के भीतर भाजपा को पांच करोड़ रुपये दिए।



चार श्रेणियों में किया गया भ्रष्टाचार

भूषण ने चुनावी बॉण्ड योजना को स्वतंत्र भारत का सबसे बड़ा घोटाला बताते हुए आरोप लगाया कि इसके जरिये चार श्रेणियों में भ्रष्टाचार किया गया। पहला है- चंदा दो, धंधा लो। दूसरा है- हफ्ता-वसूली, तीसरा है ठेका लो, रिश्वत दो और चौथा है- फर्जी कंपनी।

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
एम. के. वन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

SELECTION POINT
The Complete Family Store
दूल्हे हम सजाते हैं।
डिजाइनर सूट | शेरवानी | जोधपुरी
कुर्ता पायजामा | डिजाइनर शर्ट
45, Civil Lines, Bareilly 8266800220
D.D. Puram, Bareilly 7088300050

बंगाल में मंत्री के घर ईडी का छापा

- स्कूल भर्ती घोटाला मामले में केंद्रीय एजेंसी ने की कार्रवाई

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल में कथित स्कूल भर्ती घोटाले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक दल ने शुक्रवार को राज्य के मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा के बीरभूम जिले के बोलपुर स्थित आवास पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि ईडी की टीम केंद्रीय बलों की एक टुकड़ी के साथ सुबह करीब सवा नौ बजे सिन्हा के आवास पर पहुंची और इसने तलाशी अभियान शुरू किया। ममता बनर्जी सरकार में एमएसएमई और कपड़ा मंत्रालय का प्रभार संभालने वाले सिन्हा उस समय करीब 90 किलोमीटर दूर मुरारई में अपने पैतृक घर पर थे।

बोलपुर से जाते समय मंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि वे जांच एजेंसी के साथ सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि मैंने कुछ भी गलत नहीं किया है। जब तक मैं वहां पहुंचकर अधिकारियों से बात नहीं करूंगा, मैं नहीं बता पाऊंगा कि क्या हो रहा है। एक अधिकारी ने बताया कि स्कूल भर्ती घोटाले में कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में मंत्री के आवास पर तलाशी ली गई।

हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया

कलकत्ता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को आदेश दिया कि स्कूल भर्ती घोटाले में कुछ आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी देने में देरी को लेकर पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को नोटिस जारी किया जाए। इस मामले में पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी समेत कई लोग गिरफ्तार किए गए हैं। पूर्व लोकसेवकों की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए अदालत ने मुख्य सचिव को एक समयसीमा के भीतर उसके समक्ष एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया, जिसमें यह बताया जाए कि वह मामले पर स्वतंत्र रूप से निर्णय ले रहे हैं। न्यायमूर्ति जॉयमाला बागची की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि मुकदमा चलाने की मंजूरी पर निर्णय लेने में देरी गंभीर खेद का विषय है।

रिजर्व बैंक के कार्यालय 30, 31 मार्च को खुले रहेंगे

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक के सरकारी कामकाज से संबंधित कार्यालय और एजेंसी बैंकों की सभी नामित शाखाएं चालू वित्त वर्ष के अंतिम दो दिन 30 और 31 मार्च को सामान्य कामकाजी घंटों के अनुरूप खुली रहेंगी। सरकारी खातों की वार्षिक बंदी को देखते हुए रिजर्व बैंक ने एक बयान में कहा, इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन 30 मार्च और 31 मार्च को शनिवार और रविवार होने के बाद भी निर्धारित समय तक किए जा सकते हैं। आरबीआई की ओर से कहा गया कि एनईएफटी और आरटीजीएस प्रणाली के माध्यम से लेनदेन 31 मार्च, को रात 12 बजे तक जारी रहेगा।

हुरंगा की तैयारी

मथुरा में श्री दाऊजी महाराज का विश्वप्रसिद्ध हुरंगा 26 मार्च को है। इससे पहले जमकर तैयारी चल रही है। इसी दौरान महारास करतीं हुरियारिनें।

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
फेस्टिवल ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

बिहार में निर्माणाधीन पुल का हिस्सा ढहा, एक श्रमिक की मौत, नौ घायल

सुपौल/पटना, एजेंसी

बिहार के सुपौल जिले में शुक्रवार तड़के एक निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा ढह जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और नौ लोग घायल हो गए। बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि सुपौल और मधुबनी जिले के भेजा-बकौर के बीच कोसी नदी पर निर्माणाधीन पुल के एक हिस्से के गिरने की सूचना मिली है। प्रशासन को घायलों की मदद करने और समुचित मुआवजा देने का निर्देश दिया गया है।

सिन्हा ने कहा कि पुल गिरने की जांच कराई जाएगी और दोषी अभियंताओं और कार्यरत कंपनी के विरुद्ध नियम अनुसार जांच की जाएगी। जिम्मेदारों पर विधि सम्मत कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि हम एनएचएआई के अधिकारियों से संपर्क में हैं।

- सुपौल जिले में कोसी नदी पर बनाया जा रहा है पुल, अधिकारी पहुंचे, जांच के निर्देश

एनएचएआई के क्षेत्रीय अधिकारी वाईबी सिंह ने कहा कि बिहार के मधुबनी और सुपौल जिलों में भेजा और बकौर के बीच पुल का निर्माणाधीन स्पैन ढह गया है। कुल 10 मजदूर फंसे हुए थे। अस्पताल ले जाते समय एक की मौत हो गई और अन्य 9 को मामूली चोटें हैं। एनएचएआई के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।

एएसआई ने शुरू किया भोजशाला परिसर का सर्वे

धार (मप्र)। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के एक दल ने शुक्रवार को मध्य प्रदेश के आदिवासी बहुल धार जिले में स्थित विवादास्पद भोजशाला/कमाल मौला मस्जिद परिसर का सर्वेक्षण शुरू किया। एएसआई के दल में 10 से अधिक सदस्य शामिल हैं। एएसआई का यह दल सुबह परिसर में पहुंचा, इस दल के साथ स्थानीय पुलिस और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी थे। मामले में याचिकाकर्ताओं में से एक आशीष गोयल एएसआई के दल के साथ मौजूद थे। गोयल ने बताया कि एएसआई दल ने दोपहर तक काम किया और फिर परिसर से चले गए। हिंदू और मुस्लिम दोनों ही इस स्थल को उपासना स्थल मानते हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या मुसलमानों को स्थल पर उपासना करने की अनुमति दी जाएगी, धार के पुलिस अधीक्षक (एसपी) मनोज कुमार सिंह ने कहा कि मंगलवार को पूजा और शुक्रवार को नमाज प्रथा के अनुसार आयोजित की जाएगी।

- परंपरा के अनुसार जारी रहेगी पूजा और नमाज

मकसद अधूरा | राशन कार्ड से वंचित परिवारों के बनने हैं फैमिली आईडी

एक परिवार-एक पहचान से भी वंचित परिवार

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- लखनऊ, मिर्जापुर, आजमगढ़, कन्नौज समेत कई जिलों की प्रगति खराब

अमृत विचार : प्रदेश में राशन कार्ड से वंचित परिवारों को फैमिली आईडी देकर एक परिवार-एक पहचान देने के प्रयास तो पूरे हैं, लेकिन मकसद अधूरा है। जिलों पर पहचान को मोहताज कुल 2,30,857 परिवारों ने ऑनलाइन आवेदन तो किए लेकिन, 95,192 ही स्वीकृत हो पाए। आवेदनों का निस्तारण व फैमिली आईडी बनाकर देने की प्रगति बेहद कम है। इस वजह से ज्यादातर जिलों में वंचित परिवारों को समय से फैमिली आईडी नहीं मिल पाई है। सबसे खराब प्रगति लखनऊ, मिर्जापुर, आजमगढ़, सहारनपुर, सोनभद्र, महोबा व कन्नौज समेत अन्य जिलों की है। जिस पर शासन ने चिंता जताई है और प्रमुख सचिव नियोजन विभाग आलोक कुमार ने सभी जिलाधिकारी को प्राप्त आवेदनों का सत्यापन करने के साथ नियमित समीक्षा के निर्देश दिए हैं। जो विभिन्न स्तरों से लंबित आवेदनों का रियल टाइम स्टेटस प्राप्त करेंगे।

इन जिलों में भी इतने आवेदन लंबित

मुरादाबाद 2608, कानपुर नगर 654, बरेली 446, बदायूं 301, फर्रुखाबाद 324, फतेहपुर 516, अयोध्या 462, पीलीभीत 208, रामपुर 97

ये प्रदेश की प्रगति

कुल आवेदन :	2,30,857
स्वीकृत आवेदन :	95,192
अस्वीकृत आवेदन :	91,935
कुल लंबित आवेदन :	43,730

एक विशिष्ट पहचान पत्र देने की कवायद : दरअसल, अध्यासित परिवारों के राशन कार्ड ही संख्या ही उनकी फैमिली आईडी है। ऐसे कई परिवार हैं, जिनके राशन कार्ड नहीं है। इनको फैमिली आईडी देकर पहचान देना है। इसके लिए पोर्टल विकसित किया गया है।

इन जिलों में सबसे ज्यादा आवेदन लंबित

जिला	कुल	लंबित
लखनऊ	5472	3002
आजमगढ़	5942	3302
मिर्जापुर	2553	2152
सहारनपुर	4176	1073
सोनभद्र	1063	756
महोबा	1451	791
कन्नौज	1651	684

मकसद पहचान देने के साथ-साथ परिवारों लाभार्थीपरक योजना का लाभ देना है।

बिना ऑपरेशन गुर्दे की पथरी का इलाज होम्योपैथी द्वारा

सिन्कोना होम्योपैथिक सेन्टर

डा. ब्रजेश कुमार
होम्योपैथिक फिजीशियन
बी.एच.एम.एस.
(आगरा)

सम्पर्क करें :
9058575790
8077383286

- चर्म रोग (सोराइसिस, दाद, एक्जीमा, मस्से इत्यादि)
- बच्चों का रात में बिस्तर गीला कर देना
- बालों का झड़ना, गंजापन, बालों की सफेदी
- महिलाओं की माहवारी सम्बन्धित समस्याऐं ल्यूकोरिया आदि
- बवासीर, फिशर
- मानसिक रोग (डिप्रेशन)
- चेहरे के कील, मुहांसे
- मिर्गी
- माइग्रेन (आधे सिर का दर्द)
- ब्लड प्रेशर, शुगर
- सियाटिका का दर्द
- मानसिक दुर्बलता
- मोटापा
- पेट संबंधी रोग, जिगर के रोग
- साइनस
- टॉसिल का बढ़ जाना
- थायराइड
- जोड़ों का दर्द
- गुप्त रोग

पता :
116 बी-1, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, (निकट संजय नगर पेट्रोल पम्प) बरेली

समय :
सोमवार से शनिवार
प्रातः 11 बजे से 4 बजे तक, शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक
रविवार
12 बजे से 2 बजे तक

ओम शान्ति हॉस्पिटल

डॉ. पुलकित अग्रवाल
M.B.B.S., D.L.O., D.N.B. (ENT)
(नाक, कान, गला, थायराइड व कैंसर रोग विशेषज्ञ)

रिसर्च इंस्टीट्यूट से नवीनतम टेक्नोलॉजी की विशेष ट्रेनिंग प्राप्त दूरबीन विधि द्वारा नाक, कान, गले के सभी ऑपरेशन में माहिर

- कान का बहना, कम सुनाई देना
- चक्कर आना
- सिर में दर्द
- नाक, कान, गले में चुभन या दर्द होना
- नाक बंद होना, सायनस की समस्या, नाक से खून आना, अत्याधिक छींक आना
- सोते समय खर्राटे आना
- आवाज का बैठ जाना
- मुंह न खुलना
- चेहरे पे दाग या दाने होना, आंखें व चेहरे का भारीपन होना
- खाना निगलने में दिक्कत, मुँह में छाले
- गले में गाँठें

नाक, कान व गले के ऑपरेशन जैसे:-
- कान के पर्दे में छेद
- नाक में टेढ़ी या बढ़ी हुई हड्डी
- गले में टांसिल
- मुँह में कैंसर
- गले में घेंघा या अन्य किसी तरह की गांठ
- लार ग्रंथि में पथरी से आई सूजन
- नाक अथवा जबड़े की टूटी हड्डी
- गले में मांस के कारण बैठी आवाज
- आँख में नासूर का बिना चीरे के ऑपरेशन

दूरबीन द्वारा आधुनिक विधि से कान के पर्दे का चीरा व टाँका रहित ऑपरेशन

मुंह से आंतों तक की दूरबीन विधि की आधुनिक जाँच (ENDOSCOPY CENTRE)

दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा एलर्जी का जड़ से इलाज (Immunotherapy)

डॉ. प्रियांशी अग्रवाल
BDS, FDIP, MIDA
(दन्त रोग विशेषज्ञ व इम्प्लांटोलॉजिस्ट)

उपलब्ध सुविधायें
- दाँतों का डिजिटल X-Ray
- दाँतों की नस का इलाज (RCT)
- अत्याधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई (Ultrasonic Scaling)
- दाँतों के कलर की फिलिंग व चाँदी भरना
- फिक्स दाँत (Bridges)
- बत्तीसी बनाना (Complete Denture)
- बिना दर्द के दाँत निकालना
- लेजर द्वारा दाँत के कलर का मसाला भरना (Composite Filing)
- हड्डी में फिक्स दाँत लगाना (Dental Implant)
- टेढ़े-मंढ़े दाँतों का इलाज (Orthodontic Treatment)
- बच्चों के दाँतों की सभी बीमारियों का इलाज

विभाग :- नाक, कान, गला रोग • दन्त रोग • हड्डी व जोड़ रोग • चर्म रोग • जनरल फिजीशियन

24 घण्टे भर्ती एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

ओम शान्ति हॉस्पिटल
निकट बरेली कॉलेज मेन गेट, काली बाड़ी, बरेली
7500692860

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
- प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP)
- गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL)
- गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL)
- पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज

आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन

डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG + ECHO + TMT + HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- • घबराहट • छाती में दर्द या भारीपन • सांस फूलना • पैरों में सूजन • हाई ब्लडप्रेशर • हाई कोलेस्ट्रोल • डाइबिटीज (शुगर) • सीने या पेट में जलन या दर्द • हार्ट अटैक • हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली

NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सर्फेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, पीलिया का इलाज, दिमागी बुखार, मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

प्राइम हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
नरियावल बाजार के सामने, बिथरीचैनपुर रोड, नरियावल, बरेली
- मेडिसिन विभाग
- सर्जरी विभाग
- स्त्री एवं प्रसूति विभाग
- मानसिक रोग विभाग
- हड्डी रोग विभाग
- न्यूरो विभाग
- बाल रोग विभाग

आयुष्मान योजना के तहत फ्री ऑपरेशन व इलाज
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध

डॉ. मिनहाज अली खान एम.डी.
7302532226, 9758044442

डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MINAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
भूतपूर्व चिकित्सक-
शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
TIME : 10:00 AM TO 5:00 PM
8077344353
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव

अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, रेड टेप शोरूम के बराबर में, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

दस महीने से मानदेय न मिलने पर रोजगार सेवकों का प्रदर्शन

विकास भवन में पांच घंटे धरना, बोले- पेट भरना तक मुश्किल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : करीब दस महीने से बकाया मानदेय न मिलने से नाराज रोजगार सेवकों ने शुक्रवार को विकास भवन में जोरदार प्रदर्शन किया। सभी ब्लॉकों से पहुंचे रोजगार सेवकों ने करीब पांच घंटे तक धरना दिया और जमकर नारेबाजी की। एडीएम के समझाने पर भी रोजगार सेवक नहीं माने और डीसी मनरेगा को बुलाने की जिद पर अड़े रहे। डीसी मनरेगा ने जल्द ही मानदेय जारी कराने का आश्वासन दिया।

जिले में 778 के करीब रोजगार सेवक हैं। उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार सेवक संघ के जिलाध्यक्ष गंगादीन कश्यप के अनुसार दस महीने से रोजगार सेवकों को मानदेय नहीं मिला है। एक रोजगार सेवक का प्रतिमाह 7788 रुपये मानदेय है। सभी रोजगार सेवकों का छह करोड़ रुपये से अधिक का मानदेय बकाया हो चुका है। लंबे समय से मांग करने के बाद भी अफसरों ने कोई संज्ञान नहीं लिया। जिलाध्यक्ष की अगुवाई में सुबह 10.30 बजे के करीब काफी संख्या में ब्लॉकों से रोजगार सेवक विकास भवन पहुंचे। उस समय चुनाव को लेकर बैठक होने जा रही थी, जिससे रोजगार सेवकों की डीएम से मुलाकात नहीं हो सकी। इस पर रोजगार सेवक वहां से चले गए।

विकास भवन में मानेदय की मांग को लेकर धरने पर बैठे रोजगार सेवक।

- एडीएम के समझाने पर भी नहीं माने, डीसी मनरेगा को बुलाने की जिद पर अड़े रहे

दोबारा रोजगार सेवक विकास भवन पहुंचे तब तक बैठक खत्म हो चुकी थी। एडीएम प्रशासन ने उन्हें मानदेय मिलने का आश्वासन दिया, लेकिन वे लोग नहीं माने और विकास भवन में ही धरने पर बैठ गए। जिलाध्यक्ष के मुताबिक रोजगार सेवकों के आने की जानकारी पाकर डीसी मनरेगा कुछ देर के लिए रुके लेकिन गोलमोल बातें कर चले गए। रोजगार सेवकों ने कहा कि होली का पर्व करीब है। 10 माह से मानदेय नहीं मिला है, ऐसे में परिवार कैसे चलाएंगे। रोजगार सेवक डीसी मनरेगा के आने की जिद पर अड़े रहे। चार बजे के बाद डीसी मनरेगा पहुंचे और रोजगार सेवकों की बात सुनी। रोजगार सेवकों ने मानदेय और कर्मचारी भविष्य निधि खाते में जमा करने की मांग की। डीसी मनरेगा ने जल्द ही मांगे पूरी करने का आश्वासन दिया। इस दौरान सुधांशु शर्मा, नरेंद्र गंगवार, बबलू गंगवार, राजाराम दिवाकर, पूरन मौर्य, नंदलाल, दिग्विजय सिंह, ममता राजपूत, आशा, नीता सिंह, प्रियंका शर्मा, दिनेश सिंह, महेश आदि मौजूद रहे।

> मानदेय न मिलने से रोजगार सेवक गुस्से में थे। जल्द मानदेय जारी हो जाएगा। –मो. हसीब अंसारी, डीसी मनरेगा

होली पर जीएसटी चोरी करने वाली फर्मों की विभाग कर रहा निगरानी

बरेली, अमृत विचार : होली पर जीएसटी विभाग ने तेल, घी, मिठाई, रंगों आदि का कारोबार करने वाली फर्मों की निगरानी बढ़ा दी है। विभाग के कर्मचारी ऐसी फर्मों के व्यापार स्थलों पर जाकर रेकी भी करेंगे जहां जीएसटी चोरी की संभावना होगी। इसके बाद निरीक्षण कर जांच की जाएगी। विभाग का कहना है कि होली पर इन फर्मों का कारोबार तो बढ़ता है लेकिन जीएसटी रिटर्न में इसे दाखिल नहीं किया जाता है। एडिशनल कमिश्नर ग्रेड वन ओपी चौबे ने बताया कि त्योहार पर कुछ ऐसी फर्में होती हैं जिनकी दो से तीन गुना तक बिक्री बढ़ा जाती है। इनमें कुछ फर्म अपने टर्नओवर को कम दर्शाकर बिना बिल के माल बिक्री कर जीएसटी चोरी करती हैं। पिछले साल दिवाली पर भी ऐसा करने वाली फर्मों पर कार्रवाई कर जुर्माना वसूला गया था। उन्होंने कहा कि दुकानदार सामान का बिल जरूर दें। टैक्स चोरी करने वालों पर कार्रवाई के लिए विभाग की टीमों को निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

शिक्षक का निलंबन निरस्त कर सेवा की बहाल

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने जांच के बाद एसबीडी महिला महाविद्यालय धामपुर बिजनौर की महिला शिक्षक डॉ. आभा अग्रवाल का निलंबन निरस्त कर सेवा बहाल करने का आदेश प्रबंध समिति को दिया है। राजनीति शास्त्र विज्ञान की एसोसिएट प्रोफेसर आभा अग्रवाल को 11 अगस्त 2018 को कॉलेज प्रबंधन ने अभद्रता समेत अन्य आरोपों में निलंबित किया गया था। इसके बाद उन्हें बर्खास्त कर दिया गया था। इस पर उन्होंने विश्वविद्यालय अधिनियम के तहत निलंबन को रद्द करने की अपील की थी। उन्होंने राज्यपाल के यहां आवेदन के अलावा हाईकोर्ट में भी रिट की थी। कुलपति की जांच के दौरान कॉलेज प्रबंध समिति का कोई भी सदस्य बार-बार बुलाने पर भी उपस्थित नहीं हुआ।

त्योहार की वजह से जिला अस्पताल में घटी ओपीडी

बरेली, अमृत विचार : रमजान और होली के त्योहार की वजह से सरकारी अस्पतालों में ओपीडी घट गई है। शुक्रवार को जिला महिला अस्पताल में 30 फीसदी मरीजों की संख्या कम रहीं है। ओपीडी में जहां अन्य दिनों में 400 से 500 मरीज पहुंचते थे लेकिन शुक्रवार को सिर्फ 250 मरीज ही पहुंचे। इसके अलावा जिला अस्पताल में दोपहर 12 बजे के बाद ही ओपीडी परिसर में सन्नाटा पसर गया। इस दौरान एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। जिला अस्पताल में दूसरे जिलों में रहने वाला नर्सिंग स्टाफ अवकाश के लिए परेशान है। एडीएसआईसी ने स्टाफ की कमी की वजह से कई नर्सिंग स्टाफ के अवकाश के आवेदन निरस्त कर दिए।

मूल्यांकन ड्यूटी न करने पर प्रधानाचार्य का वेतन रोका

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नबावगंज के प्रधानाचार्य ने क्षेत्रीय कार्यालय में दिया था प्रार्थना पत्र

अमृत विचार : इस्लामिया इंटर कॉलेज में निरीक्षण के दौरान डीआईओएस ने नवाबगंज के एक प्रधानाचार्य को मूल्यांकन ड्यूटी में अनुपस्थित पाया। जब इसका कारण पूछा गया तो सामने आया है कि प्रधानाचार्य होने की वजह से ड्यूटी नहीं की। इस पर डीआईओएस ने प्रधानाचार्य का सात दिन का वेतन रोक दिया है।

निरीक्षण के दौरान डीआईओएस को उप नियंत्रक ने बताया कि डीएचई के रूप में तैनात किए गए जेपीएन इंटर कॉलेज नवाबगंज के प्रधानाचार्य डॉ. लाल बहादुर पिछले आठ दिनों से अनुपस्थित हैं। प्रधानाचार्य तौकीर अहमद ने बताया कि 15 मार्च को डॉ. लाल बहादुर ने क्षेत्रीय कार्यालय पर प्रार्थना पत्र दिया गया था, जिसमें उन्होंने स्वयं को प्रधानाचार्य के पद पर तैनात हैं कहते हुए स्वयं को मूल्यांकन कार्य से दूर रखने का निवेदन किया। जानकारी पर पता लगा कि क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से उन्हें जवाब दिया गया कि परिषद विनियम में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि विद्यालयों के शिक्षक ही मूल्यांकन करेंगे और प्रधानाचार्य को मूल्यांकन कार्य से मुक्त रखा जाएगा।

इसके साथ ही उनके अनुपस्थित रहने की सूचना मानव संपदा पोर्टल पर भी नहीं है। इस संबंध में डीआईओएस देवकी सिंह ने बताया कि संबंधित प्रधानाचार्य का 16 मार्च से 22 मार्च तक अनुपस्थित रहने पर वेतन रोका गया है।

डाटा अपलोड न करने पर दिया जाएगा नोटिस

बरेली, अमृत विचार : स्कूलों में पढ़ने वाले सभी बच्चों का डाटा यू-डायस पोर्टल पर अपलोड करने की अंतिम तिथि 23 मार्च है। अभी भी कई स्कूलों का डाटा अपलोड नहीं हुआ है। डाटा अपलोड न करने वाले स्कूलों को डीआईओएस कार्यालय से नोटिस जारी किया जाएगा। इसके अलावा स्कूल की मान्यता निरस्त करने की संस्तुति कर रिपोर्ट माध्यमिक शिक्षा विभाग को भेजी जाएगी। जिले में सरकारी, निजी, अशासकीय 4469 स्कूलों को यू डायस पर छात्र-छात्राओं से संबंधित सारी जानकारी पोर्टल में अपलोड करनी है। अब तक पिछले साल के मुकाबले 91 प्रतिशत डाटा अपलोड हो चुका है। डीआईओएस देवकी सिंह ने बताया कि सभी स्कूलों को प्रत्येक वर्ष यू-डायस पोर्टल पर विद्यालय के पिछले वर्ष का परीक्षा परिणाम, छात्र संख्या, भौतिक सुविधाओं के रूप में शौचालय की स्थिति, पेयजल, बिजली, बाउंड्रीवाल, कक्षाओं की संख्या और स्थिति अपलोड करनी है। ऐसा नहीं करने पर कार्रवाई की जाएगी।

दो दिन में मूल्यांकन कर रिजल्ट देने की चुनौती

बरेली, अमृत विचार : बेसिक स्कूलों की परीक्षा के बाद दो दिन में मूल्यांकन कर परिणाम जारी करना किसी चुनौती से कम नहीं है। कम समय मिलने से शिक्षक परेशान हैं। 27 मार्च को परीक्षा समाप्त होने के बाद 28 और 30 मार्च को ही मूल्यांकन का समय शिक्षकों को मिल रहा है। 29 मार्च को गुड फ्राइडे का अवकाश है। जिले में परिषदीय विद्यालयों में करीब 9 हजार शिक्षक तैनात है। इन शिक्षकों को ढाई लाख से अधिक परीक्षार्थियों की उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन करना है। बीएसए संजय सिंह ने बताया कि विभाग की ओर से मूल्यांकन कर समन्वय बनाकर परिणाम जारी किया जाएगा।

मुंहपका और खुरपका की रोकथाम के लिए होंगे शोध

बरेली, अमृत विचार : भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान (आईवीआरआई) दूसरे संस्थानों से सहयोग पशु चिकित्सा के क्षेत्र में नए शोध करेगा। पशुओं की मुंहपका और खुरपका बीमारियों की रोकथाम के लिए अधिक शोध किए जाएंगे। अनुसंधान सलाहकार की बैठक में इसका निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व कुलपति असम कृषि विश्वविद्यालय और पूर्व उप महानिदेशक पशु विज्ञान डॉ. केएम बुजरबरुआ ने आईवीआरआई के बौद्धिक संपदा अधिकार पोर्टफोलियो और प्रौद्योगिकियों के व्यवसायीकरण में हुई प्रगति की सराहना की।निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त ने बताया कि उत्पादन बढ़ाने के लिए जर्म प्लाज्म में सुधार करने, कृत्रिम गर्भाधान की उन्नत तकनीकों को अपनाने, पशुओं और कुक्कुट की बीमारियों पर अधिक ध्यान केंद्रित करने, पशुओं की थनैला बीमारी की पहचान करने और इन पर शोध करने का सुझाव दिया। पीएमई प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. जी साई कुमार ने बताया कि देश के विभिन्न पशु चिकित्सा विशेषज्ञ संस्थान के शोध का आंकलन करेंगे, जिससे संस्थान के शोध को नई दिशा मिलेगी। संयुक्त निदेशक डॉ. एसके सिंह ने बताया कि पिछले चार साल में संस्थान ने पीपीआर गोट पोक्स कम्बाइंड वैक्सीन, एफएमडी मार्कर वैक्सीन, पीपीआर मार्कर वैक्सीन, डक प्लेग वैक्सीन को विकसित करने के साथ चार बीमारियों के नैदानिक भी बनाए। इन तकनीकी से 195 लाख का राजस्व प्राप्त हुआ। बैठक में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सहायक महानिदेशक पशु विज्ञान डॉ. अशोक कुमार, गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर के कुलपति डॉ. एमएस चौहान, गुरु अंगद देव पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय लुधियाना के डॉ. जेपीएस गिल, प्रकाश फूड्स, चेन्नई के अध्यक्ष डॉ. डीवीआर प्रकाश राव आदि मौजूद रहे।

बरेली कॉलेज में 27 तक अवकाश घोषित

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज में होली और गुड फ्राइडे का अवकाश घोषित कर दिया गया है। प्राचार्य प्रो. ओपी राय के मुताबिक 23 से 27 मार्च तक होली और 29 मार्च को गुड फ्राइडे का अवकाश रहेगा। जिन शिक्षकों और कर्मचारियों की लोकसभा चुनाव में ड्यूटी लगी है, वह जिला प्रशासन की अनुमति के बिना अवकाश पर नहीं जाएंगे।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा
गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

शहर में आज

- भाजपा कार्यालय पर युवा मोर्चा का होली मिलन समारोह दोपहर 1 बजे।
- बरेली फोटोग्राफर एसोसिएशन का होली पर कार्यक्रम सीआई पार्क में दोपहर 3 बजे।
- होटल रेडिसन में होली मिलन समारोह शाम 6 बजे।
- बड़ी बमनपुरी में रामलीला का मंचन शाम 8 बजे।
- मानव सेवा क्लब द्वारा बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभा डीडीपुरम स्मारक पर शाम 6 बजे।
- ऑल इंडिया कल्चर एसोसिएशन द्वारा महा मूर्ख सम्मेलन उपजा क्लब में दोपहर 3 बजे।

जमीन बेचने के बहाने महिला ने पांच लाख ठगे

बरेली, अमृत विचार : सुभाषनगर थाना क्षेत्र में एक प्रॉपर्टी डीलर से महिला ने जमीन बेचने के नाम पर पांच लाख रुपये ले लिए। जब प्रॉपर्टी डीलर ने महिला से पैसे मांगे तो उसने हनी ट्रैप में फंसाकर जेल भिजवाने की धमकी दी। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सिठौरा निवासी रिंकू सिंह के मुताबिक ईसाइयों की पुलिया कबीरगंज, बारादरी निवासी नेहा जैकब से उन्होंने 29 जनवरी 2021 को एक जमीन का इकरारनामा कराया था। युवती ने मोहल्ला कटरा चांद खां में अपनी भूमि बताकर फर्जी इकरारनामा किया। जब उन्होंने युवती से बैनामा कराने की बात की तो उसने धमकी दी और कहा कि हनी ट्रैप में दुष्कर्म का आरोप लगाकर जेल भिजवा दूंगी। उन्होंने जब तहसील में जाकर पता किया तो पता चला कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है। उन्होंने एसएसपी से शिकायत की। एसएसपी के आदेश पर सुभाष नगर पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

झांसा देकर एटीएम से निकाले चौदह हजार रुपये

बरेली, अमृत विचार : भमोरा में टाइल्स कारीगर से एटीएम से पैसे निकालने के दौरान ट्रांजक्शन चार्ज न लगने का झांसा देकर ठग ने एटीएम से 14 हजार रुपये निकाल लिए। कुछ घंटे बाद युवक ने दूसरे युवक को ठगने की कोशिश की तो उसे पकड़ लिया गया। चम्पतपुर निवासी अजीम ने बताया कि वह देवचरा में पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम पर पैसे निकालने गए थे। वहां पर उन्हें एक युवक मिला। उसने बताया कि उसके बताए तरीके से एटीएम से रुपये निकालने पर कोई चार्ज नहीं लगता है। इसी दौरान उसने उनका एटीएम कार्ड बदल लिया और पासवर्ड भी देख लिया। कुछ देर बाद उनके खाते से 14 हजार रुपये निकल गए। उन्होंने एटीएम से कई बार में पैसे निकालने का प्रयास किया लेकिन नहीं निकले। वह परेशान होकर बैंक पहुंचे तो पता चला कि उनका बैंक खाता खाली हो गया है।

झेलते रहिए जाम... क्योंकि इस शहर में पुल बनाना आसान है, अतिक्रमण हटाना नहीं

अस्पताल रोड पर फिर वही ड्रामा, अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम के लौटते ही फिर जहां के तहां बहाल हुए कब्जे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कमिश्नर, डीएम, एसएसपी के आदेश के बाद भी कब्जामुक्त नहीं हो पा रही सड़क
- इंदिरा मार्केट में अतिक्रमण हटाना शुरू किया तो दुकानदारों ने बंद कर दिया पूरा बाजार

अमृत विचार : जिला अस्पताल रोड पर शुक्रवार को एक बार फिर साबित हुआ कि अफसरों के लिए शहर में करोड़ों का पुल बनाना आसान है लेकिन अतिक्रमण हटाकर कोई रास्ता साफ कराना नहीं। कमिश्नर, डीएम, एसएसपी और नगर आयुक्त के आदेश के बाद भी भीषणअतिक्रमण से घिरे अस्पताल रोड पर शुक्रवार को नगर निगम की टीम एक बार फिर अवैध कब्जे हटाने पहुंची लेकिन टीम के लौटने के दो घंटे बाद भी सारे अवैध कब्जे फिर जहां के तहां दिखाई देने लगे।

शहर की लाइफ लाइन बताकर कुतुबखाना पुल तो बना दिया गया लेकिन उसके नीचे जिला अस्पताल रोड पर अतिक्रमण जरा भी कम नहीं हुआ है। इस वजह से पूरे दिन इस सड़क पर लोगों को जाम झेलना पड़ता है। इस सड़क से अतिक्रमण हटाने के लिए कमिश्नर की ओर से कई बार निर्देश दिए जा चुके हैं। नगर निगम की ओर से कई बार अतिक्रमण हटाने के बाद कोतवाली पुलिस एसएसपी को पत्र लिखकर आग्रह किया जा चुका है कि दोबारा अतिक्रमण न होने दिया जाए लेकिन फिर भी कभी दो दिन के लिए भी यह सड़क अवैध कब्जों से मुक्त नहीं रह पाई है।

नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी अभियान के प्रभारी ललतेश सक्सेना के साथ उनकी टीम शुक्रवार को फिर यहां अतिक्रमण हटाने पहुंची तो सड़क पर जमे फड़ और ठेले वालों में अफरातफरी मच गई। आननफानन सड़क पर फैला सामान समेटना शुरू किया गया। टीम इंदिरा मार्केट पहुंची जहां सड़क दोनों तरफ कब्जों से घिरी हुई थी। टीम को देखते ही यहां दुकानदार अपनी दुकानें बंद कर खिसक लिए। पूरा इंदिरा मार्केट बंद होने से यहां सन्नाटा छा गया। इसके बाद टीम जिला अस्पताल की तरफ पहुंची और सब्जी मंडी तक सड़क पर लगे फड़ और खोखे हटाए। कुछ का सामान भी जब्त किया। अतिक्रमण हटने के बाद यहां फुटपाथ दिखना शुरू हुआ।

कुछ देर बाद टीम आगे बढ़ी। कोतवाली से पहले सड़क पर मेडिकल स्टोर के आगे लगी कुत्तों के खाने और दवाओं की दुकान को अनदेखा कर दिया गया। नगर निगम की टीम के लौटते ही फड़ और ठेले फिर सड़क पर खड़े होने लगे। दो घंटे बाद ही फिर पूरी सड़क कब्जों से घिर गई।

अतिक्रमण हटवाती नगर निगम की टीम।

कुतुबखाना पुल के नीचे सब्जी मंडी के पास अतिक्रमण हटाने के बाद लगा जाम। ● अमृत विचार

लाचारी का ये हाल, ठेके पर अतिक्रमण होता है इस रोड पर

कुतुबखाना पुल के नीचे पूरी सड़क पर फड़ लगाने वालों का कब्जा है। सड़क पर अवैध कब्जा कराने के लिए दो ठेकेदार भी हैं जिनके बीच यह सड़क भी दो हिस्सों में बंटी हुई है। कोतवाली से जिला अस्पताल और जिला अस्पताल तक कौन सा फड़ कहां लगेगा, यह एक ठेकेदार तय करता है तो अतिक्रमण के दूसरे ठेकेदार का कार्यक्षेत्र यहां से घंटाघर तक है। नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी दस्ता हो या कोतवाली पुलिस, दोनों एक-दूसरे के सिर अतिक्रमण का ठीकरा फोड़कर जिम्मेदारी से बरी हो जाते हैं और सड़क पर गुजरने वाले लोग जाम से जूझते हैं। लंबे समय से इस समस्या का हल नहीं निकल पा रहा है।

नगर निगम की टीम अतिक्रमण हटाने पहुंची तो दुकानदारों ने इंद्रा मार्केट बंद कर दी। ● अमृत विचार

होली से पहले शहर में भीषण बिजली कटौती की मार

बरेली, अमृत विचार : होली पर भी मरम्मत कार्य की वजह से रोजाना बिजली कटौती से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। शुक्रवार को भी शटडाउन की वजह से कई इलाकों में चार से पांच घंटे बिजली गुल रही।

हरुनगला विद्युत उपकेंद्र के बाईपास फीडर पर मरम्मत कार्य और पेड़ों की छंटाई की वजह से तुला शेरपुर, सुरेश शर्मा नगर, विष्णु धाम कॉलोनी, लोक निर्माण विहार, राजकीय छात्रावास, शक्तिनगर आदि क्षेत्रों की बिजली सुबह 11 से शाम 4 बजे तक गुल रही। इसके अलावा जगतपुर उपकेंद्र के जगतपुर और आकाशपुरम फीडर पर ट्रांसफार्मरों की मरम्मत की वजह से बिजली गुल रही। इसके अलावा परवाना नगर, आशुतोष सिटी और वनखंडी नाथ फीडर पर मरम्मत कार्य की वजह से बिजली गुल रही।

हिस्ट्रीशीटर समेत 10 पर रिपोर्ट का आदेश

विधि संवाददाता, बरेली : जूना अखाड़े के साधु देवराज को निर्वस्त्र कर मारपीट करने, रंगदारी मांगने के मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय प्रत्यूष प्रकाश की अदालत ने कैंट थाना क्षेत्र ग्राम चौबारी निवासी अनोखे लाल, उसकी पत्नी कलावती, चार पुत्रों नरेश पाल, राजेश, मनोज, मुकेश और पुत्रवधुओं सुशीला, सीमा, रीना, कुमकुम समेत 10 के खिलाफ कैंट थानाध्यक्ष को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। साधु के वकील हरभजन शाक्य ने बताया कि हिस्ट्रीशीटर अनोखे और अन्य आरोपियों ने 25 अक्टूबर को देवराज साधु के दादलाई मकान चौबारी गौटिया में दरवाजा लगाने के बदले में 10 हजार रुपये की रंगदारी मांगी। विरोध करने पर गाली गलौज कर मारपीट की और निर्वस्त्र कर दिया। आरोपियों ने जटा, दाढ़ी काटने और जलाने की भी कोशिश की।

शरीयत का फायदा उठाएंगे और कानून का भी, क्या कभी जेल जाएंगे तौकीर

बरेली, अमृत विचार : भाजपा में शामिल हो चुकी आला हजरत खानदान की बहू निदा खान ने सोशल मीडिया पर आईएमसी प्रमुख तौकीर रजा खान पर टिप्पणी की है। निदा ने 2010 के दंगे का केस फास्ट ट्रैक कोर्ट से जिला जज की अदालत में ट्रांसफर होने की खबर के साथ सोशल मीडिया पर लिखा है, शरीयत का फायदा उठाएंगे और अब कानून का भी, क्या यह कभी जेल जा पाएंगे।

- निदा खान ने अपने ससुर के खिलाफ की सोशल मीडिया पर टिप्पणी

फास्ट ट्रैक कोर्ट में दंगे के मुख्य अभियुक्त करार दिए गए मौलाना तौकीर रजा खां की गिरफ्तारी के लिए कुछ दिन पहले तक पुलिस कई राज्यों की खाक छान रही थी लेकिन हाईकोर्ट से ट्रायल कोर्ट में पेश होने की मोहलत मिलने के बाद वह बरेली लौट आए हैं। इधर, दंगे का केस भी फास्ट ट्रैक कोर्ट से जिला जज की अदालत में ट्रांसफर हो गया है। इसके बाद सोशल मीडिया पर टीका-टिप्पणी शुरू हो गई है। निदा की भी टिप्पणी वायरल हो रही है। बता दें कि निदा खान का निकाह मौलान तौकीर के भतीजे शीरान रजा खां के साथ हुआ था। शीरान से भी निदा का अदालत में केस चल रहा है।

तौकीर बोले- उम्मीद है सब ठीक हो जाएगा

बरेली, अमृत विचार : मौलाना तौकीर रजा खां ने शुक्रवार को लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। एक बयान में कहा कि जो नोटिस उन्हें जारी हुआ, उस पर कानूनी कार्रवाई जारी है। 27 मार्च को अदालत में हाजिर होकर कानूनी प्रक्रिया का पालन किया जाएगा। उम्मीद है कि सब ठीक हो जाएगा। पिछले काफी दिनों से वह बरेली से बाहर थे। बृहस्पतिवार को बरेली लौटे तो पता चला कि कोई समन जारी हुआ है। बोले, हम सभी कानून की इज्जत करने वाले हैं। कानून की इज्जत के साथ कानून की हिफाजत हम सबकी जिम्मेदारी है।

कुतुबखाना पुल के नीचे भी आवागमन चालू

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- निर्माण पूरा होने के बाद भी नहीं खोली सड़क तो लोगों ने खुद गुजरना किया शुरू

अमृत विचार : कुतुबखाना पुल के नीचे सड़क का निर्माण पूरा होने के बाद भी उसे नहीं खोला गया तो लोगों ने शुक्रवार को खुद ही उसका इस्तेमाल शुरू कर दिया। सड़क बनने से इस रास्ते पर भारी अतिक्रमण की वजह से निकलना मुश्किल होता था लेकिन फिलहाल अतिक्रमणमुक्त होने की वजह से घंटाघर से कोहाड़ापीर तक वाहनों से आराम से फर्राटा भरा।

कुतुबखाना पुल का निर्माण पहली मार्च को ही पूरा होने का दावा कर दिया गया था लेकिन उद्घाटन के लिए इसे 13 मार्च तक बंद रखा गया था। पुल के उद्घाटन के बाद उस पर आवागमन तो शुरू हो गया लेकिन इसके बाद पुल पर लगने वाला जाम लोगों के लिए मुसीबत बन गया। इसकी एक वजह यह भी थी कि पुल के नीचे पाइप लाइन बिछाने के लिए आवागमन बंद चल रहा था। घंटाघर और फिर कुतुबखाना चौराहे पर पाइप लाइन डालने के बाद अफसरों ने यहां रात में सड़क बनाना शुरू करा दिया था। बृहस्पतिवार को पुल के नीचे काम पूरा हो गया लेकिन इसके बाद भी यातायात शुरू नहीं कराया गया। सड़क पर कई अवरोध भी छोड़ दिए।

लोगों ने शुक्रवार को खुद ही सारे अवरोध हटाकर सड़क पर आवाजाही शुरू कर दी। इसके बाद घंटाघर से कोहाड़ापीर तक फर्राटा भरने का रास्ता साफ हो गया। इस रास्ते पर दुकानदारों ने अभी अपना सामान सड़क पर नहीं लगाया है जिसकी वजह से वाहनों से निकलने में कोई दिक्कत नहीं हो रही है। शुक्रवार को दुपहिया वाहनों के साथ इस रास्ते पर ई रिक्शा भी कोहाड़ापीर की तरफ निकले।


कुतुबखाना पुल के नीचे से गुजरते वाहन। ● अमृत विचार

कुतुबखाना चौराहे से बड़ा बाजार के बीच सड़क ऊंची-नीची

कुतुबखाना पुल से बड़ा बाजार की ओर जाने की तरफ सड़क अभी काफी ऊंची है। यहां पैदल लोग तो निकल जाएंगे लेकिन वाहनों को दिक्कत उठानी पड़ेगी। पुल के नीचे और बड़ा बाजार की तरफ सड़क पर ढलान बनाना बाकी है। तभी वाहन आसानी से गुजर पाएंगे।

एक महीने में जूता खराब होने पर प्यूमा कंपनी पर लगाया जुर्माना

- जिला उपभोक्ता आयोग ने खरीदे गए जूते के मूल्य और वाद व्यय की धनराशि देने का सुनाया फैसला

बरेली, अमृत विचार : एक महीने में जूता खराब होने पर जिला उपभोक्ता आयोग ने प्यूमा कंपनी पर जुर्माना लगाया है। आयोग ने कंपनी को जूते की कीमत और वाद खर्च की धनराशि वादी को देने का आदेश दिया है।

जिला उपभोक्ता आयोग में दायर किए वाद के मुताबिक चनेहटी निवासी गनेश प्रसाद पटेल ने 4 सितंबर 2022 को 2749 रुपये का प्यूमा कंपनी का जूता ऑनलाइन खरीदा था। एक महीने बाद ही जूता खराब हो गया। 13 अक्टूबर को उन्होंने जूता वापस करने की गुजारिश की। कंपनी की ओर से ग्राहक का बैंक अकाउंट पूछकर पैसा भेजने का आश्वासन दिया, लेकिन पैसे वापस नहीं किए। इस पर उन्होंने जिला उपभोक्ता आयोग में वाद दायर किया। उन्होंने आयोग में प्यूमा स्पोर्ट इंडिया लिमिटेड की बिल, विधिक नोटिस की प्रति, डाक रसीद बतौर साक्ष्य शपथ पत्र पर प्रस्तुत किए। मामले में वादी पक्ष की पैरवी अधिवक्ता संजय कुमार वर्मा ने की। आयोग के अध्यक्ष राधेश्याम यादव ने दोनों पक्षों की ओर से किए गए वकीलों की दलीलों को सुना। इसके बाद अपना फैसला सुनाया। अध्यक्ष ने ग्राहक से जूता वापस लेकर निर्धारित की गई 7750 रुपये की धनराशि देने का आदेश दिया है।

किला में सपा पार्षद ने पेड़ काटने के विरोध पर युवक को पीटा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- विरोध पर जान से मारने की दी धमकी, एसएसपी से शिकायत
- पार्षद बोले-निगम की टीम ने जनता की समस्या पर टहनियां छांटी

अमृत विचार : किला क्षेत्र में एक युवक ने समाजवादी पार्टी के पार्षद पर हरा पेड़ काटने का विरोध करने पर मारपीट का आरोप लगाया है। आरोप है कि विरोध पर पार्षद ने जातिसूचक शब्द कहे और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने एसएसपी कार्यालय में शिकायत की है। अधिकारी ने जांच कर कार्रवाई का आदेश दिया।

स्वालेनगर निवासी ओमकार वाल्मीकि ने बताया कि बस्ती के सामने एक प्लॉट है। जिसमें वाल्मीकि समाज की चौपाल लगती है। प्लाट में एक पाकड़ का पेड़ है। आरोप है कि 17 मार्च की दोपहर सपा पार्षद अलीम खां सुल्तानी ने अपने साथियों के साथ पाकड़ का हरा भरा पेड़ कटवाना शुरू कर दिया। जब उन्होंने विरोध किया तो पार्षद ने जातिसूचक शब्द कहते हुए गाली गलौज कर पिटाई कर दी।

इस मामले में पार्षद अलीम खां ने बताया कि चुनावी रंजिश की वजह से झूठा मामला बनाया जा रहा है। नगर निगम नगर निगम के कर्मचारियों ने पेड़ की टहनियों को छांटा है। पेड़ सुरक्षित है। वन विभाग की टीम ने भी निरीक्षण कर लिया है। पुलिस ने भी मामले की रिपोर्ट तैयार की है।

बुजुर्ग दंपती के चेहरों पर भतीजे ने तलवार से किए ताबड़तोड़ वार

संवाददाता, बरेली/भमोरा

अमृत विचार : भमोरा क्षेत्र के गांव बाबू नगला गांव में सोते समय बुजुर्ग दंपती पर भतीजे ने तलवार से हमला कर दिया। हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी भतीजे को गिरफ्तार कर लिया है।

गांव बाबू नगला में भोगराज (60) पत्नी चंद्रकली के साथ रहते हैं। भोगराज के दोनों बेटे दयाशंकर और बबलू दिल्ली में रहकर मजदूरी करते हैं। भोगराज के खेत में देवी का मंदिर है, जिसमें वह पूजा पाठ करते हैं। भोगराज पत्नी के साथ गुरुवार रात आंगन में सो रहे थे। आरोप है कि देर रात भतीजे राजू ने हत्या करने के इरादे से दोनों पर तलवार से हमला कर दिया। जिससे दोनों खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर गए। उन्होंने किसी तरह पड़ोस में रहने वाले चचेरे भाई डालचंद को जगाया। इसके बाद डालचंद ने पड़ोसियों और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दोनों घायलों को तत्काल अस्पताल भिजवाया। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान और एसपी देहात दक्षिणी मानुष पारीक ने अस्पताल में जाकर बुजुर्ग का हाल जाना। इसके बाद आरोपी भतीजे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। वहीं शुक्रवार दोपहर एसएसपी ने सीओ आंवला और डॉग स्क्वॉड और फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर मुआयना किया। माता- पिता से हमले की सूचना पर बेटे और बहू दिल्ली से पहुंचे।

मौके पर जांच करती पुलिस। ● अमृत विचार

- भमोरा के बाबू नगला गांव में सोते समय किया हमला, पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किया गिरफ्तार

एक दिन पहले ही गांव आया था आरोपी

एसपी देहात दक्षिणी मानुष पारीक ने बताया कि आरोपी राजू पंजाब में प्राइवेट नौकरी करता है। उसने रंजिश में बुजुर्ग दंपती पर हमला किया है। आरोपी एक दिन पहले ही पंजाब से आया था। वह वहीं से तलवार लेकर आया था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

होली से पहले बाजार में बरसे महंगाई के रंग

सरसों के तेल और रिफाइंड के साथ मेवा के दामों में भी उछाल, गड़बड़ाया लोगों का बजट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : होली के बाजार पर महंगाई का रंग चढ़ गया है। त्योहार आते ही खाद्य पदार्थों के साथ मेवा के दामों में आया उछाल लोगों की जेब पर असर डाल रहा है। महंगाई घरों में बनने वाले पकवानों के स्वाद को फीका करती नजर आ रही है।

दुकानदारों का कहना है कि बाजार में ग्राहकों की भीड़ तो है मगर लोग महंगाई के चलते कम मात्रा में सामान खरीद रहे हैं। इन दिनों घरों में गुझिया, सेव, मटरी समेत अन्य पकवान बनाने की तैयारी है। इसके लिए खाद्य सामग्री में मेंदा, बेसन, तेल, घी, खोवा, चीनी, बूरा आदि की जरूरत है। शहर के प्रमुख बाजार कुतुबखाना, शहामतगंज में लोग खरीदारी कर रहे हैं। बाजार में पिछले साल 95 से 110 रुपये में प्रति किलो में बिकने वाला रिफाइंड अब 125 में मिल रहा है। बेसन के दाम भी 70 से बढ़कर 90 रुपये प्रति किलो हो गए हैं।

तेल और डालडा के दाम भी बढ़ गए हैं। सरसों का तेल बीते वर्ष 100 से 110 रुपये था, वह अब 135 से 140 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गया है। चीनी के दाम 38 से 43 रुपये हो गए हैं। उड़द की दाल 80 से 90 रुपये थी, जो अब 120 रुपये किलो हो गई है। गरी के दाम भी 125 से 180 रुपये प्रति किलो पहुंच गए हैं। महंगाई को लेकर गृहणियां चिंतित हैं। दुकानदारों का कहना है कि जब थोक में माल महंगा मिल रहा है तो खुले बाजार में महंगा बेचना मजबूरी है।



मेवा के दाम पचास फीसदी तक हुए महंगे

मेवा पर महंगाई का असर ज्यादा दिख रहा है। मखाने के दाम एक साल पहले 450 रुपये किलो थे, अब 900 रुपये हो गए हैं। छुहारा 200 से 350 रुपये प्रति किलो हो गया है। काजू भी 600 से 850 रुपये प्रति किलो पहुंच गया है।

सैक्स रोगी मिलें

सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान

डॉ. रफीक

समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)

बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दों Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal

ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान

कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)

धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है

Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।

Helpline No. 8439818102 7451039913

स्टॉकिस्ट आरोग्य सदन बरेली 9837007202

आरपीएफ ने चार अवैध वेंडर पकड़े : बरेली, अमृत विचार : बरेली जंक्शन आरपीएफ ने शुक्रवार को ट्रेन के अंदर सामान बेचते हुए चार अवैध वेंडरों को पकड़ा है। सभी सीतापुर के रहने वाले हैं। आरपीएफ ने सभी के खिलाफ रेलवे एक्ट में कार्रवाई की।

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग (4 वर्षीय डिग्री कोर्स) शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग (2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम. (3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम. (2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

इज्जतनगर मंडल में बढ़ेगा रेल यातायात, चुनौती को रहें तैयार

पूर्वोत्तर रेलवे महाप्रबंधक ने अफसरों की बैठक में की घोषणा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: पहली बार इज्जतनगर मंडल के दौरे पर आईं पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबंधक सौम्या माथुर शुक्रवार को महाप्रबंधक ने एलान किया कि आने वाले समय में इज्जतनगर रेल मंडल में यातायात बढ़ेगा। लिहाजा अधिकारी और कर्मचारी इसके दबाव से पैदा होने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहें।

- **इज्जतनगर से रामनगर तक किया विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण**

महाप्रबंधन ने मंडल रेल प्रबंधक रेखा यादव, एडीआरएम राजीव अग्रवाल और शाखा अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। मंडल रेल प्रबंधक ने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से विभिन्न विभागों की ओर से किए जा रहे अच्छे कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया।

बैठक के बाद उन्होंने इज्जतनगर से रामनगर तक विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण भी किया। इज्जतनगर-रामनगर रेलखंड के रेल पथ के उत्कृष्ट रखरखाव के लिए महाप्रबंधक ने पचास हजार के पुरस्कार की घोषणा की। इससे पहले आरपीएफ लाइन में नवनिर्मित 48 बिस्तरों के बैरक का उद्घाटन किया। उन्होंने फलक का अनावरण वयोवृद्ध हेड कांस्टेबल महेन्द्र यादव (मंडल रिजर्व) के हाथों कराया। उन्होंने बैरक में जवानों के लिए गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं चाक चौबंद मिलने पर 20 हजार रुपये के पुरस्कार की घोषणा की। इस दौरान महाप्रबंधक, डीआरएम, एडीआरएम समेत मंडल के शाखा अधिकारियों ने बैरक परिसर में पौधरोपण किया।

आरपीएफ की बैरक का उद्घाटन करतीं जीएम।

पैथोलॉजी लैब का किया उद्घाटन

महाप्रबंधक ने मंडल रेलवे चिकित्सालय इज्जतनगर में नवीनीकृत पैथोलॉजी लैब का उद्घाटन किया। महाप्रबंधक ने लैब का निरीक्षण कर अस्पताल में दी जा रहीं चिकित्सकीय सुविधाओं के बारे में जाना। उन्होंने ऑटोमेटिक बायोकेमेस्ट्री एनालाइजर मशीन को पैथोलॉजी लैब में सम्मिलित कर उत्कृष्ट कार्य की सराहना की और 15 हजार का पुरस्कार देने की घोषणा की। कहा कि सभी कर्मचारी, सेवानिवृत्त रेल कर्मचारी एवं उनके परिजनों की मंडल चिकित्सालय में लिवर, किडनी, डायबिटीज, लिपिड, यूरिनल आदि जांचें हो सकेंगी।

पीलीभीत शाहगढ़ ट्रैक पर 30 को सीआरएस निरीक्षण

बरेली, अमृत विचार : पीलीभीत से शाहगढ़ के बीच रेलवे ट्रैक जल्द चालू होने की उम्मीद जताई जा रही है। 30 मार्च को सीआरएस निरीक्षण के बाद ट्रैक पर ट्रेनों के संचालन को अनुमति मिल जाएगी। वहीं इससे पहले प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर इस ट्रैक का निरीक्षण करेंगे।

- **जल्द रेलवे ट्रैक चालू होने की उम्मीद**
- **प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर भी करेंगे निरीक्षण**

पूर्वोत्तर रेलवे के प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर संजय सिंहल 26 मार्च को बाघ एक्सप्रेस से गोरखपुर से रवाना होंगे। 27 मार्च को तड़के बरेली पहुंचेंगे। यहां से वह पीलीभीत के लिए रवाना होंगे और शाहगढ़ से पीलीभीत के बीच ट्रैक के विद्युतीकरण का निरीक्षण करेंगे। वापसी में बरेली आकर बाघ एक्सप्रेस से गोरखपुर के लिए रवाना होंगे। 30 मार्च को सीआरएस का निरीक्षण है। इसके बाद ट्रैक को हरी झंडी मिल जाएगी। करीब आठ साल से इस लाइन पर अमान परिवर्तन के कारण ट्रेनों का संचालन बंद है। इस वजह से लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ता है। ट्रैक पर ट्रेनें संचालित होने पर यात्रियों को राहत मिलेगी।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल

पीलीभीत वाईपास रोड, बरेली

विशाल एण्डोस्कोपी शिविर

सहयोग से : बरेली ओब्स्टेट्रिक गाइनकालजी सोसाइटी

दूरबीन विधि द्वारा बच्चेदानी के आपॅरेशन

दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद, चेन्नई, बैंगलौर एवं विदेश के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ द्वारा दूरबीन विधि से स्त्री रोग सम्बन्धित समस्त ऑपरेशन

जल्द से जल्द पंजीकरण कराकर इस सुविधा का लाभ उठायें।

ऑपरेशन दिनांक 19 अप्रैल 2024

पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) 31 मार्च 2024 तक ही किये जायेंगे। प्रथम 10 पंजीकृत मरीजों को प्राथमिकता दी जायेगी।

लैप्रोस्कोपी द्वारा दूरबीन विधि से ऑपरेशन	हिस्ट्रोस्कोपी का दूरबीन द्वारा ऑपरेशन
1) बच्चेदानी निकालने का ऑप्रेशन (हिस्ट्रेक्टमी)	1) ऐशरमैन का इलाज
2) रसौली निकालने का ऑप्रेशन (मायोमेक्टमी)	2) बच्चेदानी के अन्दर की रसौली (हिस्ट्रोस्कोपिक मायोमेक्टोमी)
3) अण्डेदानी की रसौली निकालने का ऑप्रेशन (ओवेरियन सिस्टैक्टॉमी)	3) ट्यूब खोलना (हिस्टेरोस्कोपी कम्युलेशन)
4) बांझपन की दूरबीन विधि द्वारा जांच	4) बच्चेदानी के अन्दर जन्मजात विकृति ठीक करना
5) बन्द ट्यूब खोलने का ऑप्रेशन	5) बच्चेदानी के अन्दर का पॉलिप निकालना (हिस्टेरोस्कोपिक पॉलीएटोनी)
6) बच्चेदानी की बनावट सम्बन्धी जन्मजात बीमारियों का इलाज ऑप्रेशन	

रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : 9997015620, 9081800900

कमरा नं. 1178, स्त्री रोग विभाग, रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, बरेली

एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

पैसे न देने पर युवक पर चलाई गोली, रिपोर्ट

बरेली, अमृत विचार : बारादरी क्षेत्र में पैसे न देने पर युवक पर दबंग ने गोली चला दी। विरोध करने पर उसने अपने साथियों के साथ रॉड से कार के शीशे तोड़ दिए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। दुर्गा नगर निवासी शानू ने बताया कि गुरुवार की रात नौ बजे वह अपने दोस्त श्रवण कुमार के साथ उसकी कार से जा रहे थे। आरोप है कि जैसे ही वह स्पर्श लॉन के सामने पहुंचे कि तभी लालू पटेल अपने पांच साथियों के साथ आया और पैसों की मांग की। जब उन्होंने इन्कार किया तो मारपीट की और गोली चला दी।

बदसलूकी कर रहे युवक को जीआरपी के सुपुर्द किया

बरेली, अमृत विचार : बरेली जंक्शन पर शुक्रवार दोपहर एक युवक ने महिला और उसके पति के साथ बदसलूकी की। इस पर दंपत्ती ने युवक को पकड़ लिया और उसे जीआरपी थाने ले गए। जीआरपी ने युवक के खिलाफ शिकायती पत्र देने को कहा तो दंपत्ती ने इन्कार कर दिया। इस पर जीआरपी ने भी युवक को सिर्फ नाम पता नोट कर जाने दिया। वहीं इसका एक वीडियो भी वायरल हुआ है, जिसमें दंपती युवक को घसीटते हुए थाने ले जाते दिखाई दे रहे हैं।

प्लॉट कब्जाने के लिए तोड़फोड़, मारपीट

बरेली, अमृत विचार : बारादरी क्षेत्र में प्लॉट कब्जाने के लिए दबंगों ने तोड़फोड़ और महिलाओं से मारपीट की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सूफी टोला निवासी इरफाना बेगम ने बताया कि उन्होंने और जेठानी नूरजहां बेगम ने जगतपुर लाल में जगमोहन से दो प्लॉट खरीदे थे। कुछ दिन बाद उमाचरण और आबिद आए और प्लॉट खरीदने की इच्छा जताई तो उन्होंने प्लॉट बेचने से मना कर दिया।

ओबीसी रेल यूनियन ने जीएम को सौंपा ज्ञापन

बरेली, अमृत विचार : पूर्वोत्तर रेलवे ओबीसी रेल कर्मचारी एसोसिएशन इज्जतनगर मंडल के पदाधिकारियों ने महाप्रबंधक सौम्या माथुर को 15 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मंडल में स्थित हेल्थ यूनिटों में महिला नर्स की नियुक्ति, एंबुलेंस, कासगंज, मथुरा, फतेहगढ़ में निजी चिकित्सालय को पैनल में करने आदि मांगे रखीं। पदाधिकारियों ने महाप्रबंधक का स्वागत भी किया। इस दौरान उपाध्यक्ष जीनत कुमार अंसारी, मंडल मंत्री सतीश चंद्र, संजय सिंह, राम किशोर, सुरेश पाल, सोनू सिंह, राम वर्मा, संजीव कुमार, सरोज यादव, मटरू यादव, उमेश यादव, विजय कुमार आदि मौजूद रहे।

नरमू ने जीएम के सामने रक्षक डिवाइस का मुद्दा उठाया

बरेली, अमृत विचार : पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबंधक सौम्या माथुर के इज्जतनगर मंडल पर पहली बार आगमन के दौरान नरमू के पदाधिकारियों ने नौ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। नरमू का एक प्रतिनिधि मंडल चिकित्सालय इज्जतनगर में उनसे मिला और स्मृति चिन्ह भेंट किया। नरमू के केंद्रीय अध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी ने महाप्रबंधक को कर्मचारियों की समस्याओं के बारे में अवगत कराया। कहा कि पिछले काफी समय से यूनियन इंजीनियरिंग विभाग के ट्रैकमेंटेनरों को रक्षक डिवाइस देने का मुद्दा उठाती आ रही है, लेकिन अभी तक ट्रैकमेंटेनरों को रक्षक डिवाइस उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। बताया कि मंडल चिकित्सालय में स्टाफ की कमी है। यूनियन पदाधिकारियों ने रेल आवासों की मरम्मत को अतिरिक्त बजट की मांग भी की। जीएम समस्या निदान का आश्वासन दिया है।

केजरीवाल के समर्थन में हो रहे प्रदर्शन से दूर रहें मुसलमान

बरेली, अमृत विचार : ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी ने शुक्रवार को प्रेस को जारी बयान में कहा कि ईडी ने शराब घोटाले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया है। उनके समर्थन में दिल्ली समेत कई स्थानों पर धरना प्रदर्शन हो रहे हैं। इनमें टोपी लगाकर मुसलमान भी भाग ले रहे हैं। ऐसे तमाम मुसलमानों से अपील है कि वे इस तरह के धरना प्रदर्शन में भाग न लें, इससे दूरी बनाकर रखें। मौलाना ने कहा कि इस्लाम मजहब ने शराब को हराम व नाजायज करार दिया है, इस्लाम ने अपने अनुयायियों को शराब का सेवन करने, लेनदेन, खरीद-फरोख्त, हर तरह के इस्तेमाल से बड़ी सख्ती के साथ रोका है। अगर कोई मुसलमान इन धरना- प्रदर्शनों में शरीक होता है तो वो नाजायज कार्य को बढ़ावा देने वालों में शामिल समझा जाएगा। कहा कि यह रमजान का मुकद्दस महीना चल है। इसलिए किसी तरह के धरना प्रदर्शन से दूरी बनाकर खुदा की इबादत में लगे रहें।

तमंचे के जोर पर ग्रामीणों को धमका रहा युवक

बरेली, अमृत विचार : बिथरी चैनपुर क्षेत्र में एक युवक तमंचे के जोर पर गांव के लोगों को धमका रहा है। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव नरियावल निवासी आकाश ने बताया कि उनके गांव का कुनाल हाथ में तमंचा लेकर पूरे दिन घूमता है। गांव में उसका खौफ है। एक दिन उन्होंने कुनाल का तमंचे के साथ फोटो खींच लिया। इस पर कुनाल उनपर हमला कर सकता है।

आदित्य गुप्ता बने मुरादाबाद रेल मंडल के सीनियर डीसीएम

बरेली, अमृत विचार : मुरादाबाद रेल मंडल के नए सीनियर डीसीएम (वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक) आदित्य गुप्ता बनाए गए हैं। आदित्य गुप्ता इससे पहले लखनऊ मंडल में सीनियर डीओएम (वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक) के पद पर तैनात थे। वहीं मौजूदा सीनियर डीसीएम सुधीर सिंह को दिल्ली मुख्यालय उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक बनाया गया है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान

फ्री सलाह

अभी फोन करें :

GURU AADIL JI 9717810465

1% विश्वास आप करें 99% विश्वास हम बनाएंगे

स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

VARUN ARJUN UNIVERSITY

VARUN ARJUN COLLEGE OF PHARMACY

NH-24 BANTHRA, SHAHJAHANPUR

VACP SHAHJAHANPUR Excellence towards profession

VACANCY OF TEACHING & NON TEACHING STAFF

Teaching Staff	Non Teaching Staff
• Associate Professor (M.Pharm+8 Years Experience)	• Lab Technician (B.Pharm)
• Assistant Professor (M.Pharm+5 Years Experience)	• Accountant (M.Com)
• Specialization (Pharmacy Practice, Biotechnology & Clinical Pharmacology)	• Computer Operator (BCA/MCA)
• Lecturer (B.Pharm+3 years Experience)	• Lab Attendant (D.Pharm)

Contact Director/Principal Dr. Pradeep Singh 9412852652

गुप्त रोगी मिलें

डा. मौर्य

जोश मर्दाना, कमजोरी, ताकत, शुक्राणु की कमी, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन

बरेली कृष्णा नगर मो. 7534002651

डॉ. अमन रस्तोगी

BAMS, MD

Consultant Physician

- शुगर से पूर्णतः निजात एवं परहेज से निजात
- पाइल्स का सम्पूर्ण आयुर्वेद द्वारा उपलब्ध है।
- पथरी एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
- घुटने एवं गठिया का पूर्ण उपचार।
- सफेद दाग का गारंटिड इलाज।
- पित्त की थैली एवं किडनी की पथरी का बिना आपरेशन द्वारा इलाज।

लाईफ लाइन क्लीनिक

कर्मचारी नगर, गांधीपुरम, भारत गैस गोदाम के सामने, बरेली मो. 6398965384

सार-संक्षेप

शिक्षिकाओं और बच्चों ने वृद्धाश्रम में खेली होली

बरेली, अमृत विचार : अल्मा मातेर डे बोर्डिंग स्कूल के प्रधानाचार्य शुभेंदु दत्ता के निर्देशन में शिक्षिका आयशा धर, डॉ .निधि मिश्रा छात्र मंतव्य ,जिष्नु ,जश्न, हेजल, विधि, भूमिका के साथ शुक्रवार को कांशीराम वृद्धाश्रम में पहुंचीं। यहां उन्होंने वृद्धजनों के साथ होली खेली। उन्हें राशन, कपड़े, चप्पल, गुझिया आदि सामान वितरित किया। बच्चों ने वृद्धों को गुलाल लगाकर मिठाई खिलाई। कक्षा आठ के छात्र जिष्नु बनर्जी ने बांसुरी की धुन पर भजन की प्रस्तुति दी।

होली के गीतों की प्रस्तुतियों से किया मंत्रमुग्ध

बरेली, अमृत विचार : संस्कार भारती की ओर से शुक्रवार को शहर के एक होटल में काव्य संध्या आयोजित की गई, जिसमें कवियों ने हास्य, श्रृंगार, गजल एवं होली के गीतों की सुंदर प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। अतिथियों में वरिष्ठ पत्रकार लक्ष्मण सिंह भंडारी, कवि ऋषि कुमार शर्मा च्यवन, कृष्ण लाल गुप्ता और संस्था के अध्यक्ष हिमांशु श्रोत्रिय रहे। कवि सीएल प्रजापति, प्रताप मौर्य, उमेश त्रिगुणायत अद्भुत, पप्पू वर्मा,राज शुक्ल गजल राज, कमल सक्सेना, हिमांशु श्रोत्रिय, रोहित राकेश आदि ने काव्य पाठ किया। इस मौके पर संस्कार भारती के पूर्व अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा च्यवन का अभिनंदन किया गया।

सेमिनार में बताई जल की अहमियत

बरेली, अमृत विचार : विश्व जल दिवस पर इन्वर्टिस विश्वविद्यालय में शुक्रवार को 'जल प्रबंधन में इंजीनियर की भूमिका और विकसित भारत 2047 के लिए नीति एकीकरण' विषय पर सेमिनार हुआ। नीति आयोग के उपसचिव डॉ. आशीष पांडा और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. ब्रजेश श्रीवास्तव मुख्य वक्ता रहे। मुख्य वक्ता ने कहा कि प्राकृतिक स्रोत के रूप में हर इंसान को पानी की जरूरत है। संवैधानिक अधिकार अनुच्छेद 21 में जीवन के अधिकार के तहत पानी का अधिकार भी शामिल है। अगला विश्व युद्ध प्राकृतिक आपदा के लिए होगा, जिसमें जल का मुद्दा सबसे अहम होगा। संयोजक सहायक प्रो. अवधेश कुमार, सहसंयोजक मोहित पाठक, आयोजन सचिव पंकज त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष सिविल इंजीनियरिंग अरविंद कुमार, अरुण कुमार गंगवार, डॉ. आशीष कुमार सिंह का सहयोग रहा। प्रो. अवधेश शर्मा, डॉ. गौरव अग्रवाल, डॉ. संदीप कुमार दुबे आदि मौजूद रहे। आयोजन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं मेयर डॉ. उमेश गौतम की प्रेरणा और कार्यकारी निदेशक पार्थ गौतम के मार्गदर्शन में हुआ।

हैंडलूम प्रदर्शनी में उमड़ी ग्राहकों की भीड़

बरेली, अमृत विचार : सिल्क ऑफ इंडिया की ओर से एमबी इंटर कॉलेज में आयोजित हैंडलूम एवं हैंडीक्राफ्ट प्रदर्शनी में ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। प्रदर्शनी में प्रिंटेड साड़ियां, सूट, बेडशीट आदि उपलब्ध हैं। मेला संचालक योगेंद्र सिंह ने बताया कि सुबह 10 से रात 10 बजे तक खरीदारी की जा सकती है। ग्राहकों को भारी छूट भी दी जा रही है। प्रदर्शनी में विभिन्न प्रांतों के उत्पाद मौजूद हैं, जिन्हें ग्राहक खूब पसंद कर रहे हैं।

दरोगा बनकर अपने कोच का आशीर्वाद लेने पहुंचे

बरेली,अमृत विचार : दरोगा की ट्रेनिंग पूरी कर घर लौटे युवकों ने शुक्रवार को रेलवे ग्राउंड पहुंचकर कोच अजय कश्यप का आशीर्वाद लिया। दरअसल, पिछले वर्ष 18 अभ्यर्थी रेलवे ग्राउंड में दरोगा भर्ती की शारीरिक दक्षता की तैयारी कर रहे थे। इसमें से दस युवकों का चयन हो गया। कोच अजय ने कहा कि सभी युवकों ने कड़ी मेहनत की थी, जिसका उन्हें फल मिला है। नवनियुक्त दारोगाओं में अंशु, सिद्धार्थ, आलोक,मंयक आदि शामिल हैं।

होली से पहले ही दिल रंगीन

चैंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यक्रम में कलाकारों ने बांधा समा, झूमे उद्यमी

फूलों की होली खेलते वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार, विधायक संजीव अग्रवाल, डॉ. डीसी वर्मा। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : सेंट्रल यूपी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन ने शुक्रवार को सिविल लाइंस के एक होटल में होली मिलन समारोह आयोजित किया। बाहर से आए कलाकारों ने होली के गीतों से ऐसा समा बांधा कि उद्यमी झूम उठे। इस दौरान फूलों की होली भी खेली गई।

कार्यक्रम में संस्था के सभी सदस्यों ने परिवार सहित हिस्सा लिया। अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल ने सभी से लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान की अपील की। सचिव अल्पित अग्रवाल ने हाल ही में संपन्न हुई ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की सफलता की बधाई देते हुए जिला प्रशासन की सराहना की। समारोह में सदस्य परिवारों के लिए कई खेल प्रतियोगिताएं भी हुईं। जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। वन मंत्री डा. अरुण कुमार, मेयर डॉ. उमेश गौतम, विधायक संजीव अग्रवाल, डा. श्याम बिहारी लाल, डा. डीसी वर्मा, डॉ. राघवेन्द्र शर्मा ने सभी को होली की बधाई दी। उद्यमी देवमूर्ति, सुरेश सुन्दरानी, किशोर कटरू, क्षितिज अग्रवाल, डॉ. महेन्द्र सिंह बासु, डॉ. राजीव गोयल, विनोद ग्रोवर, सीए कपिल वैश्य, अशोक कुमार अग्रवाल, मोहित टंडन, शरद मिश्रा, सुनीत मूना, गौरव भसीन, हरदीप सिंह ओबेरॉय, पवन मित्तल, उन्मुक्त संभवशील, सचित प्रकाश, कार्तिक आनंन्द, अमित, अंकुर अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, शिवकुमार अग्रवाल, हिमांशु गोयल, विवेक सक्सेना, राशू अग्रवाल, सामर्थ अग्रवाल, सुशांत अग्रवाल, मुनीश मित्तल, आयुष अग्रवाल आदि मौजूद रहे। शेखर अग्रवाल, राहुल अग्रवाल और अनूप अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा। संचालन उपाध्यक्ष राजीव सिंघल और पुनीत सक्सेना ने किया।

कचहरी में बगिया परिसर में फूलों की होली खेलते बार एसोसिएशन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

वकीलों ने भी उड़ाया रंग और गुलाल

बरेली, अमृत विचार : बार एसोसिएशन के तत्वावधान में शुक्रवार को कचहरी स्थित बगिया प्रांगण में होली महोत्सव और कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। अधिवक्ताओं ने गुझिया, ठंडाई का लुत्फ उठाया। अध्यक्ष मनोज कुमार हरित, सचिव वीरेंद्र प्रसाद ध्यानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शेर सिंह गंगवार, कोषाध्यक्ष जयपाल कश्यप आदि पदाधिकारियों ने अधिवक्ताओं के गुलाल और माथे पर चंदन का तिलक लगाकर एक-दूसरे को होली की बधाई दी। वहीं, शुक्रवार को वरिष्ठ अधिवक्ता सरवर अली खान के इंतकाल होने की वजह से कुछ वकीलों ने होली नहीं मनाई। पूर्व अध्यक्ष अरविंद कुमार, गौरव सिंह राठौर, उपमेंद्र सक्सेना समेत कई अधिवक्ताओं ने आयोजन से दूरी बनाई रखी।

महिला वकीलों ने भी जमकर खेली होली। ● अमृत विचार

बरेली कॉलेज की शिक्षिकाओं ने काव्य पाठ कर खेली होली

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज की शिक्षिकाओं की सभा संस्कृति की बैठक शुक्रवार को सेमिनार हाल में हुई। इस दौरान शिक्षिकाओं ने काव्य पाठ किया और एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली खेली। रसायन विभाग की रिटायर्ड शिक्षिका प्रो. पूनम गर्ग विशिष्ट अतिथि रहीं। प्रो .पूनम गर्ग, प्रो .जयश्री मिश्रा, डॉ .आशा रानी, डॉ .मनु यादव, प्रो .नीलम गुप्ता, डॉ. शैव्या त्रिपाठी, डॉ. हेमा खन्ना, डॉ. मीनाक्षी मिश्रा ,डॉ. ऋतु अग्रवाल, डॉ. शालिनी सक्सेना आदि मौजूद रहीं।

कुरीतियों को दूर करने के लिए शिक्षा जरूरी

बरेली, अमृत विचार : भारतीय वाल्मीकि साधु समाज और महर्षि वाल्मीकि आश्रम सेवा ट्रस्ट की ओर से सतगुरु महंत बाबा सागर दास की पुण्यतिथि पर आयोजित दो दिवसीय वाल्मीकि संत समागम में विभिन्न प्रांतों से आए साधु-संतों ने महर्षि वाल्मीकि रचित रामायण में समाहित अहिंसा, बंधुत्व और सामाजिक सद्भाव जैसे गुणों का व्याख्यान किया।

प्रेम नगर स्थित आश्रम में संत समागम में कुरुक्षेत्र के स्वामी किशन दास ने दहेज प्रथा, मृत्यु भोज जैसी कुरीतियों को त्यागने का आह्वान करते हुए कहा कि किसी भी समाज के उत्थान के लिए धर्म के साथ शिक्षा भी जरूरी है। संत ब्रह्म शाह अतीत और बाबा रतनदास ने भी विचार रखे। पंजाब और हरियाणा से आए संतों ने

प्रेमनगर में वाल्मीकि संत समागम में शामिल साधु-संत। ● अमृत विचार

● वाल्मीकि संत समागम में बोले- स्वामी किशन दास

ध्वजारोहण कर यज्ञ-हवन किया, जिसमें स्वामी किशन दास ने मुख्य भूमिका निभाई। वहीं, संत सम्मेलन में संतों ने आश्रम को अवैध कब्जों से मुक्त कराने लिए मुख्यमंत्री से मिलने की बात कही। दूसरे प्रस्ताव में एक अन्य आश्रम की जमीन पर सभी जातियों के निर्धन बच्चों के लिए विद्यालय की स्थापना करने को कहा। ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज थपलियाल, सचिव योगेश कुमार, दिनेश सत्संगी, स्वामी धनी दास, स्वामी पंजाब नाथ, उर्मिला दासी, हेमा रावत, सौरभ कठेरिया, सुरजीत सिंह, हरि सिंह वरदान, मुन्ना नागवंशी , अंशु आर्य , डालचंद वाल्मीकि ,रुपेश थपलियल ,राकेश कुमार ,रुस्तम सिंह गुड्डू , सुरेश चंद्र लाला आदि मौजूद रहे।

जनकपुरी की अनुपम छटा देख श्रीराम और लक्ष्मण हुए प्रफुल्लित

बरेली, अमृत विचार : बमनपुरी में श्रीरामलीला सभा की ओर से चल रही 164 वीं रामलीला में शुक्रवार को कलाकारों ने जनकपुरी में गुरु विश्वामित्र, श्रीराम और लक्ष्मण के आगमन का मंचन किया। गुरु व्यास मुनेश्वर ने बताया कि राजा जनक पत्र भेजकर विश्वामित्र को अपने यहां आमंत्रित करते हैं। वह राम और लक्ष्मण को लेकर जनकपुरी आते हैं। राम-लक्ष्मण जनकपुरी की अनुपम छटा देख दोनों भाई प्रफुल्लित होते हैं। प्रभारी विवेक शर्मा ने बताया कि रविवार को भव्य राम बरात निकाली जाएगी। प्रवक्ता विशाल मेहरोत्रा ने सर्वेश रस्तोगी, महामंत्री अंशु सक्सेना, कोषाध्यक्ष सुनील रस्तोगी, महेश पंडित, पंकज मिश्रा, राजू मिश्रा, राजकुमार गुप्ता, लवलीन कपूर आदि मौजूद रहे।

रंगोली प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

बरेली, अमृत विचार : बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ ह्यूमनिटीज एंड जर्नलिज्म'' और कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में संयुक्त रूप से रंगोली प्रतियोगिता हुई। इसमें बीबीए गरिमा वर्मा, शिफा इंतजार, विष्णु गुप्ता, अक्षिता पाण्डेय, प्रियांशी गुप्ता और निमरा खान के समूह को पहला और वंशिका पटेल, युसरा जैदी, बरसानी गुप्ता, रुबी नूर, जमजम, फातमा लुत्फी, सलोनी गुप्ता, यांका गंगवार, तान्या सिंह, हेमेश कुमार, हर्षित पटेल, अनिरुद्ध सिंह, आयुष कुमार और विकास पटेल के समूह को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। इसके अलावा स्पोर्ट्स मीट भी हुई। बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल, कुलसचिव डॉ. एस के ठाकुर, प्राचार्य डॉ. अवनीश सिंह चौहान, डॉ. सुनील कुमार सिंह, अतुल बाबू, शिवांशु अग्निहोत्री, मोनिका, श्वेता सिंह, शालिनी सिंह, चमन बाबू, प्रवीण कुमार, चमन कुमार ने छात्र-छात्राओं का हौसला बढ़ाया।

नुक्कड़ नाटक कर जल संरक्षण का महत्व बताया

बरेली, अमृत विचार : बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ फार्मेसी, रोहिलखंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग और फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज में विश्व जल दिवस पर नुक्कड़ नाटक हुआ। इसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने जल संरक्षण का महत्व बताया। प्रधानाचार्य डॉ. पुष्पेंद्र कन्नौजिया ने सभी को जल संरक्षण का अर्थ बताया। कार्यक्रम अधिकारी बबीता शर्मा, प्रशांत कुमार शर्मा, अंकित कुमार, मुकेश सिंह, एसो. प्रो. पारस प्रजापति, महिमा तिवारी, गुलफ्शा सैफी, प्रियंका सक्सेना, सूर्या प्रकाश, मुस्कान गुप्ता, विष्णु दत्त तिवारी, स्वर्णिमा सिंह, मुस्कान मलिक, श्रेया भारद्वाज, शुभांगी तिवारी आदि उपस्थित रहे।

खानकाहे शराफतिया सकलैनिया पर अदा की छमाही कुल की रस्म

बरेली, अमृत विचार : शराफत मियां का 57 वां और सकलैन मियां का पहला छमाही उर्स का आयोजन खानकाहे शराफतिया सकलैनिया पर किया जा रहा है। शुक्रवार को तीसरे दिन की शुरुआत फज्र की नमाज के बाद कुरानख्वानी से हुई। दिन भर जायरीन के आने का सिलसिला जारी रहा। खानकाह के मेहमान खाने में कुल की रस्म अदा की गई। महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, प्रदेश सहित विभिन्न प्रांतों से जायरीन उर्स में शिरकत करने पहुंचे। असर की नमाज के बाद खानकाह के मेहमान खाने में कुल की रस्म अदा की गई। कुल की फातिहा सज्जादानशीन शाह मोहम्मद गाजी मियां और हाफिज गुलाम गौस ने पढ़ी। महफिल में नात और मनकबत शरीफ के कलाम पढ़े गए। अल्लामा मौलाना शाहिद सकलैनी ने बयान किया। सज्जादानशीन से तमाम जायरीन ने मुलाकात की। अल्हाज मुंतखब मियां, हाजी सादकैन मियां, मीडिया प्रभारी हमजा सकलैनी, हाफिज गौसी सकलैनी, मुर्तुजा सकलैनी, फैजयाब सकलैनी, असदक सकलैनी, ऐनुल सकलैनी, उमम मौजूद रहे।

होली के रंग रेडिसन के संग कार्यक्रम आज

बरेली, अमृत विचार : आरएमएस ग्रुप ने शुक्रवार को एमडी मेहताब सिद्दीकी की अध्यक्षता में होटल रेडिसन के सभागार में होली मिलन समारोह आयोजित किया। इस मौके पर लोगों ने पारंपरिक तरीके से एक-दूसरे को अबीर का तिलक लगाया और फूलों की होली खेल एक दूसरे को पर्व की बधाई दी। कार्यक्रम में म्यूजिकल धुनों के होली गीतों पर लोग झूम उठे।

समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मीडिया कर्मियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान एमडी मेहताब सिद्दीकी ने कहा कि होली का त्योहार प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है। जीएम हर्षित उप्पल ने बताया कि होटल में शनिवार को ' रंग बरसे ' होली के रंग रेडिसन के

प्रेस वार्ता में एमडी मेहताब सिद्दीकी।

संग कार्यक्रम होगा, जो सुबह 11 बजे से शुरू होकर दोपहर तीन बजे तक जारी रहेगा। मीडिया प्रभारी अमित नारायण शर्मा, जीएम सेल्स प्रांजल सचदेवा, ऑपरेशन मैनेजर ज़ाकिर, सिक्योरिटी डायरेक्टर तनवीर हसन आदि उपस्थित रहे।

केमिकल रंग का न करें इस्तेमाल, खराब हो सकती है त्वचा

बरेली, अमृत विचार : होली के बाजार में तमाम तरह के रंग बिक रहे हैं। केमिकल से तैयार होने वाले रंग आपकी त्वचा को खराब कर सकते हैं। एलर्जी, खाज-खुजली की समस्या हो सकती है। इसलिए बाजार में रंग खरीदते समय सावधानी बरतने की जरूरत है। इसलिए होली खेलते समय हर्बल रंगों का इस्तेमाल करें। पक्के रंगों से बचें। जिला महिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. त्रिभुवन प्रसाद ने बताया कि होली पर नेचुरल रंग जैसे गुलाल का इस्तेमाल करें। होली खेलने से पहले शरीर पर मॉइस्चराइजर का प्रयोग करें, अगर नहीं है तो नारियल का तेल भी लगा सकते हैं, ताकि रंगों को छूटाने में आसानी हो सके। बालों में नारियल तेल में पानी मिलकर चंपी कर लें, जिससे रंगों का दुष्प्रभाव कम हो सके।

अपग्रेडिंग सेरेमनी में अर्नव और अनिका सम्मानित

बरेली, अमृत विचार : नैनीताल रोड स्थित जीआरएम जूनियर विंग में शुक्रवार को कक्षा प्रीएनसी के छात्रों की अपग्रेडिंग सेरेमनी का आयोजन हुआ। प्रबंधक राजेश अग्रवाल जौली, रिद्धि अग्रवाल और निदेशक त्रिजित अग्रवाल ने मुख्य अतिथि डिफेंस एस्टेट ऑफिसर बरेली सर्किल शिल्पा ग्वाल का स्वागत किया। शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए अर्नव आर्य और नियमितता का पालन करने के लिए अनिका पटेल को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने योग के उत्तम और विलक्षण संतुलन का प्रदर्शन किया। कार्यक्रमों के संचालकों में प्रत्यूष सक्सेना, बक्शीश कौर, शौरवी चौधरी, मेधांशा रूपम, युवान भारद्वाज, दर्शनी रस्तोगी, इधिका अग्रवाल, आशना अग्रवाल, दैविक देवेन्द्र, आद्विक, विराज सक्सेना शामिल रहे। कशिका सब्बरवाल, शीजान खान, गुलाब राय ग्रुप के प्रेसिडेंट रवि अग्रवाल, पारुल अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

आईएमए ने स्कूल को कुर्सी और मेज दान कीं

बरेली, अमृत विचार : आईएमए ने शुक्रवार को सरस्वती फाउंडेशन की ओर से संचालित स्कूल को 50 कुर्सियां और मेज दान कीं। स्कूल प्रबंधन का प्रतिनिधित्व फाउंडेशन से डॉ. प्रवीन अग्रवाल और डॉ. स्वाति अग्रवाल ने किया और आईएमए का आभार जताया। गांव पस्तोर में शिवम पब्लिक स्कूल और टैगोर पब्लिक स्कूल के बच्चों को रंग वितरित किए गए। अध्यक्ष डॉ. राजीव गोयल, सचिव डॉ. गौरव गर्ग, कोषाध्यक्ष डॉ. निकुंज गोयल, उपाध्यक्ष डॉ. राजकुमारी मित्तल और कम्युनिटी सर्विस चेयरमैन डॉ. एसपी अग्रवाल, डॉ .एमएम अग्रवाल, प्रधान अध्यापक आशीष सक्सेना आदि मौजूद रहे।

कूचा डालचंद्र में हास्य कवियों ने गुदगुदाया

बरेली, अमृत विचार : साहित्यिक संस्था शब्दांगन की ओर से शुक्रवार को कूंचा डालचंद्र स्थित श्रीराम सभागार में काव्य प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया। इसमें हास्य कवि मनोज टिंकू को पांचाल शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया गया। अध्यक्ष डॉ. सुरेश रस्तोगी, महामंत्री इंद्रदेव त्रिवेदी, रामकुमार भारद्वाज अफरोज और कवि रणधीर प्रसाद गौड़ धीर ने होली की हास्य रचनाओं की प्रस्तुति दी। अन्य कवियों में दीपक मुखर्जी दीप, राम प्रकाश सिंह ओज, मेधावृत शास्त्री, राजकुमार अग्रवाल, समर्थ मिश्रा, विशाल शर्मा, जनार्दन आचार्य, जितेंद्र रस्तोगी, रितेश साहनी, देव स्मित त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।

मस्जिद यतीमखाना में हुआ जश्न-ए-मुकम्मल कुरान

बरेली, अमृत विचार : मस्जिद यतीम खाना में जश्न-ए-मुकम्मल कुरान का आयोजन किया गया। यहां हाफिज फुरकान ने सभी नमाजियों को तरावीह की नमाज पूरे दस दिन तक अदा कराई। मुकम्मल कुरान के बाद हाफिज फुरकान ने दुआ के साथ लोगों पर कुरान की आयतों का बरकाती दम हिसार कराया। अंजुमन इस्लामिया के सचिव इशरत मिर्जा, काशिफ मिर्जा, कैसर शमसी, इनाम खान, आरिफ, सकलैन शब्बीरी, अहमद उल्लाह वारसी, अदीबुल्ला खान आदि मौजूद रहे।

महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को बांटा रंग

बरेली, अमृत विचार : राष्ट्रीय मानव सेवा संस्थान ने शुक्रवार को किला पावर हाउस के पास गरीब बस्ती में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को रंग का वितरण किया। इस दौरान अध्यक्ष बिंदु, नरेंद्र पाल,राकेश कुमार,रामकिशोर आदि मौजूद रहे।

ओरल हेल्थ माह : ज्यादा फास्ट फूड खाने से बच्चों के खराब हो सकते हैं दांत

बरेली, अमृत विचार : बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस की ओर से ओरल हेल्थ माह के तहत बच्चों के मुख स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस संबंध में प्रधानाचार्य प्रो. सत्यजीत ने बताया कि बच्चों में दांतों से जुड़ी कई समस्याएं सामने आ रही हैं। क्योंकि बच्चे चॉकलेट, फास्टफूड, चिप्स और कोल्डड्रिंक्स का सेवन बहुत ज्यादा कर रहे हैं, जिससे बच्चों के दांत खराब हो रहे हैं। इसके पीछे एक बड़ी वजह यह भी है कि बच्चे बिना ब्रश या कुल्ला किए ही रात में सो जाते हैं, इससे दांत और मसूड़े खराब हो सकते हैं। फास्ट फूड का लगातार सेवन करते हैं तो दांतों में सेंसिटिविटी हो सकती। इसलिए अभिभावकों को बच्चों के दांतों और उससे जुड़ी चीजों पर ध्यान देना चाहिए। बच्चा लगातार अंगूठा चूसता है तो दांत टेढ़े-मेढ़े होने की समस्या होती है। ऐसा होने पर तुरंत दंत चिकित्सक की सलाह लें।

जुमे की नमाज के बाद बताई रोजे की अहमियत जकात अदा करने को कहा

बरेली, अमृत विचार : पाक माह रमजान के दूसरे जुमा पर मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में शांतिपूर्ण जुमा की नमाज अदा की गई। जुमा की मुख्य नमाज किला की शाही जामा मस्जिद में दोपहर डेढ़ बजे नमाजियों ने शहर इमाम मुफ्ती खुर्शीद आलम की इमामत में अदा की। वहीं, शहर की सभी प्रमुख दरगाहों,खानकाहों और मस्जिदों में साढ़े बारह बजे से नमाज अदा करने का सिलसिला शुरू हुआ। दरगाह आला हजरत के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि दरगाह प्रमुख सुब्हानी मियां, सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां समेत सभी खानदान के बुजुर्गों ने साढ़े तीन बजे रजा मस्जिद में जुमा की नमाज अदा की। सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने रमजान के रोजे की अहमियत बताई। जसोली स्थित पीराशाह मस्जिद के इमाम मौलाना तौहीद रजा ने कहा कि शरई मालदार मुसलमान पर गरीबों की मदद के लिए अल्लाह ने जकात फर्ज और सदका वाजिब किया है। उन्होंने लोगों से जल्द से जल्द जकात अदा करने को कहा।

RAVI CHILDREN'S ACADEMY
Situation Vacant
Apply offline for the following posts....

S.No	Post	Qualification
1	Principal	Post Graduate with B.Ed. , Min. 5 Years' Experience of teaching as P.G.T, Knowledge of Administration & Child pedagogy
2	Sport Teacher/ P.T.I	M.P.Ed., Achievement & Certificates in the field of Sport / Game at District/ State/ National level
3	Hindi/ Sanskrit (P.G.T)	Post Graduate with B.Ed. in relevant subject / Acharya (Sanskrit), C.T.E.T
4	Geography (P.G.T)	Post Graduate with B.Ed. in relevant subject, C.T.E.T
5	History (P.G.T)	Post Graduate with B.Ed. in relevant subject, C.T.E.T
6	Primary Teacher (Play Group)	Graduate & N.T.T.+ D.El.Ed.
7	Lab. Asst.	B.Sc.(Physics, Chemistry, Biology)
8	Office Asst. (Computer Operator)	B.Com with O- Level, Tally, Erp (Preference to Female Candidate)
9	Receptionist	Female (graduation with good communication skill in English)
10	Aaya	High School with interest in child care

Note: Apply offline with detailed resume and relevant supportive documents till **Friday, 5 April 2024**
Date of interview: **Sunday, 7 April 2024**
Address: Ravi Children's Academy, Near Dukh Haran Nath Temple, Patel Nagar, Gonda- 271001
Contact No – 9450944999

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी
अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
☎ 0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी इंटरमीडिएट की अंकतालिका अनुक्रमांक 0399864 क्रमांक 0552827 वर्ष 2010 वास्तव में कहीं खो गई है जो काफी तलाश करने बाद भी नहीं मिली है। **आशा देवी पुत्री धर्मपाल मौर्य निवासी ग्राम ढिलवारी तहसील आंवला जिला बरेली। मो. 9760585356**

सूचना
मैं बिरधी चंद मौर्य पुत्र तूफानी प्रसाद मोहल्ला पंजाबी कालोनी निकट गुरुद्वारा लखीमपुर (खीरी) का निवासी हूं। आमजन मुझे बिरधी चन्द्र के नाम से जानते हैं। लेकिन अब मुझे बिरधी चंद मौर्य के नाम से जाना जाय।

सूचना
मेरा हाई स्कूल वर्ष 2006 का अंक पत्र अनुक्रमांक 0820632, प्रमाण पत्र सं. 26019552 तथा इंटरमीडिएट वर्ष 2008 का अंक पत्र अनुक्रमांक 0443155, प्रमाण पत्र सं. 2616060 वास्तव में कहीं खो गये हैं। **कु. अनीता भारती पुत्री मिही लाल, निवासी- सुभाषनगर, थाना सुभाष नगर, जिला बरेली**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने मझले पुत्र मकसूद व उसकी पत्नी रूबीना को गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **मुख्त्यार खां पुत्र हैदर खां निवासी ग्राम मुतलक पुर तहसील व थाना आंवला जिला बरेली।**

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

भाजपा की चौथी सूची में तमिलनाडु व पुडुचेरी के उम्मीदवार घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकसभा चुनावों के लिए शुक्रवार को 16 उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी कर दी। इसमें तमिलनाडु के 15 और पुडुचेरी के उम्मीदवार का नाम शामिल है। पार्टी की ओर से जारी इस सूची के मुताबिक चेन्नई उत्तर से आर सी पॉल कनगराज, तिरूवल्लूर से पॉन वी बालागणपति, तिरवन्नमलाई से ए अश्वथामन, नामक्कल से के पी रामलिंगम, त्रिपुर से ए पी मुरुगनांदम, पोलाची से के वसंतराजन, करूर से वी वी सेंथिलनाथन, चिदंबरम से श्रीमती पी कार्तियायनी, नागपत्तिनम से एस जी रमेश,तंजावुर से एम मुरुगानंदम, शिवगंगा से देवनाथन यादव, मदुरै से राम श्रीनिवासन, विरूद्धनगर से राधिका शरतकुमार और टेनकासी से बी जॉन पांडियान को उम्मीदवार बनाया गया है। पुडुचेरी की एकमात्र लोकसभा सीट से भाजपा ने ए नमाशिवायम को पार्टी ने टिकट दिया है।

इससे पहले गुरुवार को भाजपा ने पूर्व राज्यपाल तिमिलसाई सौन्दर्यराजन, पार्टी की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई और केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन सहित राज्य से नौ उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की थी। इस प्रकार तमिलनाडु के लिए भाजपा ने अब तक 24 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। राज्य की 39 लोकसभा सीटों पर पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। भाजपा ने दो मार्च को 195 लोकसभा सीट के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी। इसके बाद, भाजपा ने 13 मार्च को 72 उम्मीदवारों की दूसरी सूची और 21 मार्च को नौ उम्मीदवारों की सूची जारी की थी।

दिग्गजों की सियासत दांव पर, टिकट से बचेगी साख

- वैभव शुक्ला, पीलीभीत

- निकाय चुनाव के दौरान भाजपा में शामिल हुए थे पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा
- भाजपा के पूर्व विधायक किशनलाल का तय होगा सियासी सफर
- नैनीताल-बहेड़ी से सांसद रहे बलराज पासी ने भी बढ़ाई है सक्रियता
- पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू के सामने बड़ी चुनौती

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर तराई की सियासत इन दिनों दिग्गजों की धड़कनें बढ़ा रही है। पीलीभीत-बहेड़ी लोकसभा सीट पर टिकट को लेकर भाजपा हो या फिर विपक्षी समाजवादी पार्टी। दोनों में ही प्रत्याशी तय करने में गहन मंथन हो रहा है। भाजपा सांसद मेनका गांधी और वरुण गांधी की इस हाई प्रोफाइल इस सीट पर सभी की नजर है। ऐसे कई दावेदार हैं जिनका सियासी सफर दांव पर लगा है। कोई दिल्ली में डेरा डाले है तो कोई अन्य विकल्प तलाशने में जुट गया है।

पीलीभीत-बहेड़ी लोकसभा सीट पर सर्वाधिक दावेदार भारतीय जनता पार्टी में हैं। इनमें से कई ऐसे हैं, जिन्होंने नगर निकाय चुनाव 2023 संपन्न होने के साथ ही अपनी तैयारी शुरू कर दी थी। समाजवादी पार्टी की सरकार में खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री रहे हेमराज वर्मा भाजपा भी टिकट के प्रबल दावेदारों में हैं। उन्होंने 2007 में बसपा से सदर विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ा, लेकिन जीत नहीं सके। 2012 में सपा के टिकट पर बरखेड़ा विधानसभा सीट से जीते। इसके बाद उन्हें राज्यमंत्री भी बनाया गया। 2017 और 2022 का विधानसभा चुनाव सपा से ही बरखेड़ा सीट से लड़ा, लेकिन दोनों में हार मिली। 2019 में लोकसभा चुनाव समाजवादी पार्टी के टिकट पर लड़ा। उस वक्त 4,48,922 वोट मिले थे। भाजपा के वरुण गांधी ने जीत दर्ज की थी। हाजी रियाज अहमद के निधन के बाद तराई क्षेत्र में सपा के मजबूत लीडरों में उन्हीं की गिनती थी। मगर अब वह भाजपाई हैं और टिकट की दावेदारी कर रहे हैं।

दूसरा नाम है किशनलाल राजपूत का। वह 2017 में भाजपा से बरखेड़ा सीट से विधायक बने। 2022 उनकी जगह स्वामी प्रवक्तानंद को भाजपा ने टिकट दे दिया। अब वह लोकसभा चुनाव में भाजपा से टिकट की मांग कर रहे हैं। उत्तराखंड के पूर्व सांसद बलराज पासी ने भी पीलीभीत -बहेड़ी लोकसभा सीट पर दावेदारी की है। वह नैनीताल सीट से 1991-96 तक सांसद रहे थे। वर्तमान में वह राज्य बीज एवं जैविक उत्पाद प्रमाणीकरण संस्था उत्तराखंड के अध्यक्ष हैं। वह अपनी सियासत को रफ्तार देने के लिए करीब एक साल से जनपद में सक्रिय हैं। भाजपा के ही पूर्व जिलाध्यक्ष एवं पीसीयू के सभापति सुरेश गंगवार भी दावेदार हैं।

हेमराज वर्मा

किशनलाल राजपूत

फूलबाबू

... जा सकते हैं सपा में

भाजपा से टिकट पाने के लिए दावेदारों की लंबी फेहरिस्त पर विपक्षी दलों की भी नजर है ।एक दावेदार के बारे में चर्चा है कि वह सपा आलाकमान के भी सपर्क में हैं। भाजपा से टिकट नहीं मिला तो साइकिल की सवारी कर सकते हैं।

लगातार तीन चुनाव हारे फूलबाबू का सियासी कद तय होगा

इसी तरह से सपा से टिकट की दौड़ में पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार समेत कई चेहरे हैं। जिनके सियासी सफर का भविष्य लोकसभा चुनाव में तय होगा। बसपा से टिकट पाने में कामयाब हुए पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां फूलबाबू भी सियासी तलवार की धार पर खड़े हैं ।वह बीसलपुर विधानसभा सीट पर 1996, 2002, 2007 में हुए तीनों चुनाव में लगातार विधायक बने। मगर इसके बाद 2012, 2017, 2022 के चुनाव में हार की हैट्रिक भी बनाई। इसके अलावा तीन बार लोकसभा चुनाव में किस्मत आजमा चुके हैं। ऐसे में टिकट मिलने के बाद उनकी चुनौती और बढ़ गई है।

चुनाव कमाल का...

- 1998 देश में 12वें लोकसभा चुनाव का गवाह बना। इस चुनाव में भाजपा को 182 सीटें मिली, जबकि कांग्रेस के खाते में 141 सीटें आईं। सीपीएम ने 32 सीटें जीती और सीपाआई के खाते में सिर्फ नौ सीटें आई। समता पार्टी को 12, जनता दल को 6 और बसपा को 5 लोकसभा सीटें मिली। क्षेत्रीय पार्टियों ने 150 लोकसभा सीटें जीतीं।
- 1998 में भाजपा ने शिवसेना, अकाली दल, समता पार्टी, एआईएडीएमके और बिजू जनता दल के सहयोग से सरकार बनाई और अटल बिहार वाजपेयी फिर से प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठे, लेकिन इस बार अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार 13 महीने में ही गिर गई।
- 1999 के आम चुनाव में कांग्रेस और सिमटी। इस चुनाव में विदेशी सोनिया बनाम स्वदेशी वाजपेयी का माहौल बनाया गया। भाजपा को सबसे ज्यादा 182 सीटें मिली और वाजपेयी केंद्र में सरकार बनाने में कामयाब रहे, जबकि कांग्रेस के खाते में सिर्फ 114 सीटें आई थीं। सीपीआई ने चुनाव में 33 सीटें जीतीं।
- 1999 में यह पहली बार था जब अटल बिहारी वाजपेयी की अगुवाई में केंद्र में किसी गैर-कांग्रेसी सरकार ने पांच साल का कार्यकाल पूरा किया।
- 2004 के 14वें लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का 'इंडिया शाइनिंग' का नारा असफल रहा और कांग्रेस सत्ता में लौटी। इस चुनाव में कांग्रेस को 145 सीटें मिलीं। जबकि भाजपा के खाते में 138 सीटें आई। सीपीएम के खाते में 43 सीटें गई और सीपीआई 10 सीटें जीतने में कामयाब रही।

चुनावी तीर

राजनीति का स्तर इस तरह से गिराना न तो प्रधानमंत्री को शोभा देता है और न ही उनकी सरकार को। सभी राजनीतिक दलों और उनके नेताओं पर दबाव बनाने के लिए ईडी, सीबीआई, आयकर विभाग जैसी केंद्रीय एजेंसियों का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। केजरीवाल को निशाना बनाया जा रहा है और यह असंवैधानिक है। ऐसी शर्मनाक घटना इतिहास में पहली बार देखी जा रही है।

- प्रियंका गांधी वाड्रा, राष्ट्रीय महासचिव, कांग्रेस

कांग्रेस को चुनाव लड़ने से रोकने के लिए भाजपा जिस तरह से परेशान कर रही है यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। यह निंदनीय है। भाजपा की मानसिकता मनुवादी है। भाजपा चाहती है कि असमानता कायम रहे, जाति व्यवस्था और मजबूत हो, बेरोजगारी बढ़नी चाहिए, किसानों की समस्याएं हल नहीं होनी चाहिए। विपक्षी दलों के बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए हैं ताकि चुनाव लड़ने के लिए पैसा न रहे।

- सिद्धरमैया, मुख्यमंत्री, कर्नाटक

भाजपा के 30 स्टार प्रचारक करेंगे 300 से ज्यादा रैली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रधानमंत्री समेत केंद्रीय नेतृत्व व मुख्यमंत्री की सभाओं पर ज्यादा फोकस, प्रचारकों में सिर्फ हेमा फिल्मी स्टार
- राज्य में रैलियों से लेकर धुआंधार प्रचार की जिम्मेदारी तय, भाजपा की 'त्रिमूर्ति' संभालेगी चुनाव की बागडोर

अमृत विचार। भाजपा ने प्रदेश में सभी 80 सीटों पर जीत के लिए तीन सौ रैलियां करने की योजना बनाई है। रैलियों से लेकर धुआंधार प्रचार किस स्टार प्रचारक का कब और कहां होगा, इसका रुटचार्ट और प्रबंधन की जिम्मेदारी भाजपा की 'त्रिमूर्ति'' संभालेगी। अलग-अलग मोर्चों पर नेताओं की जिम्मेदारी तय की गई है।

भाजपा की राज्य चुनाव संचालन समिति की प्रदेश मुख्यालय में शुक्रवार को हुई बैठक में तीन अलग-अलग मंत्रियों को इसकी कमान सौंपी गई है। रैलियों के दौरान किसकी जिम्मेदारी रहेगी, कौन अतिरिक्त जिम्मेदारी संभालेगा, इसके साथ चुनाव प्रबंधन किसके हाथ में रहेगा, इसको लेकर कार्य बांटे गए। इसके अनुसार जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह के पास चुनावी रैलियों की जिम्मेदारी होगी, तो कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद व्यवस्था पर नजर रखेंगे, जबकि जेपीएस राठौर बाकी चुनाव प्रबंधन को देखेंगे। संचालन समिति की देखरेख में भाजपा 300 से ज्यादा चुनावी रैलियां करेगी।

राज्य चुनाव संचालन समिति ने प्रदेश में 30 स्टार प्रचारकों के कार्यक्रम तय करने का कार्य भी लगभग पूरा कर लिया है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी व धर्मेंद्र प्रधान शामिल हैं।

प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक समेत मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के अलावा मुख्तार अब्बास नकवी, स्मृति ईरानी, डॉ दिनेश शर्मा, संजीव बाल्यान, जसवंत सैनी, हेमा मालिनी, अशोक कटारिया, सुरेंद्र नागर, जनरल वीके सिंह, बीएल वर्मा, राजवीर सिंह 'राजू भईया', एसपी सिंह बघेल, साध्वी निरंजना ज्योति, कांता कदम, रजनीकांत माहेश्वरी, मोहित बेनीवाल, धर्मेंद्र कश्यप, जेपीएस राठौर, भोला सिंह शामिल हैं।

होली बाद गाढ़ा होगा मोदी-योगी व जयंत की रैली का रंग

प्रदेश में भाजपा समेत सभी राजनीतिक दलों का चुनावी रंग होली के बाद देखने लायक होगा। सबसे पहले रैलियों की शुरूआत पश्चिमी उप्र. के जाटलैंड से होगी। पहले चरण में सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद,रामपुर और पीलीभीत में कड़ा मुकाबला है। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सबसे ज्यादा मांग है। संगठन इसे अनसुना भी नहीं कर रहा है। बीते विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के किसान बिल को लेकर इन इलाकों में जबरदस्त आक्रोश था, तब योगी ने ही कमान संभाली और विरोध में लोकदल और सपा के गठबंधन के बावजूद रिकार्ड सीटों पर विजय मिली। इस बार माहौल बेहतर है, चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने और लोकदल से गठबंधन के कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की मांग भी खूब हो रही है। रालोद प्रमुख जयंत चौधरी की टीम भाजपा के साथ कहीं सयुंक्त तो कहीं अकेले रैली व रोड शो करेगी।

राहुल-अखिलेश संभालेंगे इंडिया का मोर्चा

इंडिया गठबंधन से राहुल गांधी और सपा मुखिया अखिलेश यादव और शिवपाल यादव मुख्य कमान संभालेंगे। बसपा प्रमुख मायावती भी कुछ सीटों पर प्रचार करने जा सकती है। कांग्रेस की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, प्रियंका गांधी समेत आईएनडीआईए गठबंधन के कई नेताओं की चुनावी रैलियां होंगी।

बसपा की सोशल इंजीनियरिंग विपक्ष के लिए बन रही चुनौती

- चुनाव डेस्क, लखनऊ

अमृत विचार। साल 2006 में सोशल इंजीनियरिंग का फार्मूले से प्रदेश में पूर्ण बहुमत की बसपा सरकार बनाने वाली मायावती की चुप्पी से राजनैतिक दलों में बेचैनी बनी हुई है। यह बेचैनी बसपा द्वारा अब तक प्रत्याशियों की अधिकारिक सूची न घोषित होने से बनी हुई है। एनडीए और इंडिया गठबंधन की राजनीति में बसपा के प्रत्याशियों की ट्रंप का इक्का सरीखे स्थिति बन गई है, माना जा रहा है कि बसपा के प्रत्याशी तीसरा मोर्चा भले ही न बन सकें, मगर स्थानीय स्तर पर मतों की बड़ी सेंधमारी कर संभावित परिणाम प्रभावित कर सकते हैं।

लोकसभा चुनाव का आगाज हो चुका है, देश में सबसे ज्यादा लोकसभा सीटों वाले उत्तर प्रदेश में भाजपा व सपा ने अधिकांश सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं, शेष सीटों पर होली बाद घोषित किये जाने की बात कही जा रही है। मगर, बसपा साइलेंट मोड में बनी हुई है, लोकसभा चुनाव को लेकर मायावती की चुप्पी के सियासी गलियारों में तरह- तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। अबतक घोषित हो चुके प्रत्याशियों को देखते हुए सोशल इंजीनियरिंग का दोबारा फार्मूला दोहराने की चर्चाएं शुरू हो गईं हैं। अकबरपुर, रनिया, उन्नाव, आयोध्या, धरोहरा व पश्चिम उप्र. में आधा दर्जन ब्राम्हण प्रत्याशियों से जहां एनडीए गठबंधन (भाजपा) के प्रत्याशियों के लिए कठिनाई पैदा हो चुकी है वहीं दलित और मुस्लिम प्रत्याशियों के घोषित होने से इंडिया गठबंधन(सपा) के प्रत्याशियों की धड़कने बढ़ रहीं हैं।

सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय में बसपा अव्वल

बसपा के एमएलसी व लखनऊ मंडल प्रभारी भीमराव आंबेडकर का कहना है कि कोई भाजपा की बी टीम कहता है तो कोई इंडिया गठबंधन का हितैषी होने का प्रमाण देता है। मगर वास्तव मे सर्व समाज को प्रतिनिधित्व देने का पहली बार मायावती ने काम किया था। साल 2006 में सबसे ज्यादा ब्राम्हण विधायक, मुस्लिम व दलित विधायकों के साथ सरकार बनाई गई थी। जिसे जनता आज भी दोहराना चाह रही हैं। फिलहाल, बसपा द्वारा प्रदेश के 18 मंडलों में सात सवर्ण(पांच ब्राम्हण), पांच मुस्लिम, तीन दलित, एक जाट व दो ओबीसी प्रभारी बनाए गए हैं। स्पष्ट है कि बसपा का प्रत्याशी जनता से जुड़ा होगा।

विपक्ष को झटका देने को दिया पल्लवी को प्रस्ताव

सपा के साथ अपना दल कमेरावादी के समझौता तोड़ने की शुक्रवार को घोषणा होते ही, बसपा द्वारा अपना दल की पल्लवी पटेल को समर्थन का आश्वासन और हाथी चुनाव चिन्ह पर प्रत्याशी उतारने का ऑफर देने की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। हालांकि पार्टी के भीम राव आंबेडकर ने चर्चाओं की पुष्टि नहीं की है। उनका कहना है कि ऑफर देने का विषय बसपा सुप्रीमो के स्तर का है, अभी तक किसी प्रकार की अधिकारिक जानकारी पार्टी की ओर से नही दी गई है। मालूम हो कि अपना दल की कृष्णा पटेल ने गुरुवार को इंडिया गठबंधन के तहत प्रयागराज की फूलपुर, मिर्जापुर व कौशांबी सीट पर प्रत्याशी उतारने का एलान कर दिया था। जिसके बाद सपा के अखिलेश यादव ने 2024 में गठबंधन की बात से इंकार कर दिया था।

रामपुर लोकसभा सीट का सीतापुर जेल कनेक्शन, बदल सकता है समीकरण

- सुहेल जैदी, रामपुर

- सपा-कांग्रेस गठबंधन से नेताओं का बदला सियासी मिजाज
- मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र होने का लाभ लेते रहे हैं पूर्व मंत्री आजम खां

अमृत विचार : रामपुर लोकसभा सीट का सीतापुर जेल कनेक्शन रामपुर के सियासी समीकरण बदलने की ताकत रखता है। क्योंकि, सपा-कांग्रेस गठबंधन होने के बाद से नेताओं का सियासी मिजाज बदल गया है। शोला बयां मोहम्मद आजम खां रामपुर के मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र होने का लाभ लेते रहे हैं। हालांकि, भाजपा हाईकमान ने लोकसभा उप चुनाव 2023 में जीते घनश्याम सिंह लोधी को सबसे पहले टिकट देकर अपने पत्ते खोल दिए हैं। आजादी के बाद वर्ष 1952 में हुआ पहला लोकसभा चुनाव देश के पहले शिक्षा मंत्री अबुल कलाम आजाद ने लड़ा था। इसके बाद रामपुर लोकसभा सीट को लेकर चर्चाओं में रहता है।

नूरमहल कभी कांग्रेस की धुरी हुआ करता था। लेकिन, समय के साथ बदलाव आता गया और सियासी बिसात के राजनैतिक मोहरे आजम खां के साथ होते गए। कभी रामपुर का चुनाव इस तर्ज पर होता था बड़ा वोट मिक्की मियां (लोकसभा) और छोटा वोट आजम खां (विधानसभा) को जाता था। लेकिन, पूर्व सांसद बेगम नूरबानो ने वर्ष 1996 में लोकसभा चुनाव अपने दमखम पर लड़ा और भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र शर्मा को करारी शिकस्त देते हुए यह सीट छीनकर कांग्रेस की झोली में डाल दी। लेकिन,वर्ष 1998 में पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने रामपुर लोकसभा जीत ली और बेगम नूरबानों को करीब साढ़े हजार वोटों से शिकस्त दे दी। इसके बाद वर्ष 1999 में हुए लोकसभा चुनाव में बेगम नूरबानो ने एक बार फिर जीत दर्ज की। वर्ष 2004 में सपा की साइकिल पर सवार होकर फिल्म अभिनेत्री रामपुर आईं और लोकसभा चुनाव जीतकर संसद पहुंच गईं। लेकिन, वर्ष 2014 में हुए चुनाव में मुरादाबाद के डॉ. नेपाल सिंह ने भाजपा के टिकट पर जीत दर्ज कर ली। इसके बाद वर्ष 2019 में पूर्व मंत्री आजम खां ने लोकसभा चुनाव जीतकर संसद का रुख किया। वर्ष 2022 में आजम खां द्वारा लोकसभा सीट से त्याग पत्र देने के बाद हुए लोकसभा उपचुनाव में भाजपा के प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी ने आसानी से चुनाव जीत लिया। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के टिकट के लिए कई दावेदार थे लेकिन, पार्टी हाईकमान ने घनश्याम सिंह लोधी पर ही दांव लगाया है। जबकि, सपा के जिलाध्यक्ष अजय सागर का कहना है कि लोकसभा टिकट मामले में अंतिम निर्णय पूर्व मंत्री आजम खां को लेना है। पूर्व सांसद बेगम नूरबानो भी वर्ष 2024 का चुनाव लड़ने की पूरी तैयारी में थीं और उन्होंने ऐलान कर दिया था कि वह चुनाव लड़ेंगी। नूरमहल को करीब 20 से 25 प्रतिशत हिन्दू वोट के अलावा दलित और सिखों को वोट मिलता है। आजम खां पुरानी रवायत को बरकरार रखते हुए बेगम नूरबानो को गठबंधन प्रत्याशी बनाते हैं तो रामपुर का चुनाव काफी दिलचस्प हो सकता है। हालांकि, यह मुश्किल है क्योंकि आजम खां का नवाबों से पंगा किसी से छिपा नहीं है। लेकिन, राजनीति में सबकुछ संभव है। कांग्रेस हाईकमान यदि गठबंधन में रामपुर सीट पर बेगम नूरबानो को चुनाव लड़ाती है तब भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी की राह मुश्किल हो सकती है।

पूर्व सांसद बेगम नूरबानो

पूर्व मंत्री आजम खां

घनश्याम सिंह लोधी

अखिलेश की 'प्रेशर-पॉलिटिक्स' में बिखरे सहयोगी

- अजय दयाल, लखनऊ

- गठबंधन से पहले प्रत्याशी घोषित कर कांग्रेस पर बनाया था दबाव
- सहयोगी दलों को रोकने में भी आजमा रहे यही दांव, गुटबंदी हो रही हावी

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव में सत्तासीन दल भारतीय जनता पार्टी को ललकारने की तैयारी कर रही समाजवादी पार्टी अपनों को ही साथ लेकर चलने के संघर्ष में हलकान है। मुख्य विपक्षी होने के नाते समाजवादी पार्टी पर भाजपा की विचारधारा के साथ न चलने वाले 'वोटबैंक' की नजर तो है लेकिन एक के बाद एक सहयोगी दलों के बिखराव से संदेश साकारात्मक नहीं जा रहा। हकीकत तो यह है कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव की 'प्रेशर-पॉलिटिक्स' के चक्कर में सहयोगी नहीं फंस रहे।

अभी बदल भी सकते हैं टिकट

सूत्र बता रहे हैं कि सपा में टिकटों के बंटवारे पर अभी आम सहमति नहीं है। संभावना है कि अखिलेश टिकटों में अभी और बदलाव कर सकते हैं। ताजा बदलाव सपा प्रमुख ने दिल्ली से सटी गाजियाबाद सीट पर महेंद्र नागर की जगह राहुल अवाना को अपना उम्मीदवार बना दिया। वहीं इससे पहले भी बदायूं सीट से अखिलेश यादव के चचेरे भाई धर्मेंद्र यादव को टिकट मिला था लेकिन फिर उनका टिकट काटकर चाचा शिवपाल को टिकट दिया गया। फिर बदलाव के संकेत मिल रहे हैं।

हाल-फिलहाल की बात की जाए तो गठबंधन को लेकर कांग्रेस के ठंडे रवैये के मद्देनजर अखिलेश ने सीटों पर समझौता होने का इंतजार किए बगैर ही पार्टी प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी थी। इस सूची में 16 नाम थे और इससे पहले अखिलेश ने कांग्रेस को 11 सीटें देने की पेशकश भी की थी। हालांकि कांग्रेस के खाते में आईं 17 सीटों पर भी अभी तक उम्मीदवार नहीं उतारे हैं। इस बीच सपा निरन्तर प्रत्याशी घोषित कर कांग्रेस में तेजी लाने को उकसा रही है। उधर, सपा और कांग्रेस के बीच गठबंधन हो जाने के बावजूद तालमेल नजर नहीं आ रहा और इधर सपा भी अपने सहयोगियों को कांग्रेस के चक्कर में नजरंदाज कर रही। ऐसे में सहयोगी बिखर रहे हैं। शुक्रवार को ही इस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय चौहान ने घोषणा की कि वह अपने बूते उप्र की 27 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। देखा जाए तो उप्र. विस. चुनाव 2022 के बाद यह पांचवीं पार्टी है, जिससे अखिलेश का नाता टूटा है। इससे पहले महान दल, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी और राष्ट्रीय लोक दल, अपना दल कमेरावादी के साथ गठबंधन टूट चुका है।

भाजपा को जिताने के लिहाज से टिकट दे रही सपा

जनवादी पार्टी सोशलिस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय चौहान ने शुक्रवार को लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में सपा को भाजपा की बी टीम बताते हुआ कहा कि सब सीट पर टिकट भाजपा को ही जिताने के लिहाज से बांटे जा रहे हैं। संजय सिंह चौहान इस बार घोसी से लोकसभा का चुनाव अपने सिंबल पर लड़ेंगे। संजय का आरोप है कि वह घोसी से ही सपा के सिंबल पर चुनाव लड़ना चाहते थे, अखिलेश यादव उनको आश्वासन भी देते रहे लेकिन टिकट देने के समय उन्होंने राजीव राय को टिकट दे दिया। वहीं शुक्रवार को सपा से टिकट मिलने की उम्मीद न पूरी होने के बाद आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने भी नगीना से पर्चा भर दिया है।

अयोध्या मुद्दे से मिशन-80 को हकीकत में बदलने की तैयारी

40 साल पहले कांग्रेस के नाम 83 सीटें जीतने का करिश्मा

अब प्रदेश की सभी सीटें जीतने का भाजपा बना रही माहौल

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

अमृत विचार: कांग्रेस के पक्ष में 40 साल पहले की सहानुभूति लहर से इसबार अयोध्या मुद्दे की बराबरी करना बड़ी चुनौती होगी। तब कांग्रेस ने देश की कुल 518 सीटों में 415 और उत्तर-प्रदेश (उत्तरांचल सहित) की कुल 85 मे से 83 लोकसभा सीटें जीतने का रिकार्ड बनाया। अब भाजपा और संघ अयोध्या मुद्दे से मिशनः 80 को हकीकत में बदलने का माहौल बनाने में जुटी हैं। मगर हर नारा हकीकत में बदले, यह मुमकिन नहीं।

देश के लिए 1984 का दौर बहुत कठिन था। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 31 अक्टूबर, 1984 को नई दिल्ली के सफदरगंज रोड स्थित उनके आवास पर सुबह 9:30 ताबड़तोड़ गोलियां दागकर हत्या कर दी गई थी, पूरे देश में गम और गुस्सा का माहौल था। राजीव गांधी के प्रधानमंत्री बनने के दो महीने के भीतर ही 1984 का लोकसभा चुनाव हुआ। दिसंबर 1984 में लोकसभा की 542 में 515 सीटों पर ही चुनाव हुए थे। असम की 14 और पंजाब की 13 सीटों पर चुनाव एक साल बाद सितंबर 1985 में हुए। इन चुनावों में कांग्रेस को 542 में से 415 सीटों पर जीत मिली थी। इतिहास में पहली बार कांग्रेस को मिले वोटों का प्रतिशत 49.1 प्रतिशत पहुंचा। विपक्ष को जमानत बचानी मुश्किल हो गई, भाजपा दो सीटों पर सिमट गई, भाजपा के लगभग 50 फीसदी उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई थी। उसे प्राप्त वोटों का प्रतिशत 7.74 रहा। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) को इस चुनाव में 22 सीटों के साथ 5.87 फीसदी वोट मिले थे। भारतीय कम्युनिस्ट (भाकपा) 2.71 प्रतिशत वोट पाकर 6 सीटों पर जीती थी। 1984 के कांग्रेस के करिश्मे को आज तक कोई नहीं दोहरा पाया है।

लेकिन अगले पांच साल बाद से लेकर देश की राजनीति में इतने बदलाव आए कि अब 2024 के लोकसभा चुनाव में पांच सदी की प्रतीक्षा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य राममंदिर का उद्घाटन लहर बना रहा है। भाजपा और संघ इसे भारत की अस्मिता और गौरव से जोड़कर पूरे देश में मतों का ध्रुवीकरण करने की कोशिश में जुटे हैं।

सवाल उठता है कि क्या भाजपा उप्र. की सभी 80 सीटें जीतने के संकल्प को पूरा कर पाएगी? चुनाव विश्लेषकों का कहना है कि भाजपा नीत राजग तब की सहानुभूति लहर से इतर मनमोहन सरकार के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर की मदद से 2014 में उप्र. 73 सीटें हासिल कर चुकी है। यही नहीं, 2019 में कांग्रेस को 1984 में मिले मत प्रतिशत को भी पीछे छोड़ चुकी है। ऐसे में मिशन 80 कठिन जरूर है, पर नामुमकिन कतई नहीं है।

रालोद और सुभासपा भी है अब एनडीए का हिस्सा

समाजवादी पार्टी ने 2019 के लोकसभा चुनाव में पांच सीटें हासिल की थीं। तब बसपा और रालोद के साथ गठबंधन था। पश्चिम में सपा की मददगार रही रालोद एनडीए का हिस्सा हो गया है। बसपा फिलहाल अकेले चुनाव लड़ रही है। 2019 के बाद से पूर्वांचल में सपा की मजबूत मददगार रही सुभासपा भी एनडीए का हिस्सा बन गई है। नोनिया चौहान बिरादरी में पकड़ रखने वाले दारा सिंह चौहान फिर भाजपा में लौट आए हैं। विधानसभा चुनाव के दौरान दारा सिंह समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए थे।

बसपा का एकला चलो कहीं फायदा तो कहीं नुकसान

राजग व इंडिया गठबंधन की आमने-सामने की लड़ाई में बसपा का अकेले मैदान में होना कई जगह लड़ाई को त्रिकोणीय बनाएगा। बसपा के टिकटों के लिहाज से इस त्रिकोण का ज्यादा लाभ एनडीए के खाते में जा सकता है।

कांग्रेस परिवार से प्रत्याशी आए तो मजबूत किलेबंदी

अमेठी और रायबरेली में कांग्रेस इस बार भी कड़ी टक्कर दे सकती है, यदि गांधी परिवार से प्रत्याशी आए। हालांकि 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा को पांच, बसपा को 10 और कांग्रेस को एक सीट मिली थी। तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी अपनी परंपरागत सीट अमेठी तक केंद्रीय मंत्री स्मृति जूबिन इरानी से हार गए थे। सिर्फ रायबरेली से सोनिया गांधी एक मात्रा कांग्रेस से जीत सकीं थी। पिछले विधानसभा चुनाव तक इन जिलों में कांग्रेस के भी विधायक हुआ करते थे। वर्तमान में पार्टी का एक भी विधायक नहीं है। ऐसे में सपा से गठबंधन के बाद कांग्रेस को अमेठी और रायबरेली में भी सपा के विधायकों से बड़ी उम्मीद रही होगी। मगर, भाजपा ने राज्यसभा चुनाव में सपा के असरदार माने जाने वाले दो विधायकों-पूर्व मंत्री मनोज पांडेय और राकेश प्रताप सिंह को अपने पाले में लाकर तहलका मचा दिया। पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति की पत्नी महाराजी प्रजापति वोट देने ही नहीं पहुंचीं। ऐसे में कांग्रेस के लिए अब अमेठी और रायबरेली से गांधी परिवार को उतारना किसी चुनौती से कम भी नहीं है।

हिंदू मतों के ध्रुवीकरण पर टिकी भाजपा की आस

चुनाव मैदान में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भावनाओं का उभार साफ दिख रहा है। ज्ञानवापी और मथुरा का प्रचार भी खूब हो रहा है। सीएए से ध्रुवीकरण करने की पूरी कोशिश दिख रही है। साथ ही सरकारी धन खर्च करके मोदी की गांरटी रथ के जरिए लाभार्थियों से सीधा संवाद करके गरीब-पिछड़ों को जमकर साधा गया। साथ ही इसबार विपक्ष में कांग्रेस-सपा का 2019 के मुकाबले सपा-बसपा-रालोद गठबंधन से कमजोर हालत में दिख रहा है। ऐसे में 80 में 80 न सही, लेकिन 1984 में जिस तरह 85 में 83 सीटें कांग्रेस ने जीती थीं, उस तरह का परिणाम नजर आए तो चौंकना भी नहीं चाहिए।

राजीव गांधी ने ही दिखाई थी सियासत को रामपथ की राह

- 1989 के लोकसभा चुनाव का अभियान अयोध्या से शुरू किया था और मुद्दा बनाया था रामराज्य

इंदुभूषण पांडेय, अयोध्या

अमृत विचार : राजनीति की प्रयोगशाला के तौर पर अयोध्या कोई पहली बार अब वोट की सियासत के केंद्र में नहीं आई है। इससे पहले भी राम की अयोध्या ने इस तरह के सियासी मेले और झमेले देखे हैं। आज भले ही भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव की पटकथा अयोध्या से लिखने के प्रयास में दिख रही हो, लेकिन देश की सियासत को रामपथ की राह दिखाने का काम राजीव गांधी ने किया था। 1989 के लोकसभा चुनाव के अभियान की शुरुआत उन्होंने न सिर्फ अयोध्या से की थी, बल्कि रामराज्य को उस चुनाव का मुद्दा भी बना दिया था। यह अलग बात है कि कांग्रेस इस मामले में चूक गई और उसे बहुमत नहीं मिला। केंद्र में बीपी सिंह की भाजपा और कुछ अन्य दलों की समर्पित सरकार बन गई। दरअसल देश के सियासी एजेंडे में राम मंदिर और अयोध्या खुल करके आया वर्ष 1986 में जब उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की वीर बहादुर सिंह सरकार थी। इसी साल फैजाबाद (अब अयोध्या) के जिलाधिकारी और एसएसपी के बयान और सहमति के आधार पर तत्कालीन जिला जज की अदालत ने विवादित रामजन्मभूमि का ताला खोल दिया था। लोकसभा का 1989 का चुनाव आया तो कांग्रेस ने अयोध्या से ही चुनाव अभियान की शुरुआत की। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की कैंटोनमेंट मैदान में पहली चुनावी रैली हुई। यहीं से राजीव गांधी ने अपने भाषण में देश में रामराज्य लाने की बात कही और मन्दिर/मस्जिद विवाद के मामले में कहा कि इसको सभी पक्षों की सहमति से हल करने का प्रयास किया जाएगा। एक तरफ जहां कांग्रेस ने यह दांव खेला वहीं दूसरी तरफ पहले से ही रामजन्मभूमि का मुक्ति का आंदोलन चला रही भाजपा, विश्व हिंदू परिषद और आरएसएस ने कांग्रेस से इस मुद्दे को छीन लेने के लिए प्रस्तावित राम मंदिर के शिलान्यास की घोषणा कर दी। 1989 लोकसभा का आम चुनाव 22 व 26 नवंबर को होना था। इससे पहले 9 नवंबर 1989 को विश्व हिंदू परिषद ने अयोध्या में रामजन्मभूमि मन्दिर का शिलान्यास कर दिया। जिसमें तमाम राजनीतिक हस्तियों सहित हजारों की तादात में साधु-संत शामिल हुए और राम मंदिर की नींव की पहली ईंट विहिप से जुड़े तबके एक दलित युवक कामेश्वर चौपाल के हाथों रखवाई गई। इसके पीछे भाजपा और विहिप की मंशा कांग्रेस के परंपरागत दलित वोट को छीन लेना भी था। और चुनाव परिणाम जब आये तो ऐसा दिखा भी। कांग्रेस सबसे बड़ा दल जरूर बनी लेकिन बहुमत से बहुत दूर रही। तब दूसरी सबसे बड़ी पार्टी जनता दल जो राष्ट्रीय मोर्चा का नेतृत्व करती थी, उसे अवसर दिया गया और वीपी सिंह देश के प्रधानमंत्री बन गए। तब उनके नेतृत्व की सरकार को भारतीय जनता पार्टी और कम्युनिस्ट पार्टियों ने बाहर से समर्थन दिया था। कांग्रेस के रणनीतिकारों में शुमार रहे मणिशंकर अय्यर ने अपनी आत्मकथा में बताया है कि दरअसल, 1989 के चुनाव अभियान की शुरुआत कांग्रेस पार्टी ने राजस्थान के नागौर से करना तय किया था। कारण यह था कि 1949 में प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने गांधी जयंती के मौके पर इसी नागौर से ही पंचायती राज व्यवस्था लागू की थी। कांग्रेस पार्टी ने 1989 के चुनाव का मुख्य मुद्दा भी पंचायत राज ही तय कर रखा था। लेकिन हुआ ठीक इसके उलट। न तो पंचायत राज के मुद्दे को लेकर कांग्रेस चुनाव में आगे आई और न ही चुनाव अभियान का श्रीगणेश नागौर से किया गया। मणिशंकर अय्यर अपनी आत्मकथा में आगे कहते हैं कि राजीव गांधी की फैजाबाद की पहली चुनावी रैली के भाषण का जो नोट्स था उसमें भी राम मंदिर या रामराज्य का बिंदु नहीं था। उनका कहना था कि राजीव गांधी के कुछ करीबी सलाहकार और खासकर शीला दीक्षित की राय पर अयोध्या से चुनाव अभियान का श्रीगणेश करने और पंचायती राज की जगह रामराज्य को मुख्य मुद्दा बनाया गया। मणिशंकर अय्यर कहते हैं कि काश ऐसा न हुआ होता तो 1989 में कांग्रेस भले ही सरकार न बना पाती लेकिन सीटें इतनी कम न होतीं।



कांग्रेस की यह रणनीतिक चूक थी। अब 2024 के आम चुनाव में भाजपा की कोशिश तो राम मंदिर के निर्माण को केंद्र में रखकर चुनाव मैदान फतह करने की लगती है। लेकिन वहीं बहुत सारे सियासी पण्डितों और राजनीतिक विश्लेषकों को लगता है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के आधार पर बन रहे राम मंदिर का मुद्दा चुनाव का मुख्य मुद्दा नहीं बन पाएगा, लेकिन इसका पर्याप्त प्रभाव चुनाव परिणाम पर असर जरूर डालेगा।

चुनाव कमाल का...

- देश में आपराधिक पृष्ठभूमि वाले सांसदों की संख्या हर चुनाव के बाद बढ़ती ही जा रही है। नेशनल इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म (एडीआर) द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2004 में आपराधिक पृष्ठभूमि वाले सांसदों की संख्या 128 थी जो वर्ष 2009 में 162 और 2014 में 185 और वर्ष 2019 में बढ़कर 233 हो गई। जहाँ एक ओर वर्ष 2009 में गंभीर आपराधिक मामलों वाले सांसदों की संख्या 76 थी, वहीं 2019 में यह बढ़कर 159 हो गई। इस प्रकार 2009-19 के बीच गंभीर आपराधिक पृष्ठभूमि वाले सांसदों की संख्या में कुल 109 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। रिपोर्ट में गंभीर आपराधिक मामलों में बलात्कार, हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण, महिलाओं के विरुद्ध अपराध आदि को शामिल किया गया है।

होली के रंग में भंग डाल सकती है चुनाव की आचार संहिता

- नेताजी को महंगी पड़ सकती है होली की दावत
- हिदायतः चुनावी गतिविधियों पर रखे पैनी नजर

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

अमृत विचार: सावधान हो जाइए। होली है, लेकिन आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। नेताजी को इस बार दावत देना महंगी पड़ सकता है। यह वोट के लिए प्रलोभन और उकसाने के दायरे में होगा। कार्रवाई हो सकती है। आयोग से ऐसी गतिविधियों पर नजर रखने के आदेश हैं। तीसरी नजर देख रही है। जिले में निगरानी टीमें सक्रिय हैं। हिदायत है ऐसी गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाए।

लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। सियासी दलों में मतदाताओं को अपने पक्ष में करने की होड़ लग गई है। ऐन-केन प्रकारेण चुनाव फतह की रणनीति है। वोट के लिए अंदरखाने में तरह-तरह की रणनीति बनाए जाने की खबर है। चुनाव के ठीक पहले होली पड़ गई। गिफ्ट और दावत देकर मतदाताओं को पक्ष में करने का प्रयास हो सकता है। चुनाव से इतर होली पर जश्न मनाने, नेताजी के साथ दावत उड़ाने की परंपरा पुरानी है, लेकिन इस बार ये महंगा पड़ सकता है। आयोग की जारी गाइडलाइन के अनुसार चुनाव के दौरान किसी भी मतदाता को रुपये, शराब या उपहार सहित दूसरे प्रलोभन के जरिए वोट लेने की कोशिश, पक्ष या विपक्ष में मतदान करने के लिए उकसाना या प्रेरित करना, आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। इसके लिए दंड भी भुगतना पड़ सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि जिले में धारा 144 लागू है। आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। ऐसे में किसी भी मतदाता को वोट के लिए प्रलोभन देना दंडनीय अपराध है। होली में शराब, पैसा या गिफ्ट देना इसके दायरे में होगा। निगरानी टीमें लगाई गई है। पकड़े जाने पर विधिक कार्रवाई होगी।

गतिविधियों पर नजर रखेंगी 15 टीमें

जिला प्रशासन ने आदर्श आचार संहिता के पालन के लिए विधानसभा वार 15 टीमें लगाई है। इनको सक्रिय कर दिया गया है। यह होली के दौरान ऐसी गतिविधियों पर नजर रखेंगी। जिला निवार्चन अधिकारी नितीश कुमार ने शिकायत पर त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया है।

उल्लंघन पर हो सकती है 1 साल की सजा

आदर्श आचार संहिता के दौरान पक्ष या विपक्ष में वोट करने या न करने के लिए प्रलोभन देकर उकसाना या प्रेरित करना, मतदाता को रुपये, शराब या उपहार का प्रलोभन देना, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 123 के तहत अपराध है। इसका उल्लंघन करने पर भारतीय दंड संहिता की धारा 171 के तहत एक वर्ष की जेल हो सकती है।

कंट्रोल रूम में करें शिकायत

आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर कोई भी व्यक्ति जिला प्रशासन से बनाए गए कंट्रोल रूम के फोन नंबर-05278-297499 पर शिकायत कर सकता है। कार्रवाई होगी।

सपा ने की विधानसभा उपचुनाव के लिए तीन उम्मीदवारों की घोषणा

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) ने लोकसभा चुनाव के साथ उत्तर प्रदेश की चार विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए शुक्रवार को अपने तीन उम्मीदवारों की घोषणा की। 'एक्स' पर एक पोस्ट में, समाजवादी पार्टी ने ददरौल विधानसभा क्षेत्र से अवधेश कुमार वर्मा को, गैंसड़ी विधानसभा क्षेत्र से राकेश यादव को और दुद्धी विधानसभा क्षेत्र से विजय सिंह गोंड को अपना उम्मीदवार घोषित किया है।

सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने शुक्रवार को बताया कि पार्टी ने अभी तक लखनऊ पूर्व विधानसभा क्षेत्र के लिए अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। उत्तर प्रदेश की चार विधानसभा सीट पर उपचुनाव लोकसभा चुनाव के साथ चार चरणों में होंगे। राज्य की जिन चार विधानसभा सीट पर उपचुनाव होना है, वे शाहजहांपुर जिले की ददरौल, लखनऊ जिले की लखनऊ पूर्वी, बलरामपुर जिले की गैसड़ी और सोनभद्र जिले की दुद्धी विधानसभा सीट हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया था कि ददरौल सीट पर उपचुनाव चतुर्थ चरण में 13 मई को होगा जबकि लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट पर उपचुनाव पांचवे चरण में 20 मई, गैसड़ी में छठे चरण में 25 मई और दुद्धी में सातवें चरण में एक जून को मतदान होगा।

लखनऊ की पूर्वी सीट पर रस्साकशी

- किसका होगा टिकट और कितनों का गिरेगा विकेट
- चुनावी पिच पर भाजपा और सपा के पदाधिकारियों ने शुरू की भागदौड़
- आशुतोष टंडन गोपाल की मृत्यु के बाद पूर्व विधानसभा की सीट है रिक्त

आशुतोष टंडन

राजीव शुक्ला, लखनऊ

अमृत विचार: लोकसभा के साथ ही विधानसभा के उपचुनाव की रणभेरी भी बज चुकी है। पूर्व विधानसभा रिक्त है और भाजपा के कई पदाधिकारी इस सीट पर भाग्य आजमा कर विधानसभा पहुंचने की जुगत में है। हालांकि अभी भाजपा, कांग्रेस, बसपा व इंडिया गठबंधन के किसी दल ने अपना उम्मीदवार घोषित नहीं किया है।

लखनऊ पूर्व की विधानसभा सीट आशुतोष टंडन गोपाल की मृत्यु के बाद खाली हो गई थी। इस सीट पर भी 20 मई को मतदान होना है। इस विधानसभा का अभी तीन वर्ष का कार्यकाल शेष है। उपचुनाव को लेकर भाजपा, सपा, बसपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी टिकट की दौड़ में शामिल हो गए हैं। उपचुनाव के लिए पार्टियां जल्द ही उम्मीदवार घोषित कर सकती है। सत्ताधारी दल भाजपा की ओर से कई नेता टिकट के लिए ताल ठोंक रहे हैं। पूर्व मंत्री कलराज मिश्र के पुत्र अमित मिश्र, ओपी श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, दिलीप श्रीवास्तव, अनुराग श्रीवास्तव, सुनील मिश्रा, संजय सिंह और अमित टंडन आदि के नाम चल रहे हैं।

कुछ महिला पदाधिकारी भी इस दौड़ में शामिल हैं। हालांकि अभी तक किसी का नाम फाइनल नहीं हुआ है मगर लोग दिल्ली दरबार तक दौड़ लगा रहे हैं। पार्टी उपचुनाव हर कीमत पर जीतना चाहती है इसलिए चेहरा भी सोच समझकर चुना जाएगा। सूत्रों की मानें तो प्रत्याशी चयन में महानगर भाजपा के पदाधिकारियों से भी राय ली जा सकती है। चेहरे तय करने से पहले मुख्यमंत्री और क्षेत्रीय सांसद से भी सलाह ली जाएगी। अभी तक पैनल में किसी का नाम नहीं भेजा गया है। माना जा रहा है कि होली के बाद इस पर कवायद शुरू होगी। इस सीट के लिए अभी कांग्रेस और बसपा ने अपने उम्मीदवार घोषित नहीं किए हैं। जबकि समाजवादी पार्टी से टिकट के लिए आशुतोष वर्मा, रमेश श्रीवास्तव और अनुराग भदौरिया का नाम चल रहा है।

डीएमडीके ने की पांच उम्मीदवारों के नाम की घोषणा

चेन्नई। डीएमडीके के दिवंगत संस्थापक विजयकांत के बेटे वी विजय प्रभाकर तमिलनाडु में 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी द्वारा घोषित पांच उम्मीदवारों में शामिल हैं। देसिया मुरपोक्कु द्रविड़ कषगम (डीएमडीके) राज्य में ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के नेतृत्व वाले गठबंधन के तहत चुनाव लड़ रही है। डीएमडीके महासचिव प्रेमलता विजयकांत ने मध्य चेन्नई, तिरुवल्लूर (एससी), कुड्डालोर, तंजावुर और विरुधुनगर के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की।

कांग्रेस ने नेताओं के चुनावी दौरों के समन्वय के लिए समिति बनाई

नई दिल्ली। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के चुनावी दौरों के समन्वय एवं आयोजन के लिए शुक्रवार को दो-सदस्यीय समिति का गठन किया, जिसमें पार्टी महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला शामिल हैं। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इस समिति का गठन किया। समिति में सुरजेवाला के अलावा पार्टी नेता मनीष चतरथ को भी शामिल किया गया है। देश में 18वीं लोकसभा के लिए चुनाव 19 अप्रैल से शुरू होंगे। इसके बाद छह और चरणों में 26 अप्रैल, सात मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई और एक जून को मतदान होगा। लोकसभा के 543 निर्वाचन क्षेत्रों में लगभग 97 करोड़ पंजीकृत मतदाता, 10 .5 लाख मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे।

इस लोकसभा चुनाव में 2004 का इतिहास दोहराया जाएगा: रमेश

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने इस लोकसभा चुनाव के नतीजे पहले से ही तय होने की धारणा को खारिज करते हुए शुक्रवार को कहा कि 'टाइगर में अभी बहुत जान' है तथा 2024 में 2004 का इतिहास दोहराया जाएगा। रमेश ने कहा कि इस चुनाव में कांग्रेस 'पांच न्याय' और '25 गारंटी' के साथ जनता के बीच जाएगी तथा 'इंडिया' गठबंधन को स्पष्ट जनादेश मिलेगा। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''हम किसी व्यक्ति की गारंटी नहीं दे रहे हैं बल्कि हम कांग्रेस की गारंटी दे रहे हैं...पांच न्याय और 25 गारंटी हमारी रणनीति होगी, यही हमारा मुद्दा होगा। हमारे 'न्याय पत्र' (घोषणा पत्र) में और भी बातें होंगी, लेकिन मुख्य रूप से पांच न्याय और 25 गारंटी शामिल रहेंगी। इन्हीं को लेकर हम जनता के बीच जाएंगे। कांग्रेस नेता ने उम्मीद जताई कि इस चुनाव में 'इंडिया' गठबंधन को स्पष्ट जनादेश मिलेगा। उन्होंने इस धारणा को खारिज कर दिया कि 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजे पहले से तय नजर आ रहे हैं। उन्होंने बॉलीवुड की एक फिल्म के नाम का उल्लेख करते हुए कांग्रेस को लेकर कहा, टाइगर जिंदा ही नहीं, बल्कि उत्सुक है। टाइगर में अभी बहुत जान है। उन्होंने दावा किया, ''2003 में कांग्रेस पार्टी मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में हारी थी, लेकिन 2004 में केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनी। 20 साल बाद भी यही इतिहास दोहराया जाएगा।

सपा के सामने राजा भैया का विजय रथ रोकने की चुनौती

4 बार से हैं सांसद, पिछले दो चुनावों में बड़े अंतर से मिली है जीत

उमानाथ तिवारी , गोंडा

अमृत विचार: 18 वें लोकसभा चुनाव के लिये भाजपा ने गोंडा संसदीय सीट पर अपना पत्ता खोल दिया है। एक बार फिर से वर्तमान सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया पर भरोसा जताया है। कीर्तिवर्धन सिंह इसके पहले वर्ष 2014 व वर्ष 2019 में पार्टी प्रत्याशी के रूप में जीत हासिल कर चुके हैं। इस बार वह हैट्रिक पर हैं और चुनाव जीतने के लिए पूरा जोर लगा रहे हैं। उनके पास राम मंदिर निर्माण के साथ मोदी की गारंटी भी है। जिसके दम पर वह पूरे आत्मविश्वास में हैं।

राजा भैया के साथ गौरा विधायक प्रभात वर्मा, मेहनौन विधायक विनय कुमार द्विवेदी, सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह व मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री भी लगातार मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी के सामने भाजपा के विजय रथ को रोकने की बड़ी चुनौती है। सपा ने इस बार यहां से नए चेहरे श्रेया वर्मा पर दांव लगाया है। श्रेया खुद भले ही राजनीति में नई हों लेकिन राजनीति से उनका पुराना तालुल्क रहा है। श्रेया के बाबा स्व बेनी प्रसाद वर्मा समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य रहे हैं और उनकी गिनती प्रदेश के बड़े नेताओं में की जाती रही है। स्व बेनी प्रसाद वर्ष 2009 में गोंडा संसदीय सीट से कांग्रेस पार्टी के सांसद रह चुके हैं।

श्रेया की जीत का गणित सजातीय मतदाताओं की बड़ी तादात व बाबा के नाम पर टिका है। श्रेया के साथ सपा महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह, महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव प्रतिभा सिंह, पूर्व विधायक नंदिता शुक्ला, पूर्व मंत्री स्व पंडित सिंह के भतीजे व सदर सीट से सपा प्रत्याशी रहे सूरज सिंह पूरे दमखम के साथ चुनाव प्रचार में जुटे हैं। घर घर पहुंचकर मतदाताओं से संपर्क साध रहे हैं। सहयोगी दल कांग्रेस भी सपा प्रत्याशी के पक्ष में जोर लगा रही है। सपा की श्रेया वर्मा के सामने भाजपा के विजय रथ को रोकने की बड़ी चुनौती है। उनकी यह चुनौती राम मंदिर निर्माण और मोदी की गारंटी के सामने कितना असर दिखा पाती है यह तो आने वाला वक्त ही बतायेगा।



कीर्तिवर्धन सिंह, भाजपा

श्रेया वर्मा, सपा

पिछले दो लोकसभा चुनावों में भाजपा का प्रदर्शन

2019 का चुनाव परिणाम

प्रत्याशी	दल	वोट
कीर्तिवर्धन सिंह	बीजेपी	5,08,190
पंडित सिंह	सपा	3,41,830
कृष्णा पटेल	कांग्रेस	25,686

2014 चुनाव परिणाम

प्रत्याशी	दल	वोट
कीर्ति वर्धन सिंह	बीजेपी	359643
नंदिता शुक्ला	सपा	199227
अकबर अहमद डंपी	बसपा	116178
बेनी प्रसाद वर्मा	कांग्रेस	102254

महासमर-2024

कब कौन बना सांसद

वर्ष	सांसद	पार्टी
1951	चौधरी हैदर हुसैन	कांग्रेस
1957	दिनेश प्रताप सिंह	कांग्रेस
1962	राम रतन गुप्ता	कांग्रेस
1967	सुचेता कृपलानी	कांग्रेस
1971	कुंवर आनंद सिंह	कांग्रेस
1977	सत्यदेव सिंह	जनता पार्टी
1980	कुंवर आनंद सिंह	कांग्रेस
1984	कुंवर आनंद सिंह	कांग्रेस
1989	कुंवर आनंद सिंह	कांग्रेस
1991	बृजभूषण शरण सिंह	भाजपा
1996	केतकी सिंह	भाजपा
1998	कीर्तिवर्धन सिंह	सपा
1999	बृजभूषण शरण सिंह	भाजपा
2004	कीर्तिवर्धन सिंह	सपा
2009	बेनी प्रसाद वर्मा	कांग्रेस
2014	कीर्तिवर्धन सिंह	भाजपा
2019	कीर्तिवर्धन सिंह	भाजपा

यो नोद्धतं कुरुते जातु वेषं न पौरुषेणापि विकत्थतेऽन्यान्।
न मूर्च्छितः कटुकान्याह किञ्चित् प्रियंसदा तं कुरुते जनो हि॥

जो व्यक्ति शैतानों जैसा वेश नहीं बनाता,वीर होने पर भी अपनी वीरता की बड़ाई नहीं करता, क्रोध से विचलित होने पर भी कड़वा नहीं बोलता ,उससे सभी प्रेम करते हैं।

संपादकीय

तरक्की और असमानता

भारत दुनिया में सर्वाधिक तेजी से बढ़ती हुई बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। वहीं अर्थव्यवस्था की तेज रफ्तार के बीच बढ़ती आर्थिक असमानता चिंता बढ़ाती है। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि अगले वित्त वर्ष के लिए भारत का परिदृश्य सकारात्मक दिख रहा है। निवेश में बढ़ोतरी और महंगाई में कमी अर्थव्यवस्था को रफ्तार दे सकते हैं। जनवरी 2025 से ब्लूमबर्ग बांड सूचकांक में भारतीय सरकारी बांड को शामिल करने से विदेशी पूंजी प्रवाह को बढ़ावा मिलेगा। खपत में लगातार बढ़ोतरी के बीच मजबूत निवेश गतिविधि वृद्धि को गति दे रही है। मंत्रालय ने कहा कि विभिन्न एजेंसियों ने वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर आठ प्रतिशत के करीब रहने की बात कही है। आरबीआई के अनुसार विदेशी मुद्रा भंडार लगातार चौथे सप्ताह 6.40 अरब डॉलर बढ़कर 642.50 अरब डॉलर हो गया। एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 10.47 अरब डॉलर की उच्च वृद्धि के साथ 636.95 अरब डॉलर हो गया था। अक्टूबर 2021 में विदेशी मुद्राभंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। दूसरी ओर भारत में 2000 के दशक की शुरुआत से आर्थिक असमानता लगातार बढ़ रही है।

एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 2022-23 में देश की सबसे अमीर एक प्रतिशत आबादी की आय में हिस्सेदारी बढ़कर 22.6 प्रतिशत हो गई है। वहीं संपत्ति में उनकी हिस्सेदारी बढ़कर 40.10 प्रतिशत हो गई है। भारत में आमदनी और संपदा में असमानता 1922-2023ः अरबपति राज का उदय शीर्षक वाली रिपोर्ट कहती है कि 2014-15 और 2022-23 के बीच शीर्ष स्तर की असमानता में वृद्धि विशेष रूप से धन के केंद्रित होने से पता चलती है। भारतीय आबादी के शीर्ष 10 प्रतिशत लोगों के पास कुल राष्ट्रीय संपत्ति का 77 प्रतिशत हिस्सा है। 2017 में उत्पन्न संपत्ति का 73 प्रतिशत सबसे अमीर एक प्रतिशत के पास चला गया। भारत में 119 अरबपति हैं। उनकी संख्या 2000 में केवल 9 से बढ़कर 2017 में 101 हो गई। 2018 और 2022 के बीच भारत में हर दिन 70 नए करोड़पति पैदा होने का अनुमान है। एक दशक में अरबपतियों की संपत्ति लगभग 10 गुना बढ़ गई। जाहिर सी बात है कि सबसे अमीर बहुत तेज गति से अमीर हो रहे हैं,जबकि गरीब अभी भी न्यूनतम वेतन अर्जित करने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचने के लिए संघर्ष कर रहे हैं,जो लगातार कम निवेश से पीड़ित हैं। ये बढ़ती दूरियां और बढ़ती असमानताएं महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक प्रभावित करती हैं। चिंताजनक है कि एक ऐसे समाज में आर्थिक असमानता बढ़ रही है,जो पहले से ही जाति,धर्म,क्षेत्र और लिंग के आधार पर विभाजित है।

प्रचंड की नई सरकार और स्मगलिंग के किस्से

चंद्रभूषण
वरिष्ठ पत्रकार

याद रहे दिसंबर 2022 में,प्रचंड की सरकार बनने के तुरंत बाद नेपाल में इस खबर से सनसनी फैल गई थी कि गाड़ियों के ब्रेक और ई-सिगरेट की शक्ल में सोने की एक बहुत बड़ी खेप ऊपरी सांठगांठ के बल पर काठमांडू हवाई अड्डे से साफ निकाल ली गई,लेकिन अड्डे से बाहर निकलने के थोड़ी ही देर बाद सड़क पर वह स्थानीय पुलिस की पकड़ में आ गई।

नेपाली राजनीति में एक अर्से से तीसरे नंबर की ताकत होने के बावजूद सवा साल में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने वाले पुष्प कमल दहल प्रचंड की सत्ता पर फिलहाल कोई खतरा नहीं लगता,लेकिन गद्दी पर उनका वक्त अच्छा गुजरने के भी कोई आसार नहीं हैं।

नवंबर 2022 में हुए आम चुनाव के बाद से यह दूसरा मौका है जब उन्होंने नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (यूएमएल) के सहयोग से सरकार बनाई है। इसके पहले बतौर प्रधानमंत्री अपने इस कार्यकाल की शुरुआत उन्होंने इसी गठबंधन के साथ की थी,लेकिन वह सरकार कुल तीन महीने ही चली। फिर साल भर प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस के साथ सरकार चलाई और अभी कड़वाहट के साथ दोनों अलग हुए। ज्यादा बड़ी बात यह है कि नई सरकार बनने के तीसरे-चौथे दिन ही मौजूदा सत्तारूढ़ गठबंधन के दोनों मुख्य दलों नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) और सीपीएन (यूएमएल) के दो बड़े नेता लगभग एक क्विंटल सोने की स्मगलिंग में देश की मुख्य खुफिया संस्था सीआईबी द्वारा धर लिए गए हैं। सीआईबी के पास इस बात का सबूत है कि सीपीएन (माओवादी) के उपाध्यक्ष कृष्ण बहादुर महरा और उनके बेटे राहुल ने स्मगलरों के एक चीनी गैंग से फोन पर 256 बार बात की थी। इस पार्टी के युवा नेता और पूर्व उपराष्ट्रपति नंद बहादुर पुन के बेटे दीपेश पुन इस मामले में पहले से ही अंदर हैं,जबकि नेपाल के पूर्व पुलिस प्रमुख और यूएमएल नेता सर्बेंद्र खनाल का नंबर महरा के साथ आया है।

याद रहे दिसंबर 2022 में,प्रचंड की सरकार बनने के तुरंत बाद नेपाल में इस खबर से सनसनी फैल गई थी कि गाड़ियों के ब्रेक और ई-सिगरेट की शक्ल में सोने की एक बहुत बड़ी खेप ऊपरी सांठगांठ के बल पर काठमांडू हवाई अड्डे से साफ निकाल ली गई,लेकिन अड्डे से बाहर निकलने के थोड़ी ही देर बाद सड़क पर वह स्थानीय पुलिस की पकड़ में आ गई। फिर मामले को दबाने और जांच के नाम पर लीपापोती करने की खबरें बाहर आने लगीं और यूएमएल का जैसे ही माओवादियों से गठबंधन टूटा,उसने संसद में इसको बड़ा मुद्दा बना दिया। कुछ मामूली जांच-पड़ताल के बाद बवाल बढ़ता गया तो नेपाली कांग्रेस के साथ गठबंधन में चल रही प्रचंड सरकार ने मामले की जांच पूर्व चीफ जस्टिस दिली राज आचार्य के नेतृत्व में गठित आयोग को सौंपी जिसने न केवल कई हाई प्रोफाइल लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ करने की अनुशंसा की,बल्कि साथ में इस आशय की बहुत तीखी टिप्पणी भी की कि सरकार की ओर से धुंध पैदा करने और दोषियों को बचाने के प्रयास किए गए हैं। देखना है कि माओवादी और यूएमएल नेताओं की गिरफ्तारी से नई-नवेली सरकार की साख कितनी बहाल हो पाती है।

इसमें कोई शक नहीं कि नेपाली राजनीति में पिछले कुछ समय से जारी हलचलें सिर्फ इस या उस नेता या सरकार के सामने मौजूद समस्याओं का नहीं,नेपाली लोकतंत्र पर मंडरा रहे एक बड़े संकट का संकेत दे रही हैं। अभी तक ऐसा माना जाता था कि नेपाली राजनेताओं ने थोड़ा ही पहले लोकतांत्रिक राजनीति में प्रवेश लिया है लिहाजा सत्ता के लालच में वे अवसरवादी उछलकूद करते रहते हैं। यह भी कि नेपाली लोकतंत्र में पुरानी पंचायती व्यवस्था की स्मृतियां मौजूद हैं। लिहाजा बार-बार सरकारें बदलना वहां के लिए उतनी बड़ी समस्या नहीं है,जितनी बाहर बैठे लोगों को लगती है,लेकिन शीर्ष नेताओं और अफसरों का सोने की स्मगलिंग से जुड़ा होना कुछ अलग ही बात है।

> इसमें कोई शक नहीं कि नेपाली राजनीति में पिछले कुछ समय से जारी हलचलें सिर्फ इस या उस नेता या सरकार के सामने मौजूद समस्याओं का नहीं,नेपाली लोकतंत्र पर मंडरा रहे एक बड़े संकट का संकेत दे रही हैं। अभी तक ऐसा माना जाता था कि नेपाली राजनेताओं ने थोड़ा ही पहले लोकतांत्रिक राजनीति में प्रवेश लिया है। लिहाजा सत्ता के लालच में वे अवसरवादी उछलकूद करते रहते हैं। यह भी कि नेपाली लोकतंत्र में पुरानी पंचायती व्यवस्था की स्मृतियां मौजूद हैं। लिहाजा बार-बार सरकारें बदलना वहां के लिए उतनी बड़ी समस्या नहीं है,जितनी बाहर बैठे लोगों को लगती है,लेकिन शीर्ष नेताओं और अफसरों का सोने की स्मगलिंग से जुड़ा होना कुछ अलग ही बात है।

राजतंत्र की वापसी के लिए प्रयासरत शक्तियों को इससे लोकतांत्रिक व्यवस्था पर हमले का एक नैतिक हथियार मिल गया है। नवंबर-दिसंबर 2023 में राजधानी काठमांडू समेत नेपाल के कई शहरों में राजतंत्र और हिंदू राष्ट्र की वापसी के लिए छोटे-बड़े प्रदर्शन हुए थे और पूरे नेपाल में इस मुद्दे पर एक यात्रा भी निकाली गई थी। 2008 में नेपाल से राजतंत्र के खात्मे और गणतंत्र की घोषणा के बाद से लोकतंत्र के प्रति अरुचि जताने वाले कई आयोजन हुए हैं,लेकिन पहला ही मौका था जब देश में नीचे तक फैले कर्ज संकट से इसको जोड़ दिए जाने के चलते आम जनता में इसे मजाक का विषय नहीं समझा गया। मामले का दूसरा पहलू प्रतिनिधित्व से जुड़ा है। राजतंत्र समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी पहली बार अपने चौदह सांसद चुनवाने में सफल रही है। इससे भी बड़ी बात यह कि नेपाल में लोकतंत्र की प्रतीक समझी जाने वाली नेपाली कांग्रेस के आयोजनों में भी 'हिंदू राष्ट्र' का आकर्षण दिखने लगा है। उसके कुछ बड़े नेताओं ने भी ऐसे बयान दिए हैं।

चीन के लंबे हाथ-पुष्प कमल दहाल 'प्रचंड' की यह खासियत मानी जाती रही है कि किसी पार्टी के साथ अपने गठबंधन से बाहर आते समय वे आगे के लिए गुंजाइश बचाकर रखते हैं। कटु भाषा का इस्तेमाल नहीं करते, ताकि आगे दोबारा-तिबारा उससे मिलना पड़े तो नेताओं और कार्यकर्ताओं के मन पर ज्यादा बोझ न रहे,लेकिन इस बार नेपाली कांग्रेस और खासकर उसके शीर्ष नेता शेर बहादुर देउबा के लिए उन्होंने 'भ्रष्ट' और 'दक्षिणपंथी' जैसे शब्द बोले। अजीब बात यह कि इसका कोई तात्कालिक कारण भी नहीं था।

सरकार में शामिल नेपाली कांग्रेस के मंत्री चीन के साथ नेपाल के कूटनीतिक संबंधों को सहज नहीं होने देते थे और अमेरिकी सहायता से जुड़े कार्यक्रमों के प्रति अतिरिक्त संवेदनशीलता दिखाते थे,लेकिन वे सत्तापक्ष के ज्यादा बड़े हिस्से का प्रतिनिधित्व करते थे तो यह उनका हक था। ऐसा कहा जा रहा है कि चीनी दूतावास ने अगर यूएमएल का रवैया बदलने को लेकर अतिरिक्त सक्रियता न दिखाई होती तो प्रचंड को नेपाली कांग्रेस का दबाव काफी लंबे समय तक बर्दाश्त करते रहने में भी कोई समस्या नहीं होती,लेकिन यूएमएल नेता और पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने जब यह पेशकश की कि उनकी पार्टी सरकार में ज्यादा महत्वपूर्ण विभागों की मांग किए बगैर पूरे कार्यकाल के लिए प्रचंड को समर्थक देने को तैयार है,तब उनकी ओर से यह बयान जारी किया गया कि कांग्रेसी दबाव के चलते ही बतौर प्रधानमंत्री वे अब तक कुछ नहीं कर पाए हैं। बचे हुए साढ़े तीन सालों में भी प्रचंड की सरकार नेपाल के लिए कुछ कर पाती है या सोने की स्मगलिंग जैसे मामलों में सफाई देते हुए और राजतंत्र-हिंदू राष्ट्र वाली लहर का मुकाबला करते ही प्रधानमंत्री पद पर उनका बाकी समय गुजरता है, यह देखने की बात है।

एनसीपी (यूएमएल) के सारे नेता अभी काफी जिम्मेदारी वाले बयान दे रहे हैं, लेकिन बतौर प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली का पिछला कार्यकाल न केवल नेपाली लोकतंत्र के लिए, बल्कि भारत के लिए भी किसी दुःस्वप्न जैसा ही था। अभी उनकी नरमी शायद नेपाली राजनीति में अपना अलगाव घटाने के लिए है, लेकिन कुछ भूमिका इसमें चीनी दबाव की भी हो सकती है,जो भी हो प्रचंड के लिए आगे एक चुनौती भारत के सामने यह साबित करने की रहेगी कि अपने देश में वे चीन की छत्रछाया वाली गठबंधन सरकार नहीं चला रहे हैं।

प्रसंगवश

भगत सिंह और शादमान चौक

बलिदान दिवस

लाहौर (पाकिस्तान) में शादमान चौक वह जगह है,जहां 23 मार्च, 1931 को लाहौर जेल में राजगुरु, सुखदेव और भगत सिंह को फांसी पर लटका दिया गया था। पहले यह लाहौर जेल का हिस्सा था जिसे तोड़कर यहां बड़ा ट्रैफिक चैराहा बना दिया गया,जो अब काफी भीड़ भरा इलाका है। विगत कुछ वर्षों से पाकिस्तान में शहीदे आजम भगत सिंह को याद करने की मुहिम चलाई जा रही है जिसके अगुआ वहां संचालित किए जा रहे भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन के अध्यक्ष इम्तियाज रशीद कुरैशी एडवोकेट हैं,जो लाहौर के शादमान चौक को 'भगत सिंह चौक' बनाने के लिए निरंतर संघर्षरत हैं।

फाउंडेशन के लोग यहां भगत सिंह के फांसी दिवस पर इकट्ठे होकर शहीदे आजम की तस्वीरें हाथ में थामकर 'इंकलाब जिंदाबाद' का नारा बुलंद करते हुए आजादी के उस संघर्ष का स्मरण करते हैं जिसके लिए इन क्रांतिकारियों ने अपनी कुर्बानियां दीं। धर्म की बुनियाद पर बने और अपनी धरती के इतिहास से पूरी तरह विमुख पाकिस्तान में भगत सिंह जैसे विचारवान और धर्मनिरपेक्ष क्रांतिकारी शहीद को याद करना सचमुच काबिले तारीफ है। यह इस दृष्टि से भी प्रशंसनीय है कि जिस नवसृजित देश ने प्रारंभ से ही अपने जमीनी इतिहास को पूरी तरह विस्मृत कर दिया हो,वहां लाहौर की धरती पर लड़े गए स्वाधीनता के एक महासंग्रामी को उसके शहादत स्थल पर याद करना किसी तरह कम जोखिम भरा नहीं है। यह पाकिस्तान की सरजमीं पर धारा के विरुद्ध तैरने सरीखा है। इम्तियाज रशीद कुरैशी और उनके साथियों की यह कोशिशें कई वर्षों से जारी हैं जिसकी सूचनाएं हमारे मुल्क में आने पर भगत सिंह को प्यार करने वाले लोग प्रसन्न होते हैं,जो स्वाभाविक भी है। बावजूद इसके हम चाहते हैं कि भगत सिंह की याद उनकी संपूर्ण वैचारिक चेतना और पक्षधरता के साथ हो,जो सचमुच कठिन कवायद है।

सुधीर विद्यार्थी
वरिष्ठ लेखक, बरेली

हमारे देश में ही भगत सिंह के अनेक नामलेवा उन्हें ब्रिटिश पुलिस अधिकारी साण्डर्स को मारने तथा संसद में बम फेंकने वाले बहादुर नौजवान के रूप में स्मरण करते हुए उनके 'इंकलाब जिंदाबाद' के नारे को इस तरह रेखांकित करते हैं गोया उनकी क्रांति का अर्थ बस मुट्ठियां बांधकर नारे लगाने, जयकारे करने या उनके बुतों पर फूल-मालाएं चढ़ाने तक महदूद हो। भगत सिंह कैसा समाज चाहते थे,उनके इंकलाब का अर्थ क्या था,उनके भीतर समाजवाद की समझ कैसी थी, धर्म और सांप्रदायिकता के मुद्दे पर वे किस वैज्ञानिक तर्क से सोचते थे, जहां भाषा भी उनके लिए एक बेहद जरूरी मसला था। उनके समय में देश में अछूत समस्या पर उनका क्रांतिकारी दृष्टिकोण हमारे लिए बहुत मायने रखता है। यहां तक कि भगत सिंह अपने चिंतन में नास्तिकता तक पहुंचकर बराबरी पर आधारित वैज्ञानिक समाजवाद की अत्यंत दृढ़ता से वकालत करते हैं। दुखःद है कि भगत सिंह को याद करते-करते हमने उनकी जन्मशती आने तक उनके सिर पर धर्म की पगड़ी भी पहना दी। यह भगत सिंह के प्रति बड़ा अन्याय है। यह क्रांतिकारियों की शहादत को जाति और धर्म के खाने में विभाजित करने का सोचा-समझा घिनौना षड्यंत्र है। हमने बार-बार कहा है कि धर्म आधारित राजनीति के पक्षधर कितनी ही कोशिशें कर लें,लेकिन पंजाब के उस साढ़े तेईस वर्ष के क्रांतिकारी नौजवान का सिर इतना बड़ा हो गया है कि उसके ऊपर कोई पगड़ी फिट नहीं हो सकती। मैंने बार-बार कहा है कि पाकिस्तान में भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन के लोग भगत सिंह की पगड़ी वाली तस्वीर का इस्तेमाल न करें।

पाकिस्तान में भगत सिंह पर चलाई जा रही मुहिम इस अर्थ में रंग लाई कि लाहौर की न्याय पालिका ने शादमान चौक का नाम बदलने का आदेश पारित कर दिया,लेकिन सरकार और व्यवस्था के हुक्मरान हैं कि वे इस आदेश का निष्पादन नहीं कर रहे। ऐसे में भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन के सदस्य न्यायालय की अवमानना का मुद्दा लेकर फिर वे अदालत जा धमके जिस पर अदालत ने फिर से व्यवस्थापकों को आदेश का अनुपालन न करने के मसले पर नोटिस जारी कर दिए। हम उम्मीद करते हैं कि शीघ्र इस मुद्दे को सुलझा लिया जाएगा और शादमान चौक का नामकरण शहीदे आजम भगत सिंह के नाम पर हो सकेगा। यह भगत सिंह को चाहने वालों की बड़ी जीत होगी।

बड़े संकट के मुहाने पर खड़ी है धरती

ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

> हाल के कुछ दशकों में एयर कंडीशनर या हीटर जैसे संसाधनों के अप्रत्याशित रूप से बढ़ते उपयोग ने ग्लोबल वार्मिंग को गति दी है।

संयुक्त राष्ट्र ने अभी यह चिंता जाहिर की है कि हमारी धरती एक बड़े संकट के मुहाने पर खड़ी है। विश्व मौसम विज्ञान संस्थान की ताजा रिपोर्ट के अनुसार धरती का बीता वर्ष अब तक का सबसे गर्म वर्ष रहा है। ग्लोबल वार्मिंग को 1.5 डिग्री नीचे रखने की तमाम कोशिशों के बावजूद मार्च 2023 से फरवरी 2024 के बारह महीनों में वैश्विक तापमान ने 1.5 डिग्री की सीमा को लांघ दिया।

रिपोर्ट में संयुक्त राष्ट्र ग्रीन हाउस गैसों, भूमि और पानी के तापमान ग्लेशियरों और समुद्री बर्फ पिघलने में हुई अप्रत्याशित वृद्धि का हवाला दिया गया है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुतारेस ने चेतावनी दी है कि हमारा ग्रह खत्म होने के कगार पर है। यह रिपोर्ट पढ़कर कुछ सालों पहले की गई महान वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंस की भविष्यवाणी की याद आती है। हॉकिंस के अनुसार इस पृथ्वी पर अब मनुष्य का कोई अस्तित्व नहीं है। वह इस ग्रह पर दस लाख साल बिता चुका है। उनके अनुमान के अनुसार पृथ्वी की उम्र अब महज दो सौ से पांच सौ साल ही बच रही है। या तो सूरज का ताप इसे निगल जाएगा या कोई धूमकेतु आकर इससे टकरागा। अगर मनुष्य की प्रजाति को एक और दस लाख साल जीवित बचे रहना है तो उसे पृथ्वी छोड़कर किसी और ग्रह या उपग्रह की शरण लेनी होगी।

संयुक्त राष्ट्र या हॉकिंस की चेतावनी को हल्के में लेने की भूल नहीं की जा सकती। पृथ्वी का मौसम और यहां पर जीवन की परिस्थितियां जिस तेज रफ्तार से बदल रही है,उन्हें देखते हुए इस आसन्न संकट को हम खुद भी महसूस कर सकते हैं। छोटे-छोटे स्वार्थों के लिए लगातार पृथ्वी का दोहन, प्रकृति के साथ अनाचार और नदियों के साथ दुर्व्यवहार हो रहा है। विकास के नाम पर वृक्षों की बेरहम हत्या की जा रही है। ईंट और कंक्रीट के निरंतर उगते जंगलों के कारण खेती की जमीन सिकुड़ रही है। पर्यावरण में आ रहे बदलावों के कारण जानवरों और पक्षियों की कई-कई प्रजातियां या तो विलुप्त हुई हैं या विलुप्ति के कगार पर हैं। धरती के बढ़ते तापमान की वजह से ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं और समुद्र की सतह लगातार ऊपर उठ रही है। ज्यादा से ज्यादा भौतिक सुविधाएं हासिल कर लेने की जल्दबाजी में वे तमाम चीजें हम नष्ट कर रहे हैं, जो जीवन की बुनियादी जरूरतें हैं। आज हमारी प्रकृति और पर्यावरण विकास की हमारी अंधी दौड़ की कीमत चुका रहे हैं। कल यह कीमत हम और हमारी आने वाली पीढ़ियां चुकाएंगी।

यह सोचने का वक्त है कि अपनी मूर्खताओं से अगर पृथ्वी पर जीवन की परिस्थितियों को हमने नष्ट कर दिया तो हमारा अगला ठिकाना कहां होगा? हॉकिंस ने किन ग्रहों या उपग्रहों की बात सोची होगी? अब तक की वैज्ञानिक प्रगति के आलोक में फिलहाल भागने के दो ही विकल्प हमारे सामने दिखते हैं-चांद और मंगल। इन दोनों पर पानी,मिट्टी,हवा और जीवनानुकूल परिस्थितियों के मसले अभी हल नहीं हुए हैं। वहां थोड़ा-बहुत पानी मिल भी जाए तो क्या वह पृथ्वी के अरबों लोगों की जरूरतों के लिए पर्याप्त होगा? वहां हवा तो होगी,लेकिन उस हवा का घनत्व क्या होगा? क्या असंख्य लोगों की सांसों से दूषित होने के बाद हवा की रिसायकलिंग कर उसे फिर से जीवनदायिनी बनाने वाले पेड़-पौधे वहां मौजूद हैं? वहां की चट्टानी सतह पर खेती कैसे होगी?

चांद और मंगल के बेहद कम गुरुत्वाकर्षण में हवा में असहाय उड़ते रहना कुछ दिनों के लिए तो रोमांचक लग सकता है,लेकिन ऐसा जीवन किसी को रास नहीं आने वाला। विज्ञान इनमें से कुछ मसलों के हल देर-सबेर खोज भी ले तो पृथ्वी के अरबों लोगों की ढोकर वहां कैसे ले जाएगा कोई? विस्थापन की इस प्रक्रिया में हजारों साल लगेंगे। अब यह तो नहीं हो सकता कि दुनिया के मुट्ठी भर साधन संपन्न लोग चांद या मंगल पर जाकर अपनी बस्तियां बसा लें और पृथ्वी के बाकी लोगों को प्रलय के रहमोकरम पर छोड़ दिया जाए।

हाल के कुछ दशकों में एयरकंडीशनर या हीटर जैसे संसाधनों के अप्रत्याशित रूप से बढ़ते उपयोग ने ग्लोबल वार्मिंग को गति दी है। पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले इन यंत्रों का उपयोग बहुत आवश्यक होने पर ही करें। हमारी ये छोटी-छोटी कोशिशें मिलकर हमारी पृथ्वी की उम्र थोड़ी लंबी अवश्य करेंगी। अगर दुनियाभर की सरकारों और हमारे तमाम प्रयासों के बावजूद पृथ्वी अपनी उम्र पूरी कर ही चुकी है और निकट भविष्य में सूरज इसे निगल जाने वाला है या कोई धूमकेतु आकर इससे टकरा ही जाने वाला है। तब भी हमारे पास अभी जितना वक्त है उसे पृथ्वी और उसकी सभी संतानों के बीच अपना प्यार और संवेदनाएं बांटकर सार्थक और मूल्यवान बनाने का विकल्प तो हमारे पास बचा ही हुआ है।

सोशल फोरम

ब्रह्मांड के नियम

अधिकांश धार्मिक कर्मकांड ईश्वरीय सत्ता की कृपा और उसके अनुग्रह के लक्ष्य से किए जाते हैं। उनमें ईश्वर की परिकल्पना एक मनुष्य सरीखी होती है,जो खुश होकर कृपा करता है और नाखुश होकर दंड देता है। सभी कर्मकांड प्रतीकात्मक हैं,जो कालांतर में अंधविश्वास में परिणत होने की प्रवृत्ति रखते हैं।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

अंतरिक्ष विज्ञान और क्वांटम भौतिकी की अद्यतन खोजों के अनुसार ज्ञात ब्रह्मांड के महत्तम और सूक्ष्मतम में नियमबद्धता है। क्वांटम भौतिकी परमाणु में इलेक्ट्रॉन की तरंगनुमा गतिशीलता तक पहुंचकर रुक गई है। यह वह बिंदु है,जहां निरीक्षक इलेक्ट्रॉन को जिस स्थिर स्थिति (कण के रूप) में देखता है,वह निरीक्षण का क्षण बीतते-बीतते बदल जाती है तो एक साथ उसका आकार और उसकी गति का बोध नहीं हो पाता। वह कण है या तरंग? दोनों, क्योंकि वह ऊर्जा के खंड की तरह काम करता है। बिग बैंग वाले स्टीफन हॉकिंग ने साफ कहा था कि जो भी है,नियमबद्ध है,किसी परम चेतना से संचालित नहीं है जिसे निर्णय लेने और नियम बदलने की छूट हो। इस नियमबद्धता को ही कोई ईश्वर का नाम देना चाहे तो कोई दिक्कत नहीं। आइंस्टाइन तो इस नियमबद्धता को ही ईश्वर का पर्याय तक बताने लगे थे। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि वे अन्य अधिकांश वैज्ञानिकों की तरह न तो नास्तिक हैं, न धार्मिक विश्वास के अर्थ में आस्थावान।

वे अपने को अज्ञेयवादी कहना ज्यादा उचित समझते थे। उनका दृढ़ मत था कि ईश्वर का मनुष्य के जीवन व्यापार से कोई लेना-देना नहीं है। न ही आइंस्टाइन परलोक या पुनर्जन्म को मानते थे। वे काफी हद तक ईश्वर संबंधी स्पीनोजा के विचारों से सहमत थे जिनके अनुसार ईश्वर समस्त प्राकृतिक और भौतिक नियमों का कुल योग है जिसमें भौतिक पदार्थ और विचार दोनों समाहित हैं। किंतु वह न तो कोई व्यक्तिगत सत्ता है,न ही सृष्टिकर्ता,जो भी हो,एक ऐसे मानवीय ईश्वर के लिए फिलहाल कोई गुंजाइश नहीं,जो स्वायत्त निर्णय लेकर ब्रह्मांड के नियमों को बदल सके,जो किसी से खुश होकर उसे पुरस्कृत और किसी से नाखुश होकर उसे दंडित कर सके,जो आ पड़े उसे भोगना ही है। चाहे रोकर भोगें,चाहे हंसकर।

-फेसबुक वॉल से

लोहिया की समाजवादी धारा का स्मरण

भारतीय समाजवादी आंदोलन के वैचारिक नायक डॉ. राममनोहर लोहिया की 114 वीं जयंती ऐसे समय में हैं जब देश में आम चुनाव शुरू हो गए हैं। सत्ताधारी दल जहां चार सौ के आंकड़े को पाने की घोषणा कर रहा है,वहीं विपक्षी दल संविधान/लोकतंत्र बचाने के लिए जनता से अपील कर रहे हैं। ऐसे में लोहिया की वैचारिक और राजनैतिक यात्रा का स्मरण करना बेहद प्रासंगिक है। देश की स्वतंत्रता के बाद कांग्रेस की एकतरफा जीत के बाद प्रधानमंत्री बने पंडित जवाहर लाल नेहरू की नीतियों को लेकर लोहिया सड़क से संसद तक विरोध दर्ज कराते थे। कांग्रेस सरकार की अनेक योजनाओं का उन्होंने तथ्य और तर्क दोनों आधार पर विरोध किया। आम चुनाव में लोहिया ने जनता को आंदोलित करने के लिए जवाहर लाल नेहरू के संसदीय क्षेत्र फूलपुर से चुनाव लड़कर जनहित के अनेक मुद्दों पर जनता को जागरूक करते हुए लोकतंत्र में विपक्ष के महत्व को बताया।



मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल'
पूर्व अतिथि प्रवक्ता
इलाहाबाद विश्वविद्यालय

लोहिया ने सप्त क्रांति, दाम बांधों सहित अर्थ नीति, भाषा नीति को जनता के बीच विमर्श का केंद्र बनाकर लोकतंत्र को सशक्त किया। अहिंसात्मक और सत्याग्रही सिविल नाफरमानी को लोहिया भारत के लिए जरूरी लोकतांत्रिक साधन मानते थे। उन्होंने राजनीति में पांच सुधारों क्रमशः अनुशासन दंड,निर्वाचन सावधानी,ओहदेदार की आंतरिक मर्यादा,साथियों और निर्वाचकों का जनमत,कमेटी की सदस्यता या ओहदे से अलगाव पर जोर दिया। इसी क्रम में समाजवादी सदस्यों को लोहिया ने साहित्य,जानकारी एवं ज्ञानवृद्धि की भूख पर जोर देने का आग्रह किया। लोकतंत्र में राजनैतिक कार्यकर्ताओं को अरमान,कर्म,अनुशासन और संगठन पर जोर लोहिया की प्राथमिकता में शामिल था। लोहिया भारत के इकलौते मौलिक चिंतक थे,जो वैचारिक और हाशिये के समाज दोनों में लोकप्रिय थे जिसका कारण वैश्विक एवं स्थानीय मुद्दों की लड़ाई लड़ने की उनकी जिजीविषा थी। सोशलिस्टों की सदन में संख्या कम होने के बाद भी वे नेहरू नीति कांग्रेस सरकार को सदन में ही घेर लेते थे। लोहिया की पार्टी के सदस्य राम सेवक यादव,कमांडर अर्जुन सिंह भदौरिया, मधू लिमये, महाराज सिंह भारती की बहस ने संसदीय परंपरा को जनकेंद्रित बनाने में सहयोग किया। लोहिया की धारा से निकले समाजवादी नेताओं ने उत्तर भारत से लेकर तटीय प्रदेशों तक अपनी नेतृत्व क्षमता से सत्ता के केंद्र में बने रहे।

यूपी बिहार में लोहिया की धारा से निकले समाजवादी दलों ने जातीय जनगणना और पीडीए का जो मुद्दा उठाया है उसकी आधारशिला साठ के दशक में सोशलिस्टों ने ही रखी थी। पिछड़े पांवे सौ में साठ का नारा लोहिया के दौर में ही मुखर हुआ था। आरक्षण और प्रतिनिधित्व की समस्या के समाधान के लिए वंचित समूहों को राजनीति की मुख्य धारा में लाने के प्रबल पैरोकार लोहिया ही थे। आज जब लोकसभा चुनाव सर पर हैं,ऐसे में मतदाताओं को उनका अधिकार एवं कर्तव्य बताते हुए मुद्दा आधारित राजनीति करने वाले दलों को समर्थन देना ही लोहिया को सच्ची श्रद्धांजलि होगा। राजनीति में सक्रिय नेताओं और कार्यकर्ताओं को अध्ययन,जमीनी संघर्ष से उपजे अनुभव के आधार पर जनता के बीच संवाद करना चाहिए। यही लोहियावादियों की धारा रही है। लोहिया का जीवनदर्शन यह संदेश देता है कि निर्वाचित जन प्रतिनिधियों की संख्या कम होने के बाद भी पूर्ण बहुमत की सरकार पर भी दबाव बनाया जा सकता है और उसे जनहित में कार्य करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है।

पानी की हर बूंद कीमती

इस पृथ्वी पर मनुष्य,पशु-पक्षी व पेड़-पौधों के जीवन व अस्तित्व के लिए तमाम महत्वपूर्ण जरूरतों में से जल सर्वाधिक महत्वपूर्ण तत्व है। जल के बिना पृथ्वी पर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है।

वर्तमान में पूरी दुनिया जल संकट से जूझ रही है। जल को लेकर भारत की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। दुनिया की लगभग 17 फीसदी आबादी वाले देश भारत के पास दुनिया के जल का मात्र चार फीसदी हिस्सा ही है। देश में शहरों के साथ-साथ अब गांवों में भी जल संकट लगातार गहराता जा रहा है।



डीपी यादव
लोक स्वास्थ्य विशेषज्ञ, लखनऊ

हाल ही में जारी नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार भारत के कई शहर गंभीर जल संकट से जूझ रहे हैं। रिपोर्ट बताती है कि भारत वर्ष में जहां 2020 तक 10 करोड़ से भी अधिक लोग गंभीर जल संकट का सामना कर रहे थे तो वहीं दूसरी तरफ वर्ष 2030 तक लगभग 40 फीसदी लोगों के लिए जल उपलब्ध नहीं होगा,जो कि एक बहुत ही गंभीर और चिंताजनक बात है। जल प्रदूषण के कारण जल गुणवत्ता के मामले में भी भारत की स्थिति चिंताजनक है। विश्व जल गुणवत्ता सूचकांक में भारत 122 देशों की सूची में 120 वें स्थान पर है। इसको हम इस प्रकार भी कह और समझ सकते हैं कि दुनिया में 122 देशों में से 119 देश भारत से अच्छा और शुद्ध जल पी रहे हैं। ये सभी आंकड़े भारत में जल की भयावह स्थिति को बताने के लिए पर्याप्त हैं।

जल की बदहाल स्थिति बताती है कि जल प्रबंधन को लेकर अगर भारत वर्ष सावधान और गंभीर नहीं हुआ तो भविष्य में इसके गंभीर व भयावह परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। जल की गंभीर समस्या को देखते हुए भारत की सरकार को चाहिए कि इस समस्या के समाधान के लिए एक वृहद रूपरेखा और कार्य योजना बनाए,जिससे भविष्य में देश को जल संकट से न जूझना पड़े,क्योंकि जल है तो जीवन है। रहीम ने अपने दोहे के माध्यम से बहुत पहले ही कह दिया था कि-रहिमन पानी राखिए,बिन पानी सब सून। पानी गए न ऊबरे मोती,मानुष,चून।।

एक नजर

आरती कर रहे पुजारी को दो लोगों ने पीटा, रिपोर्ट

राजपुर कलां, अमृत विचार : मंदिर में आरती कर रहे पुजारी को कस्बे के ही दो लोगों ने पीट दिया। घायल पुजारी ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। अलीगंज शिव मंदिर के पुजारी सुमित उपाध्याय दो वर्षों से पूजा कर रहे हैं। कस्बे के ही राममूर्ति लाल शर्मा और राम अवतार शर्मा काफी दिनों से उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहे। समाज के लोगों ने समझौता कराया था। शुक्रवार शाम आरती के समय दोनों लोग आए और उन्हें पीटने लगे और उनके कपड़े फाड़ दिए और मंदिर से धक्के देकर निकाल दिया और कहा मंदिर में आए तो जान से मार दूंगा।

आमने-सामने बाइक टकराने से दो लोग घायल

फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : त्योहार की खरीदी करके घर लौट रहे दो बाइक सवार शुक्रवार देर शाम टकरा गए, इससे दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा, साथ ही दोनों बाइकों को कब्जे में लिया। बादशाह नगर निवासी दो लोग बाइक से फतेहगंज पश्चिमी कस्बे से त्योहार के कपड़े एवं अन्य सामान खरीद कर देर शाम घर वापस जा रहे थे। माधौपुर पुल के पास दोनों बाइकों टक्कर गई। जिसमें दो लोग घायल हो गए।

परीक्षा देकर लौट रही किशोरी से की छेड़खानी

मीरगंज , अमृत विचार : कक्षा सात की परीक्षा देकर लौट रही किशोरी से शुक्रवार को गांव के तीन लोगों ने छेड़छाड़ की। शोर मचाने पर किशोरी का भाई पहुंच गया, उसने बहन को बचाने का प्रयास किया तो दबंगों ने उसे पीट दिया, किशोरी ने घर आकर परिजनों को पूरी बात बताई। किशोरी के पिता ने थाने में तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि मामला छेड़छाड़ का नहीं है, हमने हल्का दरोगा को गांव में भेजा था, मामला मारपीट का है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

हवाई फायर का विरोध किया तो दबंगों ने युवक को मार दी गोली

तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, एक को पुलिस ने हिरासत में लिया

संवाददाता, फरीदपुर

अमृत विचार : दोस्त की बर्थडे पार्टी मनाकर लौट रहे युवकों ने टोल प्लाजा के निकट चाय विक्रेता के पास बैठे युवक को हवाई फायरिंग का विरोध करने पर गोली मार दी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए फरीदपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां हालत गंभीर होने पर बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया ।चाय विक्रेता ने तीन लोगों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है । फरीदपुर के मोहल्ला आनंद विहार कॉलोनी बीसलपुर रोड निवासी मुनेश कुमार ने बताया कि

घायल राजीव।

वह हाईवे के किनारे टोल प्लाजा के पास चाय की दुकान चलाता है। गुरुवार को रात 11:25 पर वह दुकान पर था, दुकान पर राजीव और उसके दोस्त अंकित निवासी मोहल्ला कानून बयान बैठे थे, उसी समय एक बाइक से गौरव ठाकुर निवासी बीसलपुर रोड, जितिन ठाकुर निवासी लाइन पर मठिया, राजीव कश्यप निवासी पटना थाना भुता आए और हवाई फायरिंग करने लगे। राजीव ने फायर करने से रोका तो तीनों ने जान से मारने की नीयत से उसे गोली मार दी, गोली दाहिने पैर की जांघ में जाकर लग गई। इसके बाद आरोपी वहां से भाग गए। मुनेश कुमार ने तीनों के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

> इस मामले में तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई, जिनको गिरफ्तार करने के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। जल्द ही अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा।
> – **रामसेवक**, प्रभारी निरीक्षक फरीदपुर

परीक्षा देते कक्षा पांच के छात्र। ● अमृत विचार

प्रश्नपत्र का लिफाफा निकला खाली, देर से शुरू हुई परीक्षा

संवाददाता, आंवला

अमृत विचार : ब्लॉक रामनगर के परिषदीय विद्यालयों में आयोजित वार्षिक परीक्षा के दौरान 15 से अधिक विद्यालयों में सील बंद लिफाफे में कक्षा पांच के पेपर नहीं निकले। खाली लिफाफे देख शिक्षकों ने बीआरसी केंद्र पर शिकायत की। बीआरसी केंद्र से पेपर भेजने के बाद करीब आधा घंटे के बाद परीक्षा शुरू हो सकी।

शुक्रवार को कक्षा 3 से आठ तक के छात्रों की सामाजिक विषय की परीक्षा थी। ब्लॉक रामनगर के विद्यालयों में खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से सील बंद पेपर एक लिफाफे में उपलब्ध कराए गए थे। प्रातः 09:15 बजे परीक्षा आरम्भ होने पर शिक्षकों ने लिफाफे खोले तो उनमें कक्षा पांच के सामाजिक विषय के पेपर नहीं निकले। खंड शिक्षा अधिकारी रामनगर डॉ.जगदीश कुमार ने बताया कि सुबह की परीक्षा में कक्षा पांच के पेपर न निकलने की शिकायत मिली थी। बीआरसी केंद्र पर सभी पेपर होने के चलते तत्काल उपलब्ध करा दिए गए। करीब आधा घंटे की देरी से परीक्षा करा दी गई है।

सार-संक्षेप

छापा मारने पहुंची पुलिस तो महिला की हालत बिगड़ी

फरीदपुर, अमृत विचार : पुलिस को देखकर एक महिला की हालत बिगड़ गई, आनन- फानन में उसे फरीदपुर के स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टर ने इलाज के बाद उसकी हालत ठीक हुई तो पुलिस ने राहत की सांस ली। फरीदपुर के मोहल्ला गिहार बस्ती में पुलिस अवैध शराब के खिलाफ चेकिंग करने पहुंची तो वहीं भाई के घर आई रीना पत्नी काटनी निवासी फतेहगंज पूर्वी की पुलिस को देखकर हालत बिगड़ गई। वह बेहोश होकर गिर गई, जिस पर पुलिस अपनी गाड़ी से लेकर फरीदपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची, जहां डॉक्टर ने परीक्षण कर बताया कि महिला ब्लड प्रेशर हाई हो गया था, जिसे उपचार के बाद परिजनों के साथ घर भेज दिया।

ब्लॉक परिसर में कर्मचारियों ने खेली होली

शेरगढ़, अमृत विचार : शेरगढ़ ब्लॉक मुख्यालय पर अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली का जश्न मनाया। ब्लाक प्रमुख भूपेंद्र कुर्मी एवं खंड विकास अधिकारी सीपी पांडेय ने सौहार्दपूर्ण त्योहार मनाने की अपील की। इस मौके पर एडीओ पंचायत राजीव शर्मा, अरुण कुमार, देवेंद्र सिंह चौहान, ओमप्रकाश,अमित, अनिल गंगवार,केपी गंगवार समेत अन्य मौजूद रहे।

दुनका में मिले तीन गोवंशीय पशुओं के अवशेष

दुनका , अमृत विचार : दुनका क्षेत्र के अकसौरा आनंदपुर गांव के बीच नदी की तरफ रामबाबू और राजपाल के खेत में तीन गोवंशीय पशुओं के अवशेष मिले। मौके पर पहुंची पुलिस और डॉक्टर ने अवशेषों को मवेशी का बताते हुए जेसीबी मंगाकर दफन करा दिया। आनंदपुर गांव के लोगों का कहना है कि यह गोवंश के ही अवशेष थे। ग्रामीणों ने बताया कि पापुलर के खेत के पास अवेशषों को दफन किया गया था, जिसे कुत्तों ने खोदकर बाहर निकाल दिया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर मुआयना किया। उक्त अवशेषों को मवेशी का बताकर ईंट भट्ठे से जेसीबी मंगाकर दफन करा दिया। वहीं पुलिस का कहना है कि किसी ने मृत मवेशियों को दफनाया होगा, यह कितने पुराने है इसकी जानकारी नहीं हो सकी।

वार्षिकोत्सव में छात्रों ने पेश किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

भुता, अमृत विचार : जीटीआर इंटर कॉलेज में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया। जिसका आरंभ आंवला सांसद धर्मेंद्र कश्यप एवं इंटर कॉलेज प्रबंधन टीआर गंगवार ने किया। सांसद ने विद्यालय के बेहतर शैक्षिक माहौल की सराहना की। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। इस अवसर पर शत प्रतिशत उपस्थिति पाने वाले बच्चों को टीआर गंगवार ने स्वाति गंगवार और विकास बाबू को साइकिल देकर पुरस्कृत किया।

78 बोतल विदेशी शराब के साथ दो गिरफ्तार

बरेली, अमृत विचार : आबकारी और पुलिस की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को चेकिंग के दौरान डेलापीर निवासी नितेश गुप्ता को स्कूटी के साथ पकड़ा। उसके पास से चार बोतल विदेशी शराब बरामद हुई। टीम के मुताबिक नितेश की निशानदेही पर इज्जत नगर इलाके के वीर सावरकर नगर निवासी दुर्जन कुमार के घर पर छापा मारा गया, जहां तलाशी के दौरान 78 बोतल विदेशी शराब बरामद हुई। दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पुलिस के मुताबिक पकड़ी गई शराब तस्करी करके लाई गई थी। इसे होली और लोकसभा चुनाव की वजह से शहर में खपाने के लिए लाया गया था।

बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने में करें सहयोग

देवरनियां, अमृत विचार : स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के अन्तर्गत बालिकाओं में क्षमता संवर्द्धन के लिए ब्लाक दमखोदा (रिछा) के जूनियर और कंपोजिट विद्यालयों के शिक्षक- शिक्षिकाओं की तीन दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यशाला में बालिकाओं के आत्म सम्मान पर चर्चा की गई। बीईओ प्रेमसुख गंगवार के निर्देशन में शुरू हुई कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर एसआरजी डॉ . लक्ष्मी शुक्ला और फरीदपुर ब्लाक के एआरपी लक्ष्मीकांत शुक्ला के अतिरिक्त दमखोदा ब्लाक की एआरपी डॉ . देवकुमारी गंगवार ने प्रतिभागियों को विद्यालयों मे पढ़ने वाली बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के टिप्स दिए गए। इस दौरान अनमोल शर्मा और लेखाकार इमरान, अनुज गंगवार, सुधीर राजपूत आदि प्रमुख मौजूद रहे।

छात्रों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर खेली होली

क्योलड़िया, अमृत विचार : कस्बे के गोल्डन पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों ने होली खेली, एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस दौरान अध्यापक मोहम्मद फुरकान अंसारी, हरपाल, भूपेंद्र कुमार, मुकेश कुमार ,अरविंद कुमार, धीरज कुमारी, सत्यभामा के साथ ही छात्र मौजूद रहे। वहीं फरीदपुर के बीआरसी पब्लिक स्कूल में होलिका महोत्सव मनाया गया। बच्चों ने होली गीत गाए और एक दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई दी। प्रधानाचार्या रचना गंगवार ने बच्चों को होलिका महोत्सव के बारे बताया।

दो सिर वाले बच्चे को देखने के लिए उमड़ी लोगों की भीड़

मीरगंज, अमृत विचार : मीरगंज क्षेत्र में एक महिला ने शुक्रवार सुबह दो सिर वाले बच्चे को जन्म दिया, जिसे देखकर अस्पताल स्टाफ के साथ परिजन हैरत में पड़ गए। बच्चे ने एक घंटे बाद ही दम तोड़ दिया। दो सिर वाले बच्चे को देखने के लिए भारी संख्या में भीड़ इकट्ठी हो गई।

मीरगंज ग्राम नगरिया सादात के रहने वाले हरीश कुमार ने पत्नी सुनीता को प्रसव पीड़ा होने पर शुक्रवार तड़के मीरगंज सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां से उसे बरेली रेफर

- बच्चे को देख परिजन रहे गए सन्न
- एक घंटे बाद बच्चे ने तोड़ा दम

कर दिया गया। सुबह लगभग 7:00 बजे सुनीता ने दो सिर वाले बच्चे को जन्म दिया। जिसे देखकर परिवार सहित पूरा अस्पताल स्टाफ सन्न रह गया, हालांकि 1 घंटे में परिवार की खुशियां मातम में बदल गईं। लगभग 8:00 बजे नवजात ने दम तोड़ दिया।

बंद मकान से लाखों का सामान समेट ले गए चोर

संवाददाता भमोरा

अमृत विचार :बंद मकान का ताला तोड़कर चोर लाखों रुपये का सामान समेट ले गए, पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर तत्काल कार्रवाई की मांग की हैं।

बिशारतगंज थाना क्षेत्र के गांव सहासा निवासी प्रवीन चौहान ने बताया कि उसने एक मकान देवचरा स्थित बल्लिया चौराहे के पास बनवाया है। पांच दिन पहले वह परिवार के साथ पैतृक गांव सहासा चला गया था। शुक्रवार सुबह देवचरा स्थित अपने घर आया तो देखा मेनगेट का ताला टूटा हुआ है घर की अलमारी में रखें एक लाख नकद व सोने -चांदी के जेवरात समेत अन्य कीमती सामान, जिसकी कीमत लगभग 3 लाख है को समेट ले गए। चोरी की सूचना डायल 112 के साथ थाना भमोरा पुलिस को देने के साथ तहरीर देकर चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

दीवार फांदकर घुसे चोर नकदी -जेवर ले गए

फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार : ट्रक चालक के घर में गुरुवार रात घुसे चोर नकदी और जेवर चुरा ले गए। परिजनों ने थाने पहुंचकर चोरी की तहरीर दे दी है। ग्राम अशोकपुर निवासी मदनलाल ट्रक लेकर गया था, घर पर परिजन थे। गुरुवार आधी रात चोर दीवार फांद कर घर में घुसे दस हजार नकदी, जेवर, कपड़ा और घरेलू सामान समेट ले गए। शुक्रवार को पीड़ित ने थाने पर पहुंचकर चोरी की तहरीर दी।

प्रधान पति ने बीडीसी पर लगाया पीटने का आरोप

नवाबगंज/क्योलड़िया, अमृत विचार : भदपुरा ब्लॉक के गांव नवदिया मोतीराम के प्रधान पति ने गांव के ही बीडीसी पर अपहरण कर मारपीट करने के साथ ही तमंचे की नोंक पर नाली निर्माण न होने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। प्रधान पति ने क्योलड़िया थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस दूसरे पक्ष को बुलाकर जानकारी करने की बात कह रही है। प्रधान पति सर्वेश कुमार ने बताया कि बीडीसी ने बुलाकर साथियों के साथ मिलकर उसे जबरन गाड़ी में बैठाकर अमीर नगर की ओर ले गया और मोड़ पर अंधेरे में कार खड़ी कर अपने साथियों के साथ मिलकर उसकी गर्दन पकड़ कर बोला कि नाली नही बनी तो जान से मार देगा।

घटतौली की ग्रामीणों ने एसडीएम से की शिकायत

फरीदपुर, अमृत विचार : राशन विक्रेता के खिलाफ ग्रामीणों ने घटतौली का आरोप लगाते हुए एसडीएम को शिकायती पत्र देकर जांच की मांग की। कुआडांडा की ग्राम पंचायत मझौआ हेतराम के लोगों ने दिए प्रार्थना पत्र में आरोप है कि उनके यहां कोटेदार कम राशन देता हैं। उपभोक्ताओं ने इसकी शिकायत अधिकारियों के साथ ही जनप्रतिनिधियों से की। गांव के ही कमलेश, राहुल, सावित्री, प्रेम, बली मोहम्मद आदि ने आरोप लगाया कि उचित दर विक्रेता पूरे राशन के पैसे लेने के बाद भी पूरा वितरण नहीं करते हैं विरोध करने पर उपभोक्ताओं से अभद्रता करते हैं। उप जिलाधिकारी ने जांच कार्रवाई करने का शिकायतकर्ताओं को आश्वासन दिया है।

सबसे पुरानी मस्जिद की हालत खराब, नमाजी भड़के

नवाबगंज,अमृत विचार : नगर की सबसे प्रमुख और प्राचीन जामा मस्जिद का वर्षों से जीर्णोद्धार न कराए जाने के कारण इसकी स्थिति बदतर होती जा रही है। जिसे लेकर लोगों में नाराजगी है। जुमे की नमाज के बाद नमाजियों का गुस्सा शुक्रवार को फूट पड़ा और सभासद हसीब ने मस्जिद की इन्तजामिया कमेटी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। सभासद का आरोप है कि लाखों का चन्दा इकट्ठा होने के बाद भी मस्जिद का जीर्णोद्धार न कराकर मात्र गेट पर पेंट कराके औपचारिता पूरी कर दी गई है। कमेटी चुप्पी साध कर बैठ गई है, जबकि नगर की बाकी की सभी मस्जिदों में काफी कार्य कराया जा चुका है। सभासद ने ईद से पूर्व सारा कार्य न कराए जाने पर कमेटी के विरुद्ध जंग छेड़ मस्जिद में सुधार कराए जाने का ऐलान किया है।

किशोरी को भगाने के मामले में 171 दिन बाद शिकायत

आंवला, अमृत विचार : एक किशोरी घर में रखे जेवर और नकदी लेकर युवक के साथ भाग गई। किशोरी के पिता ने 171 दिन बाद सीओ को शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बताया कि 3 अक्टूबर 2023 को उसकी 17 वर्षीय बेटी घर पर अकेली थी। इसी बीच बिनावर बदायूं के कुछ लोग उसके घर आए और उसकी बेटी को भगा ले गए। उसने बताया कि उसकी बेटी जेवर और 35 हजार साथ ले गई है। पीड़ित पिता का आरोप है वह लोग उसकी बेटी को पहुंचाने का आश्वासन दिए थे, इसलिए बदनामी के डर से उसने शिकायत नहीं दी। अब तक नहीं पहुंचाया तो उसने सीओ से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की।

कंपोजित विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र में चोरी

आंवला, अमृत विचार : ब्लॉक रामनगर के गांव बारीखेड़ा कंपोजित विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र का ताला तोड़कर चोरों ने हजारों के सामान पर हाथ साफ कर लिया, प्रधानाध्यापक ने पुलिस से शिकायत की है। इंचार्ज प्रधानाध्यापक पवन दिवाकर ने बताया कि चोरों ने इनवर्टर, बैटरी, 6 कुर्सियां, विद्यालय के रजिस्टर आदि चुरा ले गए। वहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता विंदेश्वरी शाक्य ने बताया कि चोरों ने आंगनबाड़ी केंद्र से दो कट्टे चावल, एक झूला, राशन, दाल, रिफाइंड आदि चुरा ले गए।

रास्ते का विवाद निपटाने को भाकियू ने मंत्री को ज्ञापन भेजा

आंवला, अमृत विचार : कस्बे के एक रास्ते के विवाद को निपटाने के लिए लेकर भारतीय किसान यूनियन (शंकर) की ओर से कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह के नाम एक ज्ञापन एसडीएम आंवला नहने राम को सौंपा गया। किसान संगठन ने दिए ज्ञापन में बताया कि नगर के लठैता मोहल्ले में एक रास्ता है। जो कि नगर पालिका परिषद में भी दर्ज है। परंतु कुछ लोगों ने गलत तथ्य प्रस्तुत कर अपनी जगह बता दी और लेटर पैड लिखवाकर पालिका को गुमराह करने का काम किया है। वह रास्ता न बनने से 6 परिवारों को परेशानी हो रही है। किसानों ने इस मामले की जांच कराकर न्याय की मांग की है। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष डा. दिनेश कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह, वार्ड 22 सभासद सीमा, रमाकांत, मुकेश गुप्ता, सुमित श्रीवास्तव, नत्थू लाल कश्यप समेत अन्य रहे।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
N.H.-24, Banthra, Shahjahanpur
Pharmacy PCI Approved
D.Pharm/B.Pharm
VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
Direct Admission Open
Session 2024-25
100% Placement
Admission Helpline:9455113105
SUN LUPIN Pfizer pil Psychotropics India Limited MACLEODS Canixa Life Sciences

Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं0 9045372695 रिसेप्शन नं0 : 0581–2526012,11
कमरा नं. 1089A
ओ.पी.डी. समय : प्रातः 9.00 से 3.00 बजे तक
हृदय रोग विभाग की सुविधाएं
- अनुभवी चिकित्सकों द्वारा हृदय रोग का सम्पूर्ण इलाज व सुविधाएं
- इंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर
- टी.एम.टी.
- होल्टर टेस्ट (Holter Test)
- बैलून बाल्बोटामी
- इकोकार्डियोग्राफी
- कार्डिएक रीसिंक्रनाइज़ेशन थेरेपी (CRT)
- इम्प्लांटेबल कार्डियोवर्टर-डीफिब्रिलेटर (ICD)

हृदय रोग के लक्षण
- क्या छाती में दर्द या भारीपन रहता है और चलने पर बढ़ जाता है?
- क्या आपके पैरों में सूजन आती हैं?
- क्या खाना खाने के बाद सीने या पेट में जलन या दर्द होता है?
- क्या चलने में साँस फूलती है, हाथों में दर्द होता है एवं अचानक बेहोशी आना।
- क्या चलने पर घबराहट होती है?
- क्या आपको डाइबिटिज (शुगर) या हाई कोलेस्ट्रोल, या हाई ब्लडप्रेशर की शिकायत है और साँस फूलती है?
इस प्रकार का कोई भी लक्षण होने पर तुरन्त परामर्श करें
रोहिलखण्ड मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर इलाज मुफ्त
इमरजेंसी एवं आई.सी.यू. सुविधा 24 घण्टे उपलब्ध अनुभवी चिकित्सकों की देखरेख में
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS)
5. सी.ए.आर.आई. (CARI)
6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
7. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

विजय साहू हत्याकांड में प्रयुक्त चाकू बरामद

बिशारतगंज, अमृत विचार : कस्बे के बहुचर्चित विजय साहू हत्याकांड के मुख्य आरोपी मीत गोस्वामी को पुलिस ने न्यायालय से रिमांड पर लेने के बाद उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया है। शुक्रवार को पुलिस ने हत्या के मामले में मीत के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धारा को बढ़ाकर उसे पुनः न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। 10 मार्च की रात 500 के लेनदेन को लेकर हुए मामूली विवाद में नगर के लोहिया नगर निवासी मीत गोस्वामी और अरुण गोस्वामी ने इसी मोहल्ले के रहने वाले 11वीं के छात्र विजय साहू की चाकू से गोदकर हत्या कर दी थी। मृतक के भाई अजय साहू ने मीत और अरुण के विरुद्ध हत्या की नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोपी अरुण को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था, जबकि मीत गोस्वामी ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में आत्मसमर्पण किया था।

सरकारी आवास दिलाने का झांसा देकर ठगे 19 हजार

आंवला, अमृत विचार : एक ग्रामीण को सरकारी आवास दिलाने का झांसा देकर उससे 19 हजार 3 सौ रुपये की ठगी कर ली गई। सिरौली के गांव अटाफुंदापुर निवासी किशनपाल ने बताया कि 19 मार्च को उसके मोबाइल पर एक व्यक्ति ने फोन किया और अपना नाम आकाश वर्मा बताकर उसके परिवार के सभी सदस्यों के नाम बताने लगा। उसने भरोसे में लेकर बताया कि सरकारी आवास मंजूर हो गया है। इसके बाद 48 सौ रुपये अपने खाते में भेजने को कहा। उसने पैसे भेज दिए। एक घंटे के बाद दोबारा फोन कर साढ़े 14 हजार रुपये डलवा लिए। उसके बाद 21 हजार रुपये की मांग की। इसके बाद वह नजदीकी जनसेवा केंद्र संचालक पास गया तो उसने ठगी की बात बताई। पीड़ित ने रुपये वापस मांगे तो आरोपी गालियां देने लगा।

सपा नेता और उसके दो बेटों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

आंवला, अमृत विचार : कॉलेज की बाउंड्री निर्माण के दौरान सपा नेता और किसान में गुरुवार को मारपीट हुई थी। जिसमें दोनों पक्षों के 5 लोग घायल हुए थे। देर रात किसान ने सपा नेता रामनगर जोन प्रभारी लक्ष्मण प्रसाद लोधी और उनके बेटों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पनवड़िया गांव निवासी सेंसर सिंह ने बताया कि लक्ष्मण प्रसाद लोधी का उसके खेत के बराबर में कॉलेज है। कालेज की बाउंड्री बनाने को लेकर उसका विवाद चल रहा है, उस जमीन पर न्यायालय से स्टे हैं। बाउंड्री निर्माण का उसने, उसके पिता श्याम सिंह और उसकी पत्नी विमला ने विरोध किया तो सपा नेता बेटों के साथ उन लोगों से मारपीट की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी लक्ष्मण प्रसाद लोधी, उसके बेटों पर रिपोर्ट दर्ज की।

यूट्यूब से वीडियो देखकर एटीएम तोड़ने पहुंचे थे आरोपी

कैंट, अमृत विचार : सदर बाजार में डाकखाने के सामने स्थित एसबीआई के एटीएम को तोड़कर नकदी चुराने की कोशिश करने वाले अंकुर गोस्वामी और राहिल पुलिस ने को शुक्रवार सुबह कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें भेज दिया गया। अंकुर ने बीबीए तक पढ़ाई करने के बाद गुजरात के एक दाल मिल में काम करके। इसी महीने घर लौटा है। वहीं राहिल आठवीं तक पढ़ा है। 10 मार्च को घर आया है। दोनों स्मैक का नशा करते हैं। त्योहार पर खर्च के लिए पैसे नहीं थे। दोनों ने एटीएम तोड़कर चोरी की साजिश रची। दोनों ने बताया कि यूट्यूब से वीडियो देखकर चोरी की साजिश रची। दोनों ने एटीएम की स्क्रीन के साथ कैशबॉक्स का शटर और कवर खोल लिया था। और कोडिंग के जरिए मुख्य कैशबॉक्स खोलने की कोशिश कर रहे थे, इसी दौरान पकड़े गए।

IIFL FINANCE
CIN: L67100MH1995PLC093797
Regd. Office: IIFL House, Sun Infotech Park, Road No. 16V, Plot No.B-23, Thane Industrial Area, Wagle Estate, Thane - 400604
Tel: (91-22) 41035000 • Fax: (91-22) 25806654
E-mail: reach@iifl.com • Website: www.iifl.com

सोने के गहनों की ई-नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना

एतद द्वारा सभी संबंधित उधारकर्ताओं को विशेषतया, और आम जनता को सामान्य रूप से सूचित किया जाता है कि हम, आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड (''आईआईएफएल'') उन डिफ़ॉल्ट ग्राहकों के सोने के गहनों की नीलामी कर रहे हैं, जिन्होंने पंजीकृत नीलामी सूचनाओं और बार-बार याद दिलाए जाने के बाद भी न तो अपने ऋण का भुगतान नियमित किया और न ही बकाया राशि का भुगतान किया। **24.03.2024** को, ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड अपने ऑनलाइन नीलामी प्लेटफॉर्म, **https://egold.auctiontiger.net** के माध्यम से निम्नलिखित ऋण खातों में वादा किए गए सोने के गहनों की सार्वजनिक नीलामी आयोजित करेगा। तारीख या स्थान में किसी भी बदलाव की घोषणा नीलामी केंद्र पर की जाएगी। यदि ई-नीलामी उस दिन आयोजित नहीं की जा सकती है, तो आईआईएफएल के पास संबंधित जिले के भीतर संबंधित तालुका में मौजूद नीलामी मंच और/या नीलामी केंद्र पर किसी भी बाद की तारीख पर उक्त नीलामी आयोजित करने या आगे बढ़ने का अधिकार सुरक्षित है। यहां निर्दिष्ट तिथि या यदि नीलामी उस दिन पूरी नहीं हुई है। जानकारी संबंधित जिले के संबंधित तालुका में स्थित नीलामी मंच और/या नीलामी केंद्र पर दिखाए जाने के बाद, शेष वस्तुओं को अगले कार्य दिवसों पर बिक्री के लिए रखा जाएगा। इस स्थिति में कि ग्राहक की मृत्यु हो गई है, नामांकित व्यक्ति या कानूनी उत्तराधिकारी सभी नीलामी शर्तों के अधीन होगा।

शाखा का नाम: BAREILLY-CIVIL LINES, गोल्ड लोन खाता. सं.: GL21462544, GL21474006, GL25006971, GL25012092, GL25671443, GL25919761, GL25943562, GL26261842, GL26280730, GL26298646, GL26304767, GL26446995, GL26453261, GL26914402, GL26917109, GL27781354, GL28136938, GL28162026, GL28368794.

ई-नीलामी जैसा है, जहां है, जैसा है जो है और जो कुछ भी है के आधार पर आयोजित की जाएगी और आईआईएफएल उक्त सोने के गहनों की गुणवत्ता, शुद्धता, कैरेट, वजन या मूल्यांकन के मामले में ना तो कोई प्रतिनिधित्व करता है, और ना ही कोई वॉरंटी देता है। इस ई-नीलामी के अनुसार ई-नीलामी की प्रक्रिया और बिक्री (यदि कोई हो), उन नियमों व शर्तों के अधीन होगी, जो आईआईएफएल द्वारा अपने विवेक से लागू करना उचित समझा जाएगा। आईआईएफएल, अपने पूर्ण विवेक से, किसी भी खाते को नीलामी सूची से और किसी भी कार्यवाही को बिना किसी पूर्व सूचना के और बगैर कोई कारण बताए या तो स्थगित कर सकता है या हटा सकता है, और बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों या प्रस्तावों को अस्वीकार कर सकता है। डिफॉल्ट करने वाले उधारकर्ताओं गिरवी रखे गए गहनों का विवरण एवं अन्य विवरणों को संबंधित शाखा में प्रदर्शित किया गया है। इस नोटिस को प्रकाशित करने के बाद भी, डिफाल्टर उधारकर्ता के पास ब्याज और किसी भी लागू शुल्क सहित बकाया पूरी राशि चुकाने और अपने ऋण खाते को बंद करने या नियमित करने का विकल्प है। हालाँकि, यदि वे ऐसा नहीं करते हैं, तो उनके पास नीलामी की तारीख तक का समय है, जिस समय गिरवी रखे गए सोने के गहने बेचे जाएंगे और किसी भी बकाया राशि (यदि कोई हो) को ब्याज और लागत के साथ वापस कर दिया जाएगा। हालाँकि, डिफॉल्टर ऋण, जो इस प्रकाशन के समय या उसके बाद बंद या नियमित किए जाएंगे, उन्हें आनुपातिक रूप में प्रकाशन शुल्क का वहन करना होगा। उधारकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपने नवीनतम बैंक खाते का विवरण दर्ज/अपडेट कराएं, ताकि उन्हें नीलामी से प्राप्त होने वाली अतिरिक्त आय, यदि कोई हो, की वापसी की जा सके।

विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तों के लिए आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड के संबंधित शाखा कार्यालय से संपर्क करें।

स्थान: BAREILLY
दिनांक: 23.03.2024
Sd/
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड

सार-संक्षेप

पाकिस्तान में घटी हिंदुओं की संख्या : सुरेश खन्ना

रामपुर, अमृत विचार : वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान में 14 फीसदी हिंदू थे। लेकिन अब दो फीसदी ही रह गए हैं। नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को बहुत पहले लागू किया जाना चाहिए था, इसमें देर हुई है। वित्त मंत्री सिविल लाइन क्षेत्र में आवास विकास कॉलोनी स्थित भाजपा के चुनाव कार्यालय में पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। यहां उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आह्वान है कि हर बूथ पर 370 वोट होंगे, जो पंडित दीनदयाल के लिए श्रद्धांजलि के रूप में अर्पित होंगे। चुनाव आयोग की ओर से लांच एप का इस्तेमाल करें जिनका भी वोट न मिल रह हो, पर्ची न मिल पा रही हो, उनका वोट अवश्य ढूंढकर निकाल कर दें। उन्होंने कहा कि हर छोटे बड़े कार्यकर्ता को सम्मान मिले। हर लाभार्थी को भी आप सम्मान देकर वोट की अपील करें।

अवैध शस्त्र बनाते दो लोग गिरफ्तार

संभल,अमृत विचार : सदर कोतवाली पुलिस ने बंद पड़े मकान में अवैध शस्त्र फैक्ट्री का संचालन करते दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मौके से बंदूक, राइफल सहित आधा दर्जन ने ज्यादा बने, कुछ अधबने हथियार व हथियार बनाने के उपकरण बरामद किये हैं। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्रीशचंद्र ने बताया कि सदर कोतवाल पवन कुमार को क्षेत्र में फरमान के बंद पड़े मैंथा प्लांट के पास खंडहरनुमा घर में अवैध शस्त्र फैक्ट्री के संचालन की जानकारी मिली थी। गुरुवार की देर रात पुलिस टीम मकान की घेराबंदी कर अंदर दाखिल हुई तो दो लोग हथियार बनाते मिले। सीओ अनुज कुमार चौधरी ने बताया कि पुलिस ने मौके से मोहल्ला सैफ खां सराय निवासी दिलनवाज और मोहल्ला मंडी किशनदास सराय निवासी अख्तर को गिरफ्तार कर लिया।

बेसिक स्कूल में किताबें जलाने का वीडियो वायरल

पीलीभीत, अमृत विचार : बेसिक शिक्षा विभाग के एक स्कूल में किताबों में आग लगाने का मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसकी जानकारी मिलने पर डीएम ने जांच कराई गई। जांच रिपोर्ट में किताब जलाने की बात को गलत बताया गया है। परिषदीय विद्यालयों में नया शैक्षिक सत्र शुरु होने से पहले किताबें भेजने की तैयारी चल रही है। जिले में किताबों की खेप पहुंची है। इस बीच शुक्रवार को सोशल मीडिया पर मरौरी ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय अलीगंज देशनगर में किताबों में आग लगाने का मामला सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इस पर डीएम ने बीएसए अमित कुमार सिंह को जांच कर तत्काल रिपोर्ट देने को कहा। बीएसए ने मरौरी बीईओ शिव शंकर मौर्या को मौके पर भेजा। बीईओ ने स्कूल में प्रधानाध्यापिका से मामले की जानकारी करने के बाद स्थलीय निरीक्षण किया। वहां उन्हें स्कूल में गेट के पास जलाई गई किताबों की राख मिली। हालांकि बीईओ शिव शंकर मौर्या का तर्क है कि स्कूल में किसी भी तरह की कोई किताब नहीं जलाई गई है। बल्कि स्कूल में बच्चों के द्वारा फटी पुरानी कॉपियों के पन्ने फाड़कर फेंक जाते हैं।

रामपुर व मेरठ के बदमाशों ने डाली थी व्यापारी के घर डकैती

पीलीभीत,अमृत विचार : पूरनपुर के किराना व्यापारी सुनील गुप्ता के घर हुई 40 लाख की डकैती का 51 दिन बाद शुक्रवार को पुलिस ने खुलासा कर दिया। इस घटना को मेरठ और रामपुर के बदमाशों ने अंजाम दिया था। पुलिस से मुठभेड़ के दौरान पैरों में गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए, जिन्हें पुलिस ने दबोच लिया। उनके गैंग के तीन बदमाश अभी फरार हैं, जिनके बारे में छानबीन चल रही है। यह घटना 30 जनवरी की रात हुई थी। इनमें एक बदमाश मेरठ जिले के थाना सरधना क्षेत्र के मोहल्ला पीरजादगन निवासी फरमान और दूसरा रामपुर के थाना स्वार क्षेत्र के मोहल्ला पंजाबी कॉलोनी चक स्वार निवासी रिजवान उर्फ बॉबी उर्फ मुल्ला पुत्र खैराती कुरैशी है।

पर्यटकों के लिए बाघ की घेराबंदी कर रहे जिप्सी चालक

पीलीभीत, अमृत विचार : पीलीभीत टाइगर रिजर्व में पर्यटकों को नजदीक से दिखाने के लिए जिप्सी चालक बाघ की घेराबंदी करते हैं। इसका पता लगने पर डिप्टी डायरेक्टर ने जिप्सी चालकों और गाइडों को बुलाकर कड़ी चेतावनी दी। साथ ही वन्यजीवों की सुरक्षा के नियम बताए। इस पर जिप्सी चालकों ने आगे से नियमों का पालन करने का वायदा किया। टाइगर रिजर्व में पहुंचने वाले पर्यटकों की तमन्ना रहती है कि वे जंगल में घूम रहे बाघ को देखें। इसमें चालक और गाइड उनकी मदद करते हैं। मगर, पिछले कुछ दिनों से कुछ जिप्सी चालक और गाइड पर्यटकों को नजदीक से बाघ दिखाने के चक्कर में नियम कानून भूल गए।

घरेलू विवाद में महिला ने खुद को लगा ली आग

खुटार, अमृत विचार : घरेलू विवाद के चलते शुक्रवार को महिला ने पेट्रोल डालकर खुद को आग लगा ली। अफरा तफरी मचने पर परिजनों और आसपास के लोगों ने बमुश्किल आग बुझाई। महिला को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पुलिस ने मौके मुआयना कर जांच पड़ताल की। पुलिस के मुताबिक, इस मामले में तहरीर नहीं दी गई है। पुवायां मार्ग पर स्थित एक गांव में रहने वाले एक व्यक्ति की पत्नी से मामूली कहासुनी हो गई थी। जिससे नाराज महिला ने शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे अपने ऊपर घर में रखा पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली। महिला को आग से झुलसता देख परिजनों के होश उड़ गए। किसी तरह आग पर काबू पाया।

पेशी के बाद 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया जावेद

दो बच्चों की नृशंस हत्या का मामला: अब 4 अप्रैल को होगी सुनवाई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : दो सगे भाइयों की हत्या में शामिल दूसरे आरोपी जावेद का पुलिस ने शुक्रवार को मेडिकल परीक्षण कराकर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी।

सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र की बाबा कॉलोनी नई बस्ती निवासी ठेकेदार विनोद कुमार के बेटे आयुष और आहान उर्फ हन्नू की 19 मार्च को उनके घर में गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। उनके घर के पास ही हेयर कटिंग की दुकान चलाने वाले थाना अलापुर क्षेत्र के कस्बा सखानू निवासी साजिद और जावेद ने घटना को अंजाम दिया था। जिसके बाद दोनों हत्यारोपी बाइक से भाग गए थे। पुलिस ने शेखूपुर क्षेत्र में मुठभेड़ के दौरान साजिद को मार गिराया था जबकि जावेद फरार हो गया था। वह पहले अपनी ससुराल सहसवान, दिल्ली फिर गुरुवार तड़के लखीमपुर जाने के लिए बरेली पहुंचा था।

पुलिस ने उसे बरेली के थाना बारादरी क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली उझानी ले जाकर तकरीबन चार घंटे पूछताछ की। जावेद ने साजिद को मानसिक बीमार बताया था लेकिन अभी पुलिस हत्या का कारण स्पष्ट नहीं कर सकी है। शुक्रवार सुबह पुलिस ने आरोपी जावेद का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया। फिर कोर्ट में पेश किया। जहां से जावेद को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। कोर्ट ने अगली 4 अप्रैल की तारीख मुकर्रर की है। **हत्यारोपियों के कॉल रिकार्ड खोलेंगे राज:** पुलिस ने दूसरे हत्यारोपी जावेद उसके बयान पर जांच शुरू कर दी है। इसके अलावा हत्यारोपी साजिद और जावेद के मोबाइल नंबर से भी कई राज खुल सकते हैं।

आखिर बच्चों से इतनी नफरत क्यों?

साजिद और जावेद कई सालों से हेयर कटिंग की दुकान चलाते थे। उस मोहल्ले के अलावा आसपास के मोहल्ले के लोग और बच्चे भी बाल कटवाने या शेविंग कराने के लिए आते थे। वह साजिद और जावेद से भैया कहकर प्यार से बोलते थे। जावेद के बयान के अनुसार साजिद को बचपन से मानसिक बीमारी थी तो उसने आज तक दुकान पर किसी घटना को अंजाम क्यों नहीं दिया। पीड़ित परिवार को सांत्वना देने पहुंच रहे लोग इस तरह की बातें करते रहे। उसके बच्चे न होने की वजह से नफरत थी तो दो बच्चों को घर पर जाकर ही क्यों मारा। इस सवाल से पर्दा उठना बाकी है।

10 हजार रिश्वत लेते दरोगा गिरफ्तार

शाहजहांपुर,अमृत विचार : एंटी करप्शन टीम ने दस हजार रुपये रिश्वत लेते बंडा थाने के दरोगा को गिरफ्तार कर लिया। टीम ने सदर बाजार थाना में दरोगा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया फिर बरेली ले गई।

बंडा थाने की पुलिस ने दो मार्च को सत्यपाल सिंह निवासी गांव भांभी को दस लीटर कच्ची शराब समेत गिरफ्तार किया था। सिपाही विक्रम सिंह ने उसके खिलाफ दफा 60 का मुकदमा दर्ज कराया। विवेचना उप निरीक्षक नरेंद्र कुमार शर्मा कर रहे थे। सत्यपाल ने बताया कि दरोगा ने उसे धमकी दी कि दस हजार रुपये नहीं देगा तो धारा बढ़ाकर जेल भेज दिया जाएगा। सत्यपाल ने बरेली एंटी करप्शन टीम से शिकायत की। टीम शुक्रवार की शाम सात बजे बंडा पहुंची और सत्यपाल को दस हजार रुपये दरोगा को देने के लिए दिए। सत्यपाल ने सरकारी आवास में जाकर दरोगा को दस हजार रुपये दिए और पकड़े गए।

पिता ने बेटी को 50 हजार में बेच वेश्यावृत्ति में धकेला

संवाददाता,संभल/बहजोई

- 20 मार्च को किशोरी किसी तरह दलदल से निकल भाग निकली

अमृत विचार: पिता ने 17 साल की नाबालिग बेटी को 50 हजार में बेचकर वेश्यावृति के दलदल में धकेल दिया। दिल्ली के जीबी रोड पर कई माह तक उसका शरीर नोचा जाता रहा। फुफेरे भाई से मदद की गुहार लगाई तो उसने जीबी रोड से निकालकर दूसरी जगह बेच दी। इस दौरान नाबालिग गर्भवती भी हो गई। पांच माह बाद किसी तरह वेश्यावृत्ति के दलदल से निकलकर भागी तो मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर बेहोश पड़ी मिली।

किशोरी अब संभल की बाल कल्याण समिति के संरक्षण में है। पिता व भाई के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है।जनपद वन स्टाप सेंटर में रह रही किशोरी की कहानी बेहद दर्द भरी है। नखासा थाना क्षेत्र के गांव की रहने वाली 17 साल की नाबालिग किशोरी के साथ पिता ने जो किया उसे याद करके किशोरी कांपने लगती है। पीड़ित किशोरी का कहना है कि पांच माह पहले पिता ने उसे दिल्ली ले जाकर 50 हजार रुपये में बेच दिया तो उसे जीबी रोड पर ले जाकर पर वेश्यावृत्ति के धंधे में धकेल दिया गया। दिल्ली में उसकी मुलाकात वहां रहकर नौकरी करने वाले फुफेरे भाई से हुई तो अपनी कहानी बताकर उसने भाई से मदद मांगी। फुफेरे भाई ने किशोरी को वहां से तो निकाल दिया लेकिन ले जाकर दूसरी जगह बेच दिया। वहां पर किशोरी गर्भवती हो गई। 20 मार्च को किशोरी किसी तरह दलदल से निकलकर भाग निकली।

उसने दिल्ली के रेलवे स्टेशन से ट्रेन पकड़ी और मुरादाबाद पहुंच गई। 21 मार्च की सुबह मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर जीआरपी को किशोरी बेहोश हालत में मिली। बताया गया कि गर्भपात की गोली खिलाने की वजह से किशोरी की हालत बिगड़ी थी। हालत गंभीर में उसे जिला अस्पताल मुरादाबाद में भर्ती कराया गया।

बेरोजगार युवाओं का फायदा उठाने वालों के खिलाफ सख्ती जरूरी

प्रयागराज, अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नौकरी देने के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आजकल देश में फर्जी जनशक्ति सलाहकार एजेंसियां और फर्जी भर्ती एजेंसियां तेजी से बढ़ रही हैं, जिनका मुख्य अवैध उद्देश्य बेरोजगार युवाओं को सरकारी क्षेत्र के साथ-साथ विदेश में रोजगार का लालच देना है।

युवा ऐसे मामलों में छिपे हुए एजेंडो को जाने बिना आकर्षक नौकरियों के प्रलोभनों के शिकार हो रहे हैं और अपने परिवारों द्वारा रखी गई संपत्तियों को बेचकर या उच्च ब्याज दर पर वित्तीय संस्थानों से ऋण प्राप्त करके भी भारी रकम का भुगतान कर रहे हैं। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान की एकल पीठ ने हिमांशु कनौजिया की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया। याचिका के अनुसार याची ने शिकायतकर्ता को नौकरी दिलाने का वादा कर एक लाख 60 हजार रुपए अपने बैंक खाते में और लगभग 4 लाख रुपए नगद लिए और बाद में एक नियुक्ति पत्र दिया जो कि फर्जी पाया गया।

बांग्लादेश में नकली मुद्रा छपाकर यूपी में सप्लाई

रलखनऊ, अमृत विचार।: यूपी एटीएस ने बांग्लादेश में जाली नोट छपाकर यूपी के विभिन्न जिलों में सप्लाई करने वाले गिरोह के एक सदस्य को चंदौली से गिरफ्तार किया है। आरोपी मालदा पश्चिम बंगाल का निवासी है। एटीएस अफसरों के मुताबिक पूर्व में सुभाष मंडल निवासी जोयनपुर, मालदा, पश्चिमी बंगाल को एटीएस ने गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान पता चला कि उसका एक संगठित गिरोह है। गिरोह नकली भारतीय मुद्रा की तस्करी का कार्य करता है। उसका एक सहयोगी कंचन मंडल है।

पराली अब समस्या नहीं, आमदनी का जरिया

लखनऊ, अमृत विचार : फसल काटने के बाद किसान और पर्यावरण के लिए समस्या बनीं पराली अब आमदनी और ऊर्जा का जरिया बन रही है। यह संभव हो रहा है सीबीजी (कम्प्रेस्ड बायो गैस) प्लांट से। शासन का कहना है कि प्रदेश में दस सीबीजी प्लांट क्रियाशील हो चुके हैं। आने वाले समय में प्रदेश में इनकी संख्या बढ़कर सौ हो जाएगी।

सरकार धान की पराली को बायो कंपोस्ट में बदलने के लिए 17 लाख किसानों को बायो डीकंपोजर भी उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आने वाले समय में प्रदेश में सीबीजी प्लांट की वर्तमान संख्या दस को सौ के आंकड़े तक ले जाने की प्रतिबद्धता जता चुके हैं। उप्र राज्य जैव ऊर्जा नीति 2022 का जो ड्राफ्ट तैयार किया है, उसमें कृषि अपशिष्ट आधारित बायो सीएनजी, सीबीजी इकाइयों को कई तरह के प्रोत्साहन का प्रावधान किया गया है। सरकार की मंशा हर जिले में सीबीजी प्लांट लगाने की है। इसी कड़ी में बीते दिनों गोरखपुर के धुरियापार में इंडियन ऑयल के सीबीजी प्लांट का शुभारंभ हो चुका है। सीबीजी प्लांट में पराली से ईंधन तैयार हो रहा है और ईंधन बनाने के लिए कच्चे माल के रूप में किसानों से उनकी पराली खरीदी जा रही है।

इस प्लांट में रोजाना 200 मीट्रिक टन पराली यानी कृषि अवशेष (धान का भूसा) 20 मीट्रिक टन प्रेसमड और 10 मीट्रिक टन मवेशियो के गोबर का उपयोग होगा।

दो भाइयों के झगड़े में बीच बचाव करने गए चचेरे भाई के साथ मारपीट, मौत

रोशननगर,अमृत विचार : हैदराबाद थाना क्षेत्र के बुधेली नानकार में खेत बिक्री के रुपये निकालकर खर्च करने को लेकर दो सगे भाइयों में विवाद होने लगा। दोनों भाइयों ने मिलकर विवाद सुलझाने पहुंचे चचेरे भाई की पिटाई कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई। परिवार वालों ने गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। थाना क्षेत्र के ग्राम बुधेली नानकार निवासी रामचंद्र के दो पुत्रों शिवकुमार और रोहित कुमार नशे की हालत में थे। दोनों के बीच शुक्रवार की शाम खेत बिक्री के रुपये बैंक से निकालकर खर्च करने को लेकर विवाद हो गया। इसी बीच पड़ोसी चचेरा भाई संजय राठौर (35) पुत्र श्रीपाल भी नशे की हालत में बीच बचाव करने पहुंच गया। इससे दोनों सगे भाई भड़क गए और संजय की पिटाई शुरू कर दी। उसके सिर पर डंडा मार दिया, जिससे वह गिर गया। परिवार वालों का कहना है कि रोहित ने संजय की गर्दन दबा दी थी जिससे संजय की मौत हो गई।

दुष्कर्म और हत्या के दो दोषियों को उम्रकैद

बदायूं,अमृत विचार : दलित नाबालिग लड़की का अपहरण करके अलग-अलग जगह ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म के दो आरोपियों को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट दीपक यादव ने दोषी पाते हुए आजीवन कारवास की सजा सुनाई है। एक पर एक लाख रुपये और दूसरे पर 59 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। मामले में तीसरे आरोपी की मुकदमा के दौरान मौत हो गई थी। किशोरी के पिता ने जिला संभल के पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया था, जिसमें उन्होंने बताया कि उनकी 16 साल की बेटी का 4 जुलाई 2014 रात लगभग एक बजे दो लोग बहला-फुसलाकर अपहरण करके ले गए थे। उनकी बेटी 50 हजार रुपये के जेवर पहनी थी। किशोरी के पिता ने आरोपियों के परिजनों से जानकारी की तो वह झगड़ा करने पर आमादा हो गए थे और जान से मारने की धमकी दी। आरोप लगाया कि दोनों आरोपियों ने एक और साथी विजय के साथ मिलकर उनकी बेटी को कई जगह ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किया। उसे बेचने के लिए ले जा रहे थे। बेटी ने शोर मचाया तो आरोपियों ने तेल छिड़ककर आग लगाकर उसकी हत्या कर दी थी।

सिपाही भर्ती पेपर लीक मामले में नेचर वैली रिसॉर्ट का मालिक गिरफ्तार

लखनऊ, अमृत विचार : यूपी सिपाही भर्ती पेपर लीक मामले में एसटीएफ ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। मेरठ से गुरुग्राम पहुंची 11 सदस्यीय टीम ने गुरुग्राम के नेचर वैली रिसॉर्ट के मालिक सतीश धनकड़ को गिरफ्तार कर लिया। इसी रिसोर्ट में 900 अभ्यर्थियों के समक्ष पेपर पढ़ा गया था। धनकड़ की पत्नी का कहना है कि पति ने रिसॉर्ट लीज पर दे रखा है। पुलिस लीज पर रिसोर्ट लेने वाले को गिरफ्तार करे, मेरे पति का कोई दोष नहीं है। रिसॉर्ट मालिक सतीश की पत्नी सरोज का कहना है कि पति सामाजिक व्यक्ति हैं। वह डाना गांव के सरपंच रह चुके हैं। जिस मामले में उन्हें गिरफ्तार किया गया है, उससे उनका कोई लेना-देना नहीं है। उनका गुनाह इतना है कि वह कागजों में रिसॉर्ट के असली मालिक हैं। एसटीएफ उनको जानबूझ कर परेशान कर रही है। इस मामले 70 लाख रुपये का घोटाला बताया जा रहा है। घोटाले में चाय-पानी का 90 हजार रुपये का भुगतान ऑनलाइन हुआ है।

रामलला के दर्शन करना सौभाग्य : उर्वशी

अयोध्या,अमृत विचार : अयोध्या आना और रामलला के दर्शन करना हर सनातनी का सौभाग्य है। मुझे भी आज ये सौभाग्य प्राप्त हुआ है। रामनगरी का दिव्य स्वरूप संपूर्ण विश्व में फैल गया है। ये बातें शुक्रवार को प्रख्यात अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने कहीं। उन्होंने रामलला के दरबार में श्रद्धा निवेदित करते हुए दोनों हाथ जोड़कर रामलला से आशीर्वाद मांगा। दर्शन के बाद अभिभूत अभिनेत्री ने कहा कि एक फिल्म की शूटिंग के दौरान वह अयोध्या में हैं। शीघ्र ही शूटिंग पूरी होगी। उन्होंने कहा कि विभिन्न मठ-मंदिरों के दर्शन करने की भी परम अभिलाषा है। दर्शन के दौरान उनके साथ फिल्म से जुड़े लोग भी मौजूद रहे।



रामलला के दर्शन करतीं फिल्म अभिनेत्री उर्वशी रौतेला।



उत्तराखंड

शारदा में डूबने से मां-बेटी की मौत

टनकपुर, अमृत विचार : शारदा नदी में डूबने से मां-बेटी की मौत हो गई। काफी मशक्कत के बाद दोनों शव बरामद कर लिए गए। पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने मृतक महिला के मायके वालों को घटना की जानकारी दी है। उनके पहुंचने के बाद ही अंतिम संस्कार किया जाएगा। घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा है।

जानकारी के मुताबिक कंचन (27) पत्नी संजय सक्सेना और अपनी सात साल की बेटी दिव्यांशी को लेकर शुक्रवार पूर्वान्ह किसी काम से बाजार गई थी। मां- बेटी एकाएक बैराज मार्ग से लगे शारदा नदी क्षेत्र में चली गई और नदी में डूब गई। पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे और दोनों को निकाला। उप जिला चिकित्सालय के डॉ आफ्ताब आलम ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। टनकपुर के घसियारा मंडी निवासी मृतका के पति संजय सक्सेना का टेलरिंग का काम है। वरिष्ठ उप निरीक्षक बीएस बिष्ट ने बताया कि पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद मृतका के मायके वालों की मौजूदगी में अंतिम संस्कार किया जाएगा।

हाईकोर्ट का बड़ा फैसला : आजीवन कारावास काट रहे 28 कैदी किए रिहा

संवादताता, नैनीताल

अमृत विचार : उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा काट रहे 28 कैदियों को रिहा कर दिया। ये कैदी 14 साल की सजा काट चुके हैं।

प्रदेश की जेलों में आजीवन सजा काट चुके कैदियों को सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी रिहा नहीं करने के मामले में स्वतः संज्ञान लेकर उच्च न्यायालय ने जनहित याचिका के रूप में सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद शुक्रवार को मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने राज्य सरकार को कल तक 28 कैदियों को रिहा करने के आदेश दिए। इन कैदियों की 14 साल की सजा पूरी पो गई थी। इनके खिलाफ कोई नकारात्मक रिपोर्ट भी नहीं थी। अपनी सजा काट चुके अन्य कैदियों के मामले में कोर्ट हर शनिवार को सुनवाई करेगी।

मालूम हो कि पिछले 17 मार्च को मुख्य न्यायाधीश ने हल्द्वानी की जिला जेल और सितारगंज की संपूर्णानंद ओपन जेल का निरीक्षण किया। वहां वह उन कैदियों से भी मिली जिनकी सजा पूरी हो चुकी थी, परन्तु उन्हें आज तक रिहा नहीं किया गया। मुख्य न्यायाधीश ने कैदियों के अधिकारों को समझते हुए प्रदेश के सभी जेल प्रबंधकों से इसकी लिस्ट मांगी कि प्रदेश में ऐसे कितने कैदी हैं जिन्होंने आजीवन कारावास का समय पूरा कर लिया है। लेकिन उन्हें अभी तक रिहा नहीं किया गया। जिसमें 167 ऐसे कैदी मिले। मुख्य न्यायधीश ने इसे सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना पाते हुए स्वतः संज्ञान लेकर गृह सचिव, सचिव न्याय को कोर्ट ने तलब किया था। गृह सचिव द्वारा कहा गया कि उन्होंने कल ही इस विभाग का कार्यभार संभाला है। उन्हें समय दिया जाए।

देहरादून-पंतनगर-वाराणसी फ्लाइट आज से

पंतनगर, अमृत विचार : छह मार्च को देहरादून-वाराणसी वाया पंतनगर हवाई सेवा का शुभारंभ किया गया था, लेकिन तभी से यह हवाई सेवा बंद थी। तमाम कयासों के बाद अब यह हवाई सेवा शनिवार 23 मार्च से शुरू हो रही है। इस हवाई मार्ग पर एयर इंडिया की कंपनी एलायंस एयर अपने एटीआर-72 (72 सीटर) विमान का संचालन करेगी। सप्ताह में तीन दिन (शनिवार, मंगलवार व बृहस्पतिवार) चलने वाली इस फ्लाइट के शुरू होने से पंतनगर-देहरादून के बीच दूरी जहां 45 मिनट, वहीं पंतनगर-वाराणसी के बीच दूरी डेढ़ घंटे में सिमट जाएगी। इस फ्लाइट में दोनों जगहों का न्यूनतम किराया मात्र 1999 रूपये निर्धारित किया गया है, जो फ्लेक्सी फेयर होने से घट या बढ़ भी सकता है।

धोखाधड़ी करने वाले दंपति पर गैंगस्टर

हल्द्वानी, अमृत विचार : पिछले साल पुलिस के शिकंजे में आए जालसाज दंपति शेखर और तनुजा के गले में पुलिस का शिकंजा और कस गया है। यह पहला मामला है जब जमीन की जालसाजी के मामले में किसी पर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई। इन दोनों ने पांच लोगों से करोड़ों की ठगी की और फरार हो गए थे। पिछले साल दोनों को पंजाब से गिरफ्तार किया गया था। मुखानी एसओ पंकज जोशी ने बताया कि छड़ायल नयाबाद निवासी शेखर चंद्र पांडे और उसकी पत्नी तनुजा पांडे के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

कुमाऊं की होली का है 400 साल पुराना इतिहास

नैनीताल, अमृत विचार : यूं तो पूरे देश में होली का पर्व मनाया जाता है लेकिन कुमाऊं की खड़ी होली का अपना अलग गौरवशाली इतिहास है। यहा होलियार ढोल और रागों पर झूमने पर मजबूर कर देते हैं।

साथ ही गायन में कुमाउनी होली के इतिहास का वर्णन करते हैं। होली के जानकार जहूर आलम बताते हैं कि कुमाउनी होली की शुरुआत 15 वीं शताब्दी में चम्पावत के चंद राजाओं के महल और काली कुमाऊं सुई क्षेत्रों में मानी जाती है। चंद राजवंश के प्रसार के साथ ही यह संपूर्ण कुमाऊं क्षेत्र तक फैली। कुमाऊं की इस होली का इतिहास 400 साल से ज्यादा पुराना है। ढोल की थाप के साथ कदमों की चहलकदमी और राग-रागिनियों का समावेश कुमाउनी खड़ी होली में होता है।

हल्द्वानी में आईएसआईएस ने किया था ट्रायल धमाका

- अब आईएसआईएस प्रमुख के लिंक को खंगालने में जुटी एजेंसियां

हल्द्वानी, अमृत विचार : असम से पकड़े गए भारत में आईएसआईएस के प्रमुख देहरादून निवासी हारिस फारुखी के बारे में पुलिस और एनआईए को पिछले साल ही जानकारी हो गई थी। जब दो अक्टूबर को दिल्ली पुलिस की स्पेशल ने तीन आतंकियों मोहम्मद शाहनवाज आलम, मोहम्मद रिजवान अशरफ और मोहम्मद अशरद वारसी को गिरफ्तार किया था।

ये तीनों आईएसआईएस के आतंकी हैं और इनसे ही दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को हल्द्वानी में धमाके के ट्रायल की खबर मिली थी। हालांकि अब हारिस फारुखी एनआईए के कब्जे में है। सूत्र बताते हैं कि उसे देहरादून के साथ ही हल्द्वानी लाया जा सकता है। पिछले साल अक्टूबर में दिल्ली में गिरफ्त में आए आतंकियों ने पुलिस टीम को बताया था कि उन्होंने हल्द्वानी में रेकी करने के साथ बम धमाके का परीक्षण भी किया था। ये धमाका गौला नदी और नदी किनारे जंगलों में करने की बात सामने आई थी। इस बात की पुष्टि अब हारिस फारुखी ने भी कर दी। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने दिल्ली, लखनऊ व मुरादाबाद से तीन संदिग्ध आतंकियों मोहम्मद शाहनवाज आलम, मोहम्मद रिजवान अशरफ और मोहम्मद अशरद वारसी को गिरफ्तार किया था। जो कि पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े हैं।

सीतापुर में सरकार पर निशाना साधा, कहा- झूठे मुकदमों का विश्व नहीं भाजपा ने बनाया ब्रह्माण्ड रिकॉर्ड

आजम खां से अखिलेश ने की 1 घंटा 23 मिनट गुप्त चर्चा

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार: समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को जिला जेल में बंद पूर्व मंत्री व सपा नेता आजम खां से मुलाकात की। जेल के अंदर 1 घंटे 23 मिनट तक चली मुलाकात के बाद अखिलेश यादव जेल से बाहर आये और भाजपा सरकार पर निशाना साधा।

आजम से मुलाकात के दौरान जेल के अंदर सपा राष्ट्रीय सचिव अनूप गुप्ता व रामपुर के जिलाध्यक्ष मौजूद रहे। दोनों के बीच चली मुलाकात में लोकसभा चुनाव के समीकरण सहित रामपुर की अहम सीट पर प्रत्याशी चयन को लेकर भी गहन चर्चा होने की बात सामने आई है। जेल से बाहर निकलते ही अखिलेश यादव ने मीडिया से बातचीत में भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि झूठे मुकदमों का भाजपा वर्ल्ड ही नहीं, बल्कि ब्रह्मांड रिकॉड बनाने जा रही है। उन्होंने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड ने भाजपा की बैंड बजा दी है, जिससे बचने के लिए विपक्षी पार्टी के मुख्यमंत्रियों को परेशान किया जा रहा है। आजम से अखिलेश यादव की यह मुलाकात रामपुर सीट के लिए अहम मानी जा रही है। सुबह करीब 12 बजे अखिलेश यादव का काफिला जिला जेल पर रुका। अखिलेश की गाड़ी जेल परिसर के गेट पर रुकी। यहां सपा नेताओं का अभिवादन स्वीकार कर अखिलेश यादव सीधे जेल के अंदर पहुंचकर आजम से मुलाकात की।

मुलाकात के बाद बाहर आये अखिलेश यादव ने मीडियाकर्मियों के सवाल पर केजरीवाल की गिरफ्तारी की तरफ इशारा करते हुए कहा कि चुनावी बॉण्ड के खुलासे ने भाजपा की बैंड बजा दी है। क्या भाजपा के लोगों को चुनावी बॉण्ड का फायदा नहीं मिला? जनता लोकसभा चुनाव में इनको सबक सिखाएगी। अखिलेश यादव ने कहा, जुल्म करने वाला कितना भी जुल्म करे, लेकिन अंत में सच्चाई की ही जीत होती है। सपा नेता आजम खां का जिक्र करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि आजम खां के साथ लगातार अन्याय हो रहा है, मगर उन्हें उम्मीद है कि आजम और उनके परिवार को न्याय मिलेगा। बातचीत के दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) ही राजग (भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) एनडीए को हराएगा और इस वक्त सरकार पीडीए से घबराई हुई है। अखिलेश यादव के आगमन से पूर्व ही जेल पर सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं का हुजूम उमड़ पड़ा। जेल पर पहुंचे सपा नेताओं में राष्ट्रीय सचिव अनुप गुप्ता, पूर्व एमएलसी आनंद भदौरिया, पूर्व मंत्री रामहेत भारती, सपा जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।

सीतापुर जेल में आजम से मिलकर बाहर आते अखिलेश यादव। ● अमृत विचार

रामपुर के नेता राजा ठाकुर की कटी जेब

जिला कारागार पर अखिलेश यादव से मुलाकात के लिए रामपुर से आये समाजवादी पार्टी से टिकट की दावेदारी करने वाले राजा ठाकुर की जिला जेल पर जेब कट गई। उच्चकों ने इस दौरान जेब में रखी पर्स में चार हजार रुपये और जरूरी कागजात पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस और सुरक्षा गार्डों के बीच नेता की जेब कटना बड़ी चुनौती माना जा रहा है।

यूपी सबसे बड़ा पेपर लीक प्रदेश

पूर्व मुख्यमंत्री ने जेल के बाहर भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए दावा किया कि उत्तर प्रदेश में विभिन्न भर्तियों के सबसे ज्यादा पेपर लीक हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की प्रदेश सरकार ने 60 लाख बच्चों का भविष्य छीना है। उन्हें और उनके माता-पिता को मिला लें तो एक करोड़ 80 लाख वोट होते हैं। अगर हम उसे 80 (उत्तर प्रदेश में लोकसभा सीटों की संख्या) से भाग देते हैं तो हर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के सवा दो लाख वोट कम हुए हैं।

आजम और परिवार को परेशान कर रही सरकार

अखिलेश यादव ने आजम से मुलाकात के बाद कहा कि यह सरकार की अमानवीय गतिविधि है कि आजम के परिवार को सजा एक साथ मिली थी, लेकिन जेल में वह एक साथ नहीं हैं। उन्होंने कहा कि क्या सरकार यही तकलीफ और परेशानी देना चाहती है और वह भी झूठे मुकदमे लगाकर? अखिलेश ने एक सवाल पर कहा कि उनकी आजम खां से रामपुर लोकसभा सीट के टिकट को लेकर भी चर्चा हुई है।

सार-संक्षेप

पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी की याचिका खारिज

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपहरण के मामले में यूपी के पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी को कोई राहत न देते हुए उनकी याचिका खारिज कर दी। मामले के अनुसार 6 दिसंबर 2001 को धर्मराज मद्धेशिया नाम के व्यक्ति द्वारा कुछ अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध आईपीसी की विभिन्न धाराओं और उत्तर प्रदेश गैंगस्टर और असामाजिक गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1986 की धारा 3 (1) के तहत पुलिस स्टेशन कोतवाली, बस्ती में प्राथमिक की दर्ज कराई गई थी। जिसमें आरोप लगाया गया था कि उसके बेटे राहुल मद्धेशिया का स्कूल जाते समय अपहरण कर लिया गया था। विरोध करने पर शिकायतकर्ता के साथ मारपीट भी की गई। हालांकि याची की ओर से बचाव के तर्क दिए गए लेकिन कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि 'गिरोह' द्वारा किया गया एक भी अपराध गैंगस्टर लगाने के लिए पर्याप्त है। अत: याचिका खारिज कर दी गई। यह आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकल पीठ ने याचिका पर सुनवाई करते पारित किया है।

मथुरा में अंतरराज्यीय वाहन लुटेरा गिरफ्तार

मथुरा, एजेंसी : जिले की कोतवाली पुलिस और एसओजी पुलिस ने एक अंतर्राज्यीय इनामी अपराधी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाश के पैर में गोली लगी है तथा उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक नगर डा. अरविन्द कुमार के अनुसार राजस्थान के डीग का निवासी जाहुल यूपी, हरियाणा और राजस्थान में अपने साथियों के साथ वाहनों को उठाने आदि का काम करता है। उन्होंने बताया कि यह अपराधी अपने साथियों के साथ लोगों के घरों के सामने खड़े ट्रैक्टर या अन्य वाहनो को उठाता हैं तथा बाद में उसके चेसिस नम्बर और इंजन नम्बर बदल देता है फिर इसे बेंच देता है। बेंचते समय वह ग्राहक से बिक्री की अधिकांश रकम ले लेता है तथा यह कहता है कि बह बाकी रकम तब लेगा जब वह वाहन के कागजात दे देगा। बाद में न वह बाकी रकम लेता है और ना ही ग्राहक को कागजात देता है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त के पास से चोरी की एक मोटरसाइकिल, एक तमंचा .315 बोर मय तीन जिंदा एवं दो खोखा कारतूस बरामद किये गए हैं। उस पर 25 हजार का मथुरा में और दस हजार का आगरा में इनाम घोषित किया जा चुका है।उसके अन्य साथियों की तलाश की जा रही है।

धर्मराज निषाद को पड़ा दिल का दौरा, लखनऊ रेफर

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। पूर्व मंत्री और भाजपा नेता धर्मराज निषाद को अचानक दिल का दौरा पड़ने के कारण परिजनों ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद पूर्व मंत्री की हालत गंभीर देख उन्हें लखनऊ के राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट के लिए रेफर कर दिया है। पूर्व मंत्री धर्मराज निषाद को बीते दिवस देर रात अचानक सीने में दर्द होना शुरू हुआ। जिसके बाद परिजन उन्हें जिला अस्पताल ले आए। जिला अस्पताल में डॉ. मनोज शुक्ला ने उनकी जांच की और प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें लखनऊ के राम मनोहर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। डॉ. मनोज शुक्ला ने बताया कि पूर्व मंत्री धमराज निषाद को हार्ट की समस्या है।

तीसरी बार टला इरफान सोलंकी पर फैसला

कानपुर, अमृत विचार। सपा विधायक इरफान सोलंकी के जाजमऊ के आगजनी कांड मामले में गुरुवार को एक बार फिर फैसला टल गया। एमपीएमएलए सेशन कोर्ट ने मामले में अगली तिथि 28 मार्च निर्धारित की है। अभियोजन व बचाव पक्ष की ओर से बहस बीते एक मार्च को पूरी हो गई थी। कोर्ट ने फैसले की तिथि 14 मार्च निर्धारित की थी। 14 को मो. शरीफ व शौकत के जमानत बंधपत्र दाखिल न होने के कारण 19 मार्च की तिथि निर्धारित की गई। 19 मार्च को न्यायाधीश के अवकाश पर होने के कारण सुनवाई नहीं हो पाई थी। जिसके बाद 22 मार्च की तारीख तय हुई थी। डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी में आगजनी कांड मामले में शुक्रवार को आने वाला फैसला एक बार फिर से टल गया। सात नवंबर 2022 को नजीर फातिमा की झोपड़ी में आग लग गई थी। मामले में सपा विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान सोलंकी, इजरायल आटेवाला, मो. शरीफ व शौकत अली के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई थी।

दंड के नाम पर वेतन न रोकें, काम नहीं किया तो कटौती करें : कंचन

शिक्षा महानिदेशक ने अधिकारियों को जारी किया आदेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित विद्यालयों में शिक्षकों, कर्मचारियों व बाबुओं का वेतन अब दंड के नाम पर नहीं रोका जाएगा। यदि कोई बिना सूचना अनुपस्थित रहकर वेतन लेने का प्रयास करता है, तो सभी तथ्यों के साथ जांच कर वेतन में कटौती की जायेगी। उसका रिकार्ड सर्विस बुक पर दर्ज होगा।

इस संबंध में शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को नियमावली का हवाला देते हुए आदेश जारी किया है। आदेश के मुताबिक उ.प्र. सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली 1999 तथा उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद कर्मचारी वर्ग नियमावली 1973 में वेतन अवरूद्ध करना किसी प्रकार के दण्ड के रूप में नियम नहीं है। महानिदेशक को इस बात की शिकायत मिली थी कि विभागीय कार्यक्रमों में अपेक्षित परिणाम प्राप्त न होने के कारण या फिर विभागीय आदेशों की अवहेलना के कारण शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मियों के विरूद्ध कार्रवाई के नाम पर वेतन अवरूद्ध किया जाता है। ये नियमावली के मुताबिक गलत है। महानिदेशक ने अपने आदेश में कहा कि बेसिक शिक्षा अनुभाग-5 के शासनादेश में स्पष्ट है कि "वेतन या वेतन वृद्धि रोकना अनुशासनात्मक कार्यवाही की प्रकिया से शामिल होता है। अतः जब तक स्थापित नियमों के अधीन औपचारिक आदेश जारी न हो, किसी भी कार्मिक का वेतन अथवा वेतन वृद्धि को रोकी नहीं जाएगी। अन्यथा यह दायित्व निर्धारण का विषय होगा।

नियम पर ध्यान नहीं दिया तो अधिकारी भी होंगे दंडित

महानिदेशक कंचन वर्मा के आदेश के मुताबिक नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाही की सभी प्रक्रिया पूरी करने के बाद वेतन अथवा वेतन वृद्धि रोकी जायेगी। ऐसी कार्यवाही अत्यन्त गम्भीर प्रकरण में ही की जायेगी। आदेश में कहा गया है कि शासन के कार्मिक विभाग की ओर से निलम्बन एवं अनुशासनात्मक प्रक्रिया के अधीन व निर्धारित प्रपत्रों पर ही कार्यवाही की जाये। अन्यथा कार्यवाही करने वाले अधिकारी के विरूद्ध भी नियम विरूद्ध कार्य करने की कार्यवाही की जायेगी। किसी तात्कालिक प्रकरण में जिलाधिकारी की अनुमति से कर्मचारी को प्रतीक्षा में रखा जा सकता है। इसका स्थायी अनुमोदन निदेशक बेसिक शिक्षा द्वारा तथ्यों के आधार पर अनुमोदित किया जायेगा।

ई सेवा पुस्तिका पर दर्ज होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई

शिक्षा महानिदेशक ने बेसिक शिक्षा अधिकारियों को आदेशित किया है कि शासनादेशों तथा नियमावलियों के आलोक में शिक्षक व शिक्षिका या कर्मचारी के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही को ई सेवा पुस्तिका पर भी दर्ज किया जाये। ऐसा न करने पर बीएसए जिम्मेदार होंगे।

बच्ची से दुष्कर्म में दोषी को उम्रकैद

बहराइच, एजेंसी: जिले की एक विशेष अदालत ने एक साल की एक बच्ची से दुष्कर्म के मामले में शुक्रवार को एक व्यक्ति को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनायी और एक लाख 29 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। विशेष जिला शासकीय अधिवक्ता (पाक्सो कानून) संत प्रताप सिंह ने बताया कि नानपारा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का निवासी भोंदू रहमान (50) अपने ही गांव के निवासी अनुसूचित जाति के एक परिवार की एक साल की बच्ची को इसी साल 17 फरवरी की सुबह किसी बहाने से उठाकर बाहर ले गया था। घर वाले बच्ची को खोजने निकले तो उन्होंने भोंदू को लहूलुहान बच्ची के साथ सरसों के एक खेत में पाया। उन्होंने बताया कि परिजन को देखकर भोंदू बच्ची को छोड़कर भाग गया। इस मामले में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। सिंह ने बताया कि विशेष अपर सत्र न्यायाधीश (पाक्सो कानून) वरुण मोहित निगम ने घटना के मात्र 34 दिनों के अंदर फैसला सुनाते हुए भोंदू को दोषी करार दिया और सश्रम उम्रकैद व एक लाख 29 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

सात रोहिंग्याओं सहित मुख्य आरोपी तमिलनाडु से गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 25 हजार का इनामी है मुख्य आरोपी कफीलूद्दीन

अमृत विचार। यूपी एटीएस ने प्रदेश में घुसपैठ कराने के मुख्य आरोपी को तमिलनाडु से गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर लिया है। एटीएस अफसरों के मुताबिक आरोपियों द्वारा घुसपैठ कराने में शामिल सात अन्य लोगों को विगत तीन महीने में गिरफ्तार किया जा चुका है, जिसमें से तीन बांग्लादेश के हैं। गिरफ्तार किए गए मुख्य आरोपी पर एटीएस ने 25 हजार का इनाम रखा हुआ था।

एटीएस अफसरों के मुताबिक रोहिंग्याओं की पहचान छिपाकर उनका फर्जी भारतीय दस्तावेज तैयार किया जा रहा था। घुसपैठियों के रुकने की और उनके खर्च की भी व्यवस्था गिरफ्तार किए गए मुख्य आरोपी कफीलुद्दीन द्वारा की जा रही थी। एटीएस को जब इसकी भनक लगी तो टीम ने मिलकर इन तथ्यों को भौतिक और इलेक्ट्रानिक सर्विलांस द्वारा विकसित किया। पुष्टि हुई कि यूपी में ऐसा सिंडीकेट सक्रिय है जो घुसपैठ कराकर देश में राष्ट्रविरोधी गतिविधि करा रहा है और घुसपैठियों के पैर पसारने की पूरी व्यवस्थाएं कर रहा है। एटीएस ने अभियान चलाते हुए इस कार्य में लिप्त सात अन्य लोगों को विभिन्न तिथियों में गिरफ्तार किया।

मुख्य आरोपी कफीलुद्दीन 2017 से वेल्लूर, तमिलनाडु मे रह रहा था। कफीलुद्दीन हाली शहर चिटगांव, बांग्लादेश का मूल निवासी है। तमिलनाडु में रहते हुए कफीलुद्दीन का परिचय शेख नजीबुल हक (पूर्व में गिरफ्तार) से हुआ था। शेख नजीबुल हक द्वारा उपलब्ध कराए गए धन से कफीलुद्दीन द्वारा अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी रोहिंग्या नागरिकों आर्थिक सहयोग प्रदान किया जा रहा था।

वर्ग पहेली-18

बाएं से दाएं

1. अमित होने की अवस्था या भाव, असीमता, अनंतता।
4. 1. खड़ की लगातार ध्वनि होना 2. सूखे पत्तों के आपस में टकराने की ध्वनि।
5. मालगाड़ी का डिब्बा।
7. 1. पुदीने की जाति का एक पौधा 2. उक्त पौधे की पत्तियों का सत्व जो औषधि बनाने के काम आता है।
8. 1. स्रोत, पानी का चश्मा या सोता 2. यथार्थ, वास्तविक, वाकई 3. नेत्र, नयन, आंख।
9. डांटने की क्रिया, घुड़कना।

ऊपर से नीचे

1. 1. नीचा, झुका हुआ, नत 2. गिरा हुआ, पतित, अधोगत 3. अस्त होता हुआ
4. नम्र, विनीत।
2. 1. झड़ने की क्रिया या भाव 2. झड़ने या झाड़ने से गिरी हुई चीज़।
3. वह बर्तन जिससे खेत का पानी बाहर उलीचते हैं या बाहर का पानी खेत में भरते हैं, ओलचा।
4. गले में पहनने का आभूषण, हंसुली।
6. 1. अनर्गल प्रलाप, बकवास 2. बदतमीज़ी, अशोभन बातें 3. अप्रासंगिक, क्रमहीन।
7. 1. आच्छादित करने की क्रिया 2. ढक्कन 3. आवरण 4. तलवार की म्यान 5. परदा 6. दरवाज़ा।



वर्ग पहेली -17 का हल

	1 ओ				2 वा	णी
	ष			3 लु		
	धा		4 अ	भा	षि	5 त
	6 ल	च	क	ना		द
7 पे	य		ड़			बी
टि				8 रो	ल	र
9 का	दं	बि	नी			

सुडोकू-97

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		9				6		
5					9		1	
7		8		4				2
		3	6		8		4	
		7				8		
	2		5		3			
4				1				8
	3		2				5	
		6				9		

सुडोकू -96 का हल

9	1	4	6	2	8	5	7	3
3	2	6	9	7	5	4	8	1
8	7	5	1	3	4	9	2	6
6	9	7	8	4	1	2	3	5
4	8	2	5	6	3	7	1	9
1	5	3	2	9	7	6	4	8
7	6	8	3	5	2	1	9	4
5	4	1	7	8	9	3	6	2
2	3	9	4	1	6	8	5	7

कानपुर में 3 छात्रों को रौंदकर नाले में जा घुसी रोडवेज बस

संवाददाता, घाटमपुर (कानपुर)

- कानपुर-हमीरपुर हाईवे पर पतारा कस्बे में हुआ हादसा

अमृत विचार : कानपुर-हमीरपुर हाईवे पर पतारा कस्बे में शुक्रवार की सुबह घर से राजकीय पॉलीटेक्निक जाने के लिए साइकिल से निकले तीन छात्रों को रोडवज बस ने कुचल दिया, तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद बस सड़क किनारे नाले में जा घुसी। बस चालक और कंडक्टर भाग निकले। हादसे से गुस्साए लोगों ने हाईवे पर जाम लगा दिया।

घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के नंदना चौकी क्षेत्र में पड़ने वाले कुंवरपुर गांव के अंकुश प्रजापति, दीपक तिवारी और मनीष सविता हमीरपुर जनपद के सुमेरपुर स्थित राजकीय पॉलीटेक्निक के छात्र थे। तीनों की आयु 17 वर्ष के करीब थी। शुक्रवार सुबह करीब सात बजे तीनों साइकिल से पतारा पहुंचकर जैसे ही स्टेशन रोड पर मुड़े, तभी कानपुर की ओर से आई तेज रफ्तार हमीरपुर डिपो की बस ने तीनों को टक्कर मार दी और बगल के नाले में जा घुसी। हादसे की सूचना के बाद तीनों छात्रों के परिवार और गांव वाले भी पहुंच गए। गुस्साए लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। एडीएम और एडीसीपी साउथ अंकिता शर्मा ने मौके पर पहुंचकर आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। उन्होंने 10-10 लाख का मुआवजा और सरकारी सुविधाओं का लाभ दिए जाने का वादा किया, जिसके बाद दोपहर करीब एक बजे जाम खुल सका।

रिश्वत मांगने के आरोपी इंस्पेक्टर को मिली सशर्त जमानत

प्रयागराज: इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रिश्वत मांगने के आरोपी इंस्पेक्टर को यह देखते हुए की जमानत की स्वतंत्रता का दुरुपयोग नहीं करेगा और मामले के शीघ्र निपटारे में सहयोग करेगा उसे सशर्त जमानत दे दी। उक्त आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकल पीठ ने वली मोहम्मद निरीक्षक (अपराध) शाखा की याचिका को निस्तारित करते हुए पारित किया। दरअसल याची पर 7 हजार रुपए की रिश्वत मांगने का आरोप लगाया गया था। याची के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7,13(1)(बी),13 (2) के तहत पुलिस स्टेशन सिविल लाइन, मुरादाबाद में प्राथमिक की दर्ज की गई थी। याची के अधिवक्ता का तर्क था कि याची को मामले में झूठा फंसाया गया है।

मतदेय स्थलों पर गर्मी और लू से बचाव के होंगे इंतजाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिए निर्देश

अमृत विचार: मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शुक्रवार को प्रदेश के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों (जिलाधिकारी) के निर्देश दिए कि तेज धूप और लू से बचने के लिए प्रत्येक मतदेय स्थल के सामने छाया की व्यवस्था हो, पर्याप्त संख्या में कुर्सी व दरी की व्यवस्था की जाए, जिससे मतदाता अपनी बारी आने तक छाया में इंतजार कर सकें।

बुजुर्गों, महिलाओं जिनके साथ छोटे बच्चे हों और दिव्यांगजनों को मतदान हेतु प्राथमिकता दी जाए। हीट स्ट्रोक के बारे में मतदान कार्मिकों को जागरूक करने का निर्देश दिया।श्री रिणवा ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों से इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने और अधिकाधिक संख्या में मतदेय स्थलों पर पहुँचकर मतदान करने के लिए मतदान दलों एवं मतदाताओं के मध्य भीषण गर्मी/लू/हीट वेव की सावधानियों एवं जागरुकता सुनिश्चित करने को कहा है। बताया कि मतदान दिवस 19 अप्रैल, 2024 से 1 जून, 2024 के दौरान भीषण गर्मी पड़ने की सम्भावना है। गर्मी से बचने के लिए पोलिंग पार्टी प्रस्थान एवं मतदान दिवसों पर पूर्ण सावधानी बरतें। इस दौरान सभी मतदान कार्मिक हल्के सूती वस्त्रों का प्रयोग करें।

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 23 मार्च, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 07.17 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी पूर्ण रात्रि।

मेष — आज धन के लेन-देन को लेकर थोड़ा विवाद हो सकता है। प्रेम संबंधों को लेकर धैर्य और संयम का परिचय देंगे। नया काम शुरू करने के लिए दिन शुभ है। कार्यक्षेत्र के सहकर्मी आपसे काफी खुश रहेंगे। रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी।

वृष — आज घर की आंतरिक सज्जा में सुधार करने की योजना बनाएंगे। साझेदारी के व्यवसाय में आपसी समझदारी की आवश्यकता है। अत्यधिक विचारों के कारण थोड़े भ्रमित हो सकते हैं। मार्केटिंग से जुड़े लोगों को बॉस से परेशानी हो सकती है।

मिथुन — आज किसी रिश्तेदार से शुभ समाचार मिलेंगे। जीवनसाथी के प्रेम भरे व्यवहार से आह्लादित रहेंगे। अनावश्यक कार्यों में अपना समय बर्बाद न करें। आप परोपकार को काफी महत्व देंगे। नए व्यवसाय की योजना बना सकते हैं।

कर्क — आज अपना काम निकलवाने के लिए आप स्वार्थी भी हो सकते हैं। दोस्तों के साथ आपकी समस्याओं को साझा करेंगे। लोन से जुड़ा हुआ काम अटक सकता है। कोई नजदीकी व्यक्ति आपको धोखा दे सकता है। इसीलिये सावधान रहना चाहिए।

सिंह — आज बॉस आपके प्रदर्शन से बहुत खुश होगा और आपको शाबाशी दे सकते हैं। सरकारी कारणों से रुके हुए कार्यों में गति आएगी। आपको सामाजिक कार्यों से काफी यश प्राप्त होगा। बैंकिंग से जुड़े अटके काम आसानी से बन जाएंगे।

कन्या — आज अपने उत्तरदायित्व के प्रति निष्ठावान रहें। अनावश्यक कारणों से आपको घर से बाहर जाना पड़ सकता है। अधिकारियों से बहसबाजी न करें। महंगी वस्तुओं की खरीदारी से आपके बजट पर असर पड़ने की संभावना है।

तुला — आज आपको उत्तम कार्यों के लिए पुरस्कार भी दिया जा सकता है। अपनी कमियों पर नियंत्रण पाने का प्रयास करें। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में बड़ी सफलता मिल सकती है। व्यवसाय में ग्राहक आपसे काफी खुश रहेंगे।

वृश्चिक — आज सभी कार्यों को सावधानी पूर्वक करने का प्रयास करें। संपत्ति के क्रय-विक्रय को लेकर थोड़े संशय में रहेंगे। जल्दबाजी के कारण आपके काम बिगड़ सकते हैं। भविष्य को लेकर योजना बनाने के लिए समय उत्तम है।

धनु — आज आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। दोस्तों के साथ मौज मस्ती भरा समय बिताएंगे। आप कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। संतान पक्ष से आपको सहयोग मिलेगा। बुद्धि और विवेक से निर्णय लेंगे।

मकर — आज संतान के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। विवाहेतर संबंधों से बचने का प्रयास करें। दूसरों की बातों में न आएं। मौसमी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। आपको किसी पर भी पूर्ण भरोसा नहीं करना चाहिए। कानूनी पचड़ों में फंस सकते हैं।

कुंभ — आज कारोबार में शानदार वृद्धि से आपका मनोबल बढ़ेगा। परिजनों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। सांयकाल पुराने मित्रों के साथ ग्रुप चर्चा कर सकते हैं। साहित्य और कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है।

मीन — आज आपसी संबंधों को खट्टा न होने दें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दूसरों की समस्याओं में स्वयं को न उलझाएं। पैरों में थकावट जैसी अनुभूति हो सकती है। ऑफिस के कार्यों में अपनी दक्षता का परिचय देंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
शान — सुबह : 09.52
अनाड़ी — रात : 07.00

SONY PIX
इट — सुबह : 09.28
टर्मिनेटर 3 — रात : 09.00

SONY SMAX
पीकू — सुबह : 10.48
आंख मिचौली — रात : 07.00

ZEE CINEMA
अतीत — सुबह : 09.15
करन अर्जुन — रात : 08.20

colors CINEPLEX
ताली — दोपहर : 12.00
फिर हेरा फेरी — रात : 07.00

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात : 07.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

एक आदमी दौड़ा-दौड़ा डॉक्टर के क्लीनिक में पहुंचा और घबराए स्वर में बोला-डॉक्टर साहब ! प्लीज मेरी जान बचा लीजिए।
डॉक्टर- क्या हुआ?
आदमी-मेरे मुंह में छिपकली घुस गई है।
डॉक्टर हैरान होकर बोला- क्या? जब छिपकली तुम्हारे मुंह में घुस रही थी तब तुमने मुंह बंद क्यों नहीं किया?
आदमी-दरअसल, मैंने सोचा कि पहले जो कॉकरोच मेरे मुंह में घुसा था, उसे पकड़कर वह वापस आ जाएगी।

लड़की- तू इतना अच्छा है, फिर तेरी कोई गर्लफ्रेंड क्यों नहीं?
लड़का-तू बन जा
लड़की-नहीं, तू तो मेरा बेस्ट फ्रेंड है।
लड़का- बस इसलिए नहीं है।

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	72,831.94	22,096.75
बढ़त	190.75	84.80
प्रतिशत में	0.26	0.39

अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, शनिवार, 23 मार्च 2024

मैथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1015 फ्लैग 1120 डीएमओ 895 बोल्ड 1185, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 900।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 1910, राज श्री 1390, फॉर्चून कि. 1820, रविन्द्रा 1860, फॉर्चुन ली0 1670, जय जवान 1495, सचिन 1610, सूरज 1520, अवसर 1650, राग गोल्ड 1695, गृहणी 1605, क्लासिक (किलो) 1790, मोर 1640, चक्र टिन 1725, ब्लू 1725, आशीर्वाद मस्टर्ड 1760, स्वास्तिक 1880, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 12000-18000, सोंठ 45000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7150-7700, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9800-10500, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10700, मोटा हीरा 11700, अरहर गोला मोटा 12600, अरहर पटका मोटा 13000, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 13800-14300, अरहर कोरी छोटी 15000, **चीनी**-डालमियां 4040, पीलीभीत 4000, नवाबगंज (नई) 3980, बहेड़ी (नई) 4000 रुपये।

2025 में भारत का परिदृश्य सकारात्मक होगा

वित्त मंत्रालय ने निजी निवेश में बढ़ोतरी के चलते आर्थिक समीक्षा में जताई उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि निजी निवेश में बढ़ोतरी और मुद्रास्फीति में गिरावट के साथ अगले वित्त वर्ष 2025 के लिए भारत का परिदृश्य सकारात्मक दिख रहा है। वित्त मंत्रालय की मासिक आर्थिक समीक्षा में यह भी कहा गया कि जनवरी, 2025 से ब्लूमबर्ग बॉन्ड सूचकांक में भारतीय सरकारी बॉन्ड को शामिल करने से विदेशी पूंजी प्रवाह को बढ़ावा मिलेगा। इसमें कहा गया कि खपत में लगातार बढ़ोतरी के बीच मजबूत निवेश गतिविधि वृद्धि को गति दे रही है।

आर्थिक मामलों के विभाग की तरफ से जारी समीक्षा के फरवरी संस्करण में कहा गया कि सार्वजनिक निवेश पर लगातार ध्यान देने से निजी निवेश में बढ़ोतरी हो रही है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि अनुमान को 7.3 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.6 प्रतिशत कर दिया है। भारत ने लगातार तीन तिमाहियों में आठ प्रतिशत से ऊपर की वृद्धि हासिल की है।

मंत्रालय ने कहा कि विभिन्न एजेंसियों ने वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक वृद्धि आठ प्रतिशत के करीब रहने की बात कही है। समीक्षा में कहा गया कि कुल मिलाकर, भारत को वित्त वर्ष 2024-25 की शुरुआत सकारात्मक रहने की उम्मीद है। इसमें कहा गया कि टियर-2 और टियर-3 शहरों में आवासीय संपत्तियों की बढ़ती मांग निर्माण गतिविधियों के लिए अच्छा संकेत है।

आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल ने वर्ष 2024 25 के लिए बजट को दी मंजूरी

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के केंद्रीय निदेशक मंडल ने शुक्रवार को वैश्विक वित्तीय बाजार की अस्थिरता से उत्पन्न चुनौतियों सहित घरेलू आर्थिक स्थिति और परिदृश्य की समीक्षा की। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा कि निदेशक मंडल ने लेखा वर्ष 2024-25 के लिए बजट को भी मंजूरी दी। आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की 607वीं बैठक गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में नागपुर में संपन्न हुई। आरबीआई ने कहा-निदेशक मंडल ने भू-राजनीतिक विकास और वैश्विक वित्तीय बाजार की अस्थिरता से उत्पन्न चुनौतियों सहित वैश्विक और घरेलू आर्थिक स्थिति और परिदृश्य की समीक्षा की। इसके अलावा, निदेशक मंडल ने आरबीआई की गतिविधियों पर भी चर्चा की। इनमें चालू लेखा वर्ष 2023-24 के दौरान डिजिटल भुगतान, उपभोक्ता शिक्षा और जागरूकता में हुई प्रगति शामिल है। बैठक में केंद्रीय निदेशक मंडल के निदेशक सतीश के मराठे, रेवती अय्यर, सचिन चतुर्वेदी, वेणु श्रीनिवासन और रवींद्र एच ढोलकिया शामिल हुए।

ई-कॉमर्स मंचों पर भी छा गया आम चुनाव

नई दिल्ली, एजेंसी

- **विभिन्न राजनीतिक दलों से संबंधित माल ऑनलाइन सबसे ज्यादा देखा जा रहा**

भारत में आम चुनाव-2024 के करीब आते-आते राजनीतिक उत्साह ई-कॉमर्स क्षेत्र में भी व्याप्त हो गया है। ई-कॉमर्स मंचों पर विभिन्न राजनीतिक दलों से संबंधित माल सबसे ज्यादा देखा जा रहा है। ये ऑनलाइन मंच चुनाव से संबंधित सभी उत्पाद जैसे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 'कमल' से लेकर पुरानी समुद्री घड़ियों पर आम आदमी पार्टी (आप) का चुनाव चिह्न झाड़ू और कांग्रेस के प्रसिद्ध दुपट्टे आदि पेश करते हैं। बस, किसी ई-कॉमर्स वेबसाइट पर किसी भी राजनीतिक दल का नाम दर्ज करें, और झंडे से लेकर पेंडेंट (गले में पहना जाने वाला) और पेन तक विविध प्रकार के सामान पेज पर आ जाएंगे।

एक ई-कॉमर्स मंच की एक प्रतिनिधि ने कहा कि यह प्रवृत्ति शुरू में 2019 के चुनावों के दौरान उभरी जब ई-कॉमर्स मंच प्रचार माल और सहायक उपकरण के लिए पसंदीदा गंतव्य बन गए। उन्होंने कहा-जब सब कुछ ऑनलाइन बेचा जाता है, तो यह क्यों नहीं। ...और विक्रेता ही इसे हमारे मंच पर डालते हैं और ई-कॉमर्स वेबसाइटों को बस यह जांचना है कि यह नियमों का पालन करता है कि नहीं।

विशेष रूप से, कुछ राजनीतिक दलों ने स्वयं अपनी-अपनी वेबसाइटों पर ऐसे माल बेचने में सक्रियता दिखाई है। उदाहरण के लिए, 'नमो' मर्चेंडाइज वेबसाइट 'मोदी का परिवार', 'फिर एक बार, मोदी सरकार', 'मोदी की गारंटी', और 'मोदी है तो मुमकिन है' जैसे नारों से सजी टी-शर्ट, मग, लोटा, नोटबुक, बिल्ला, रिस्टबैंड (कलाई पर बांधा जाने वाला), चाभी का छल्ला, स्टिकर, चुम्बक, टोपी और कलम आदि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला का दावा करती है। इस प्रवृत्ति पर समाचार एजेंसी द्वारा अमेजन इंडिया और फ्लिपकार्ट से प्रतिक्रिया मांगने का प्रयास किया गया लेकिन दोनों मंचों से प्रतिक्रिया नहीं मिली। हालांकि, ई-कॉमर्स मंच पर इन सामानों के आपूर्तिकर्ताओं में से एक ने खुलासा किया कि लोकसभा चुनावों में ऐसी वस्तुओं की ऑनलाइन बिक्री में वृद्धि देखी गई। वहीं आपूर्तिकर्ता ने कहा कि पहले, हमारी आपूर्ति दुकानों को होती थी, लेकिन ऑनलाइन खुदरा मंचों की ओर झुकाव को देखते हुए हमें इसे अपनाना ही ठीक लगा।

सर्राफा

कानपुर

चॉदी 999 (प्रति किलो)	75,500
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	67,800
गिन्नी (प्रति नग)	50,500-50,700

लखनऊ

सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	66,050
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	65,900
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	75,000
चांदी तैयार	75,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	90, 500

बरेली

सोना जेवरात पक्के	66,000
सोना जेवरात गिन्नी	65,000
चांदी पक्की	715 (अनुमानित)

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	66,200
चांदी आभूषण	74,500।

रुपया गिरावट के साथ सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंचा

मुंबई। प्रमुख विदेशी मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के मजबूत होने तथा एशियाई मुद्राओं के कमजोर होने के बीच अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 48 पैसे की भारी गिरावट के साथ 83.61 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निम्न स्तर पर बंद हुआ। बाजार सूत्रों ने कहा कि विदेशी निकासी के कारण भी रुपये की धारणा प्रभावित हुई। मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया 83.28 प्रति डॉलर पर कमजोर खुला तथा डॉलर के मुकाबले 48 पैसे लुढ़ककर 83.61 प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुआ।

सोने के भाव में 875 और चांदी में 760 रुपये की आई गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी

वैश्विक बाजारों में कमजोरी के संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने का भाव 875 रुपये की गिरावट के साथ 66,575 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 67,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 760 रुपये की गिरावट के साथ 76,990 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई।

इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 77,750 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा-दिल्ली के बाजारों में सोने का हाजिर भाव (24 कैरेट) 66,575 रुपये प्रति 10 ग्राम पर चल था, जो पिछले बंद भाव से 875 रुपये की गिरावट दर्शाता है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,167 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 35 डॉलर की गिरावट है।

नीति आयोग ने कृषि क्षेत्र में जल के बेहतर प्रबंधन पर दिया जोर

नई दिल्ली। नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद ने शुक्रवार को कहा कि भारत एक टन कृषि फसल पैदा करने के लिए कई विकासशील देशों के मुकाबले 2-3 गुना अधिक पानी का उपयोग करता है। उन्होंने कहा कि कई विकसित और विकासशील देशों ने कृषि क्षेत्र में बेहतर जल प्रबंधन पर जोर दिया है। धानुका एग्रीटेक लिमिटेड द्वारा विश्व जल दिवस 2024 के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कृषि क्षेत्र में जल के बेहतर प्रबंधन पर जोर दिया। कहा कि बढ़ती जनसंख्या और आय वृद्धि के कारण भोजन और पानी की मांग बढ़ रही है।

रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के दूरसंचार क्षेत्र में अद्वितीय योगदान के लिए रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक मुकेश डी अंबानी को वॉयस एंड डेटा द्वारा प्रतिष्ठित लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

इसके साथ ही वर्ष 2023 के लिए रिलायंस जियो इन्फोकॉम के अध्यक्ष मैथ्यू ओमन को 'पाथब्रेकर ऑफ द ईयर अवार्ड' से नवाजा गया। देश में 5जी के तेज रोलआउट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए ओमन को यह अवार्ड मिला। मुकेश अंबानी की लीडरशिप की प्रशंसा करते हुए ओमन ने कहा कि वॉयस और डेटा द्वारा मुकेश धीरूभाई अंबानी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड दिए जाने से हम सम्मानित महसूस कर रहे हैं। उनकी लीडरशिप में कंपनी ने दूरसंचार, खुदरा, मीडिया और खेल क्षेत्रों में शानदार प्रदर्शन किया है। आज की डिजिटल दुनिया में भारत की भूमिका क्रांतिकारी होगी।

राष्ट्रीय

परामर्श प्रक्रिया के लिए दिशा-निर्देश तय करेंगे

सभी राज्यों के लिए उच्चतम न्यायालय ने संबंधित मामले में दायर याचिका पर की टिप्पणी

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह सभी राज्यों में लोकायुक्तों की नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्रियों, संबंधित उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों तथा नेता प्रतिपक्षों द्वारा अनुसरण की जाने वाली परामर्श प्रक्रिया से संबंधित दिशा-निर्देश तय करेगा।

शीर्ष अदालत ने मध्य प्रदेश में लोकायुक्त की नियुक्ति को इस आधार पर चुनौती देने वाली याचिका पर राज्य सरकार को नोटिस जारी किया कि इस मामले में नेता प्रतिपक्ष (एलओपी) से परामर्श नहीं किया गया था। इस मुद्दे के देशव्यापी प्रभाव के मद्देनजर प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन-सदस्यीय पीठ ने कहा कि कुछ प्रक्रियागत तौर-तरीके तय करने होंगे। पीठ ने कहा-देशव्यापी प्रभाव को ध्यान में रखते हुए इस न्यायालय के लिए ऐसे मामलों में प्रभावी परामर्श के लिए दिशा-निर्देश निर्धारित करना उचित होगा। न्यायालय ने कहा कि इसका देशव्यापी प्रभाव है कि लोकायुक्त की नियुक्ति के लिए राज्य द्वारा अपनाई जाने वाली प्रक्रिया क्या होनी चाहिए। इसने कहा-यद्यपि कानून में यह प्रावधान है कि नेता प्रतिपक्ष भी एक सदस्य होगा, लेकिन फिर भी परामर्श प्रक्रिया के तौर-तरीके तय करने होंगे और आपको उस व्यक्ति (नेता प्रतिपक्ष) को कम से कम नामों पर विचार विमर्श के लिए एक अवसर देना ही होगा। शीर्ष अदालत नेता प्रतिपक्ष (एलओपी) कांग्रेस के उमंग सिंघार की याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

मप्र में लोकायुक्त की नियुक्ति मामला

कपिल सिब्बल ने नियुक्ति को मजाक बताया



सिंघार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने इसे प्रक्रिया का 'पूरी तरह से मजाक' बताया, क्योंकि इसके लिए कोई परामर्श नहीं किया गया था। राज्य सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श किया गया और पूरी फाइल नेता प्रतिपक्ष को भेज दी गई। सिंघार ने मध्य प्रदेश लोकायुक्त एवं उप-लोकायुक्त अधिनियम, 1981 का हवाला देते हुए कहा था कि लोकायुक्त की नियुक्ति नेता प्रतिपक्ष और उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की सहमति से की जाती है। उन्होंने कहा था, इसलिए, संबंधित अधिनियम की धारा-तीन के अनुसार, नियुक्ति करने से पहले राज्य सरकार, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के बीच उचित परामर्श किया जाना आवश्यक था।

चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति में दखल से अराजकता फैलेगी

नई दिल्ली। वर्ष 2023 के कानून के तहत की गई चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज करते हुए उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि विषय के विचाराधीन रहने के दौरान कानून को निलंबित करना कोई नियम नहीं, बल्कि एक अपवाद है। शीर्ष अदालत ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में दखल देने से अराजकता फैलेगी और एक प्रकार से संवैधानिक व्यवस्था चरमरा जाएगी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकन दत्ता की पीठ ने चुनाव आयुक्तों-ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू की नियुक्ति के खिलाफ दायर की गई अर्जियों को खारिज करने का आदेश बृहस्पतिवार को दिया था और आज इस निष्कर्ष पर पहुंचने के कारणों को विस्तार से बताया।

डमी विद्यार्थियों के नामांकन के दोषी 20 विद्यालयों की मान्यताएं रद

नई दिल्ली, एजेंसी

- **असंबद्ध विद्यालयों में से पांच दिल्ली व तीन उत्तर प्रदेश में**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने डमी छात्रों और अयोग्य उम्मीदवारों को दाखिला देने के आरोप में 20 विद्यालयों की मान्यता रद कर दी है, जिनमें पांच दिल्ली के विद्यालय शामिल हैं। यह जानकारी बोर्ड के सचिव हिमांशु गुप्ता ने शुक्रवार को दी।

बोर्ड ने तीन विद्यालयों के ग्रेड का स्तर भी कम कर दिया है। गुप्ता ने कहा-यह पता लगाने के लिए कि क्या सीबीएसई स्कूल संबद्धता और परीक्षा उपनियमों में निहित प्रावधानों और मानदंडों के अनुसार चल रहे हैं, देशभर के सीबीएसई विद्यालयों में किए गए एक औचक निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि कुछ स्कूल डमी विद्यार्थियों और अयोग्य उम्मीदवारों को अपने यहां दाखिले के लिए विभिन्न प्रकार के कदाचार कर रहे थे और रिकॉर्ड को दुरुस्त नहीं किया गया था। उन्होंने कहा कि गहन जांच के बाद 20 विद्यालयों की मान्यता रद करने और तीन का ग्रेड कम करने का निर्णय लिया गया है। असंबद्ध विद्यालयों में से पांच दिल्ली में, तीन उत्तर प्रदेश में, दो-दो केरल, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में तथा एक-एक जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, असम और मध्य प्रदेश में हैं। 'डाउनग्रेड' किए गए विद्यालयों में दिल्ली, पंजाब और असम के विद्यालय शामिल हैं।

द्रमुक नेता पोनमुडी को राज्यपाल रवि ने मंत्री पद की दिलाई शपथ

चेन्नई। उच्चतम न्यायालय की कड़ी टिप्पणी के एक दिन बाद द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के वरिष्ठ नेता के. पोनमुडी को तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि ने शुक्रवार को मंत्री पद की शपथ दिलाई। पोनमुडी ने 19 दिसंबर 2023 को आय से अधिक संपत्ति रखने के मामले में मद्रास उच्च न्यायालय द्वारा दोषी करार दिये जाने पर मंत्री पद गंवा दिया था। इसके तीन महीने बाद वह फिर से तमिलनाडु के उच्च शिक्षा मंत्री बनाये गए हैं। राजभवन में एक सामारोह में रवि ने मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन तथा उदयनिधि स्टालिन और मा सुब्रमण्यन सहित अन्य मंत्रियों की मौजूदगी में पोनमुडी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। पोनमुडी को उच्च शिक्षा विभाग दिया गया है,जो संक्षिप्त अवधि के लिए पिछड़ा वर्ग मंत्री आर एस राजाकनप्पन के पास था।

एक नजर

सेंथिल बालाजी की याचिका पर 28 को फैसला सुनाएगी कोर्ट

चेन्नई। चेन्नई की एक सत्र अदालत द्वारा धन शोधन मामले में आरोपमुक्त करने से संबंधित द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के पूर्व मंत्री वी सेंथिल बालाजी की याचिका पर 28 मार्च को फैसला सुनाया जाएगा। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 'नकदी के बदले नौकरी' घोटाले में 14 जून 2023 को सेंथिल बालाजी को गिरफ्तार किया था। यह घोटाला पूर्ववर्ती अन्नाद्रमुक सरकार के दौरान का है जब वह परिवहन मंत्री थे। प्रधान सत्र न्यायाधीश एस अल्ली ने शुक्रवार को 28 मार्च के लिए आदेश सुरक्षित रख लिया है।

भाजपा नेता ने किया संदेशखालि का दौरा

कोलकाता। उत्तरी 24 परगना जिले के हिंसा प्रभावित संदेशखालि का दौरा करने के बाद वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व आईपीएस अधिकारी भारती घोष ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में पूर्ण अराजकता है। इस दौरे के दौरान घोष ने 25 से अधिक महिलाओं से बातचीत की जिन्होंने तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख के गुर्गों द्वारा कई वर्ष तक किये गये शारीरिक उत्पीड़न की कहानी बयां की। शेख फिलहाल जेल में बंद है।

प्रधानमंत्री मोदी की वजह से फिर टल गई केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक

नई दिल्ली, अमृत विचार: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समय दिल्ली से बाहर हैं, जिसकी वजह से उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों के उम्मीदवारों पर अंतिम फैसला नहीं हो सका। अनुमान है कि रविवार को भूटान से लौटने के बाद मोदी की उपस्थिति में चुनाव समिति की बैठक होगी, जिसमें लगभग सभी नाम घोषित कर दिए जाएंगे। शुक्रवार को तमिलनाडु के 14 व पुद्दुचेरी के एक उम्मीदवार की एक सूची और जारी की गई है। भाजपा मुख्यालय में शुक्रवार को दिनभर पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित कई केंद्रीय मंत्री एवं विभिन्न राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों, मुख्यमंत्री व टिकट दावेदारों से विचार-विमर्श चलता रहा। उत्तर प्रदेश की 24 सीटों को लेकर भाजपा सूत्रों से पता चला है कि प्रधानमंत्री के आने के बाद ही इन सीटों के उम्मीदवारों की सूची जारी की जाएगी।

केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ देशभर में प्रदर्शन

नई दिल्ली, एजेंसी

- **पुलिस ने प्रदर्शन के मद्देनजर भाजपा मुख्यालय और ईडी कार्यालय जाने वाले मार्गों को कर दिया बंद**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किए जाने के खिलाफ शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी समेत देशभर में आम आदमी पार्टी (आप) और अन्य राजनीतिक दलों ने प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आप के नेताओं तथा कार्यकर्ताओं ने केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ प्रदर्शन किया। आईटीओ पर प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने इस क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू होने का हवाला देते हुए प्रदर्शनकारियों को वहां से जाने के लिए कहा। इसके बाद पुलिस ने कैबिनेट मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज को हिरासत में ले लिया। आईटीओ के पास ही भाजपा और आप के मुख्यालय हैं। पुलिस ने प्रदर्शन के मद्देनजर भाजपा मुख्यालय और ईडी कार्यालय जाने वाले मार्गों को बंद कर दिया। इससे आईटीओ चौराहे, राजघाट तथा विकास मार्ग पर बड़े स्तर पर यातायात अवरुद्ध हुआ।

हिमाचल में भाजपा के पक्ष में मतदान करने वाले तीन विधायकों ने दिया इस्तीफा

शिमला। हिमाचल प्रदेश में हालिया राज्यसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने वाले तीन निर्दलीय विधायकों ने शुक्रवार को विधानसभा सचिव को अपना इस्तीफा सौंप दिया। निर्दलीय विधायकों में से एक ने संवाददाताओं से कहा कि वे भाजपा में शामिल होंगे और पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। तीन निर्दलीय विधायकों आशीष शर्मा (हमीरपुर निर्वाचन क्षेत्र), होशियार सिंह (देहरा) और के एल ठाकुर (नालागढ़) ने शुक्रवार को शिमला में नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर से मुलाकात की और उसके बाद अपना इस्तीफा सौंप दिया। होशियार सिंह ने संवाददाताओं से कहा-हमने अपना इस्तीफा सौंप दिया है। हम भाजपा में शामिल होंगे और पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे।

गिरफ्तारी से पहले अब तक पांच मुख्यमंत्री दे चुके हैं इस्तीफा

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

- **अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे पर बड़ा सवाल**

अमृत विचार: शराब घोटाले के आरोप में गिरफ्तार किए गए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफा को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। देश में अब तक विभिन्न आरोपों के तहत पांच मुख्यमंत्री गिरफ्तारी से पहले राज्यपाल को इस्तीफा दे चुके हैं। मगर आम आदमी पार्टी ने कहा है कि केजरीवाल जेल से सरकार चलाएंगे।

कानूनविदों ने अपनी अलग-अलग राय व्यक्त करते हुए कहा है कि अभी तक जितने भी नेता गिरफ्तार हुए हैं, उनसे इस्तीफा लेने की एक परंपरा है। मगर बहुत कुछ निर्भर करता है कि संबंधित अदालत और उप राज्यपाल क्या फैसला लेते हैं।

भाजपा नेता उमा भारती सन 2003 में मध्य प्रदेश की मुख्यमंत्री बनीं थीं। गैर जमानती वारंट के मामले पर धारवाड़ (कर्नाटक) जिले की एसपी डी रूपा उनको गिरफ्तार करने भोपाल पहुंच गईं थीं। जिसके चलते उमा भारती को भी 23 अगस्त 2004 के दिन इस्तीफा देना पड़ा था।

झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ रक्षा जमीन में घोटाला करने का आरोप था। जांच के दौरान उन्हें समन भेजा गया और उन्होंने गिरफ्तारी से पहले 31 जनवरी 2024 को राज्यपाल को इस्तीफा दे दिया था।

चर्चित चारा घोटाला के आरोप में बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू यादव को भी जेल जाना पड़ा था। जेल जाने से पहले 25 जुलाई 1997 को उन्होंने अपनी पत्नी राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बनाकर अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

तमिलनाडु की तत्कालीन मुख्यमंत्री जयललिता के ऊपर भी बेनामी संपत्ति और आय से अधिक संपत्ति का आरोप लगा था। उन्होंने भी अपनी गिरफ्तारी से पहले 5 दिसंबर 1996 को मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र दे दिया था।

वर्ष 2011 में लोकायुक्त की रिपोर्ट आने के बाद कर्नाटक के मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा की कुर्सी छिन गई थी। लोकायुक्त की रिपोर्ट में सीएम आफिस पर अवैध उत्खनन कार्य में लिप्त होने का आरोप लगा था। जिसके बाद येदियुरप्पा ने इस्तीफा दे दिया था।

उल्लेखनीय है कि सन 2011-12 में भ्रष्टाचार के विरुद्ध आंदोलन छेड़कर अरविंद केजरीवाल ने केंद्र और दिल्ली में कांग्रेस की सरकार को घेरा था। कॉमनवेल्थ खेल आयोजन समिति के प्रमुख सुरेश कलमाडी को भी जेल जाना पड़ा था। मगर अब शराब घोटाला एवं मनी लांड्रिंग के आरोप में केजरीवाल गिरफ्तार हो चुके हैं। केजरीवाल इस्तीफा देंगे या नहीं? इस सवाल पर सर्वोच्च न्यायालय एवं दिल्ली उच्च न्यायालय के वकीलों की भी एक राय नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता विराग गुप्ता कहते हैं कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अरविंद केजरीवाल जेल से दिल्ली की सरकार चला सकते हैं और समय-समय पर अपनी कैबिनेट एवं अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दे सकते हैं। लेकिन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की इजाजत उन्हें न्यायालय से लेनी पड़ेगी। वहीं दूसरी तरफ सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता जितेंद्र सिंह कहते हैं कि अभी तक संविधान की शपथ लेने वालों को यह छूट नहीं मिली है कि यदि किसी मामले में वे गिरफ्तार होते हैं तो उन्हें पद पर बने रहने दिया जाए।

सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता एसक्यू काजिम का मत है कि संविधान में ऐसी व्यवस्था है कि किसी भी जन प्रतिनिधि को तब तक अपने पद पर बने रहना चाहिए जब तक उसे आरोपित मामले में दोषी करार नहीं दिया जाता है। वहीं दिल्ली हाईकोर्ट के अधिवक्ता संजीव वशिष्ट कहते हैं कि कोर्ट में विचाराधीन किसी भी अभियुक्त को यह छूट नहीं मिली है कि उसे गिरफ्तार किया गया हो और उसे अपने सरकारी पद पर बने रहने दिया गया हो।

अदालत ने यूट्यूबर एल्विश यादव को दी जमानत

नोएडा। गौतम बुद्ध नगर की एक अदालत ने विवादास्पद यूट्यूबर सिद्धार्थ यादव उर्फ एल्विश यादव को संदिग्ध मादक पदार्थ मामले में शुक्रवार को जमानत दे दी। यह जानकारी उनके वकीलों ने दी।

रेव पार्टी में सांपों के जहर की आपूर्ति करने के आरोप मे गिरफ्तार किए गए बिग बॉस विजेता एवं जाने-माने यूट्यूबर एल्विश यादव और उसके दो साथियों ईश्वर और विनय को आज गौतम बुद्ध नगर अदालत ने जमानत दे दी। पुलिस ने एल्विश को बीते रविवार को उस समय गिरफ्तार किया था जब वह नोएडा के सेक्टर 29 में किसी से मिलने आया था।

ओपनिंग सेरेमनी में दिखी भारत की धमक

चेन्नई, एजेंसी। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग आईपीएल के 17वें संस्करण के उद्घाटन समारोह में बॉलीवुड कलाकारों से लेकर बेहतरीन लेजर शो का प्रदर्शन किया गया। चेपॉक क्रिकेट स्टेडियम में अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ से लेकर सोनू निगम, एआर रहमान और मोहित चौहान जैसे बड़े कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति पेश की। लेजर शो में विक्रम लैंडर को देखकर फैंस पूरी तरह से अचंभित हो गए। इस लेजर शो में दिखाया गया कि कैसे लैंडर ने साउथ पोल पर लैंड किया था। आईपीएल के ओपनिंग सेरेमनी के दौरान भारत ने पूरी दुनिया को अपनी ताकत का एहसास कराया। चंद्रयान और विक्रम लैंडर के साथ भारत की राजधानी इंडिया गेट का भी लेज शो दिखाया गया। इस दौरान इंडिया गेट पर अशोक चक्रन ने दर्शकों का मन मोह दिया। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में करीब 40 मिनट चली सेरेमनी की शुरुआत अक्षय कुमार ने परफॉर्म कर की। उनके बाद टाइगर श्रॉफ ने जय जय शिव शंकर गाने पर डांस किया। सोनू के बाद एआर रहमान ने मां तुझे सलाम और नीती मोहन ने बरसो रे मेघा गाया। आखिर में 'जय हो' गाने के साथ एआर रहमान ने सेरेमनी का समापन किया।

चेपॉक पर आरसीबी के खिलाफ सीएसके का दबदबा कायम

दुबे-जडेजा की पारी से सीएसके ने आरसीबी को 6 विकेट से हराया, सीएसके की ओर से मुस्तफिजुर रहमान ने झटके 4 विकेट

चेन्नई, एजेंसी

गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के शुरूआती मैच में छह विकेट से जीत हासिल कर यहां चेपॉक स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) पर अपना दबदबा जारी रखा। पहले सीएसके के गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान (29 रन देकर चार विकेट) ने अपनी 'वैरिएशन' से चार विकेट झटककर आरसीबी को मुश्किल में डाल दिया था। लेकिन अनुज रावत (48 रन) और दिनेश कार्तिक (नाबाद 38 रन) के बीच छठे विकेट के लिए 95 रन की साझेदारी से आरसीबी छह विकेट पर 173 रन का स्कोर बनाने में सफल रही। पर उसके गेंदबाज अपनी गलतियों से सीएसके को दबाव में लाने के बावजूद जीत दर्ज करने से नहीं रोक सके। सीएसके ने 18.4 ओवर में चार विकेट पर 176 रन बनाकर अपने नये कप्तान रूतुराज गायकवाड़ को जीत से शुरूआत करायी।

शिवम दूबे (28 गेंद में नाबाद 34 रन) और रविंद्र जडेजा (17 गेंद में नाबाद 25 रन) पांचवें विकेट के लिए नाबाद 66 रन जोड़कर सीएसके को जीत तक ले गये। गायकवाड़ (15 रन) ने रचिन रविंद्र (15 गेंद में 37 रन) के साथ अच्छी शुरूआत की लेकिन बड़ी पारी नहीं खेल सके। पर रचिन रविंद्र ने आईपीएल में पदार्पण में अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी पारी के दौरान तीन चौके और तीन छक्के जमाये। गायकवाड़ (15 गेंद, तीन चौके) यश दयाल की गेंद पर आउट हुए। रचिन रविंद्र को कर्ण शर्मा ने अपना शिकार बनाया। अजिंक्य रहाणे ने दो छक्के से 19 गेंद में 27 रन और डेरिल मिचेल ने भी दो छक्के से 18 गेंद में 22 रन बनाये। ये दोनों कैमरन ग्रीन के शिकार हुए। इससे पहले आरसीबी ने मुस्तफिजुर के झटकों से उबरते हुए अनुज रावत (25 गेंद) और कार्तिक की मदद से सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। अनुज रावत (25 गेंद) ने तुषार देशपांडे के खिलाफ 25 रन जड़े और अनुभवी क्रिकेटर कार्तिक (नाबाद 38) के साथ मिलकर सिर्फ 57 गेंद में पर छठे विकेट के लिए 95 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी निभायी। शुरू में सतर्क होकर खेल रहे रावत ने देशपांडे पर तीन छक्के और एक चौके जड़कर पारी का रुख बदल दिया जिससे आरसीबी ने अपने आखिरी छह ओवर में 83 रन बनाये। कप्तान फाफ डुप्लेसी ने 35 रन की पारी खेली। रावत ने अपनी पारी के दौरान चार चौके और तीन छक्के लगाये। इससे पहले मुस्तफिजुर ने अपने पहले दो ओवरों में चार विकेट लेकर आरसीबी का स्कोर पांच विकेट पर 78 रन कर उसे दबाव में ला दिया था। पारी में पहले मुस्तफिजुर ने दबदबा बनाया, लेकिन उसके बाद रावत ने सूझ समझ वाली पारी खेली। अगर माथिशा पाथिराना सीएसके में शामिल होने के लिए फिट होते तो शायद मुस्तफिजुर को अंतिम एकादश में जगह नहीं मिलती। डुप्लेसी को रोकने के लिए लगाये गये मुस्तफिजुर ने पावरप्ले में पिच की मदद से दो विकेट चटकाये। मुस्तफिजुर ने डुप्लेसी के बाद रजत पाटीदार को आउट किया। दीपक चाहर ने फिर ग्लेन मैक्सवेल को भी खाता भी नहीं खोलने दिया।

15-20 रन और बनाने चाहिए थे : आरसीबी कप्तान

चेन्नई, एजेंसी। आरसीबी के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के शुरूआती मैच में गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से मिली छह विकेट की हार के बाद कहा कि उनकी टीम ने पहले छह ओवर में काफी विकेट गंवा दिये। डुप्लेसी ने मैच खत्म होने के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में कहा, ''आपको पहले छह ओवर में तेजी से रन जुटाने होते हैं। सीएसके अपने स्पिनरों से दबाव बनाती है। हमने पहले छह ओवर में काफी ज्यादा विकेट गंवा दिये।'' उन्होंने कहा, ''हम ऐसी पिच पर 15-20 रन कम रह गये जो इतनी खराब नहीं थी जैसे हम खेले थे।''

शिवम दुबे

स्कोर बोर्ड

चैलेंजर्स बेंगलुरु	
कोहली का जडेजा बो मुस्तफिजुर	21
डुप्लेसी का जडेजा बो मुस्तफिजुर	35
रजत का धोनी बो मुस्तफिजुर	00
मैक्सवेल का धोनी बो चाहर	00
कैमरन ग्रीन बो मुस्तफिजुर	18
अनुज रावत रन आउट	48
दिनेश कार्तिक नाबाद	38
अतिरिक्त : 13	
कुल : 20 ओवर में छह विकेट पर 173 रन	
विकेट पतन : 1-41,2-41, 3-42, 4-77, 5-78, 6-173	
गेंदबाजी :	
दीपक चाहर 4-0-37-1	
तुषार देशपांडे 4-0-47-0	
महीश तीक्ष्णा 4-0-36-0	
मुस्तफिजुर रहमान 4-0-29-4	
रविंद्र जडेजा 4-0-21-0	

चेन्नई सुपर किंग्स	
ऋतुराज का ग्रीन बो यश	15
रचिन का पाटीदार बो कर्ण	37
रहाणे का मैक्सवेल बो ग्रीन	27
मिचेल का पाटीदार बो ग्रीन	22
शिवम दुबे नाबाद	34
रवींद्र जाडेजा नाबाद	25
अतिरिक्त : 16 रन	
कुल : 18.4 ओवर में 176 रन	
विकेट पतन : 1-38, 2-71, 3-99, 4-110	
गेंदबाजी :	
मोहम्मद सिराज 4-0-38-0	
यश दयाल 3-0-28-1	
अल्जारी जोसेफ 3.4-0-38-0	
कर्ण शर्मा 2-0-24-1	
मयंक डागर 2-0-6-0	
कैमरून ग्रीन 3-0-27-2	
ग्लेन मैक्सवेल 1-0-7-0	

खेल डायरी

साथियान ने पहला डब्ल्यूटीटी फीडर खिताब जीता

नयी दिल्ली। भारत के स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी साथियान ज्ञानशेखरन डब्ल्यूटीटी फीडर सीरिज टूर्नामेंट में पुरूष एकल खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बन गए जिन्होंने लेबनान के बैरूत में यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने डब्ल्यूटीटी फीडर बैरूत 2024 के आखिरी दिन भारत के ही मानव ठक्कर को 3-1 (6-11, 11-7, 11-7, 11-4) से हराया। इससे पहले उन्होंने भारत के ही हरमीत देसाई को 15-13, 6-11, 11-8, 13-11 से मात दी थी।

मियामी ओपनः कालिनिना ने वोज्नियाकी को हराया

मियामी गार्डन्स। यूक्रेन की 32वीं वरीयता प्राप्त अन्हेलिना कालिनिना ने हार की कगार पर पहुंचकर शानदार वापसी करते हुए दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी कैरोलीन वोज्नियाकी को 5-7, 7-5, 6-4 से हराकर मियामी ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। आस्ट्रेलियाई ओपन 2018 चैम्पियन वोज्नियाकी ने दो साल बाद इसी टूर्नामेंट में टेनिस को अलविदा कह दिया था। वह इस महीने इंडियन वेल्स क्वार्टर फाइनल में पहुंची लेकिन दाहिने पैर में चोट के कारण शीर्ष रैंकिंग वाली इगा स्वियातेक के खिलाफ मुकाबला दूसरे सेट में छोड़ना पड़ा।

फ्लिंटाफ टी20 विश्व कप के लिए बैकरूम स्टाफ में

लंदन। पूर्व आल राउंडर एंड्रयू फ्लिंटाफ को टी20 विश्व कप के लिए इंग्लैंड के बैकरूम स्टाफ में शामिल किया गया। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट के प्रबंध निदेशक रॉब इस पूर्व आल राउंडर को टीम के मुख्य कोच की संभावित उम्मीदवारी के संकेत के रूप में देखते हैं। फ्लिंटाफ 'द हंड्रेड' के इस सत्र में नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के कोच होंगे और टी20 विश्व कप से पहले इंग्लैंड की पाकिस्तान के खिलाफ चार मैचों की टी20 श्रृंखला के दौरान भी टीम के साथ होंगे। की ने 'टेलीग्राफ' से कहा, ''मुझे लगता है कि वह एक शानदार मुख्य कोच होंगे।''

लंबे समय तक बल्लेबाजी और हर दिन बेहतर होना चाहता हूं : ऋषभ

चंडीगढ़, एजेंसी

बोले पंत

विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत करीब 15 महीने बाद शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ अपना पहला प्रतिस्पर्धी मैच खेलने के लिए तैयार हैं लेकिन दिल्ली कैपिटल्स का यह कप्तान इससे पहले भावनाओं के गुबार से गुजर रहा है। दिसंबर 2022 में कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद पंत मैदान पर उतरने के लिए तैयार हैं जिसके लिए वह उत्साहित भी हैं लेकिन थोड़ी घबराहट महसूस कर रहे हैं। उन्होंने टीम के सत्र के पहले मैच की पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''घबराया हुआ हूं, उत्साहित हूं, नर्वस हूं, ऐसा सब महसूस कर रहा हूं लेकिन साथ ही खुश भी हूं कि पेशेवर क्रिकेट में वापस खेल रहा हूं। मैं कल अपने पहले मैच में खेलने के लिए उत्साहित हूं।'' पंत जानते हैं कि पुरानी लय में आने में उन्हें समय लगेगा लेकिन वह एक बार में एक मैच पर ही ध्यान लगाना चाहते हैं। उन्होंने विशाखापत्तनम में दिल्ली कैपिटल्स के सत्र पूर्व शिविर के बारे में बात करते हुए कहा, ''हर बार जब भी मैं मैदान पर उतर रहा हूं तो यह बहुत अलग महसूस हो रहा है। मुझे लगता है कि बतौर बल्लेबाज जितना हो सके, उतने लंबे समय तक बल्लेबाजी करनी चाहिए। यह बेहतर भी है क्योंकि मैं जितना ज्यादा देर तक बल्लेबाजी करूंगा, शॉट लगाने के लिए उतनी ही बेहतर स्थिति में रहूंगा। मैं करीब डेढ़ साल से नहीं खेला हूं लेकिन 'मसल मेमरी' (अभ्यास से हासिल की गयी मांसपेशियों की गतिविधियां) तो बरकरार है।'' पंत ने कहा, ''मैं बचपन से ही खेल रहा हूं इसलिये यह इतनी आसानी से नहीं जाती है। इसलिये जितना मैं ज्यदाा अभ्यास करूंगा, बतौर क्रिकेटर खुद को उतना ही बेहतर मौका प्रदान करूंगा।'' वह ज्यादा आगे के बारे में नहीं सोचना चाहते।

श्रीलंका को समेटने के बाद बांग्लादेशी पारी लड़खड़ाई

सिलहट। खालिद अहमद और नाहिद राणा की घातक गेंदबाजी के दम पर बांग्लादेश ने शुक्रवार पहले टेस्ट मैच के पहले दिन श्रीलंका को पहली पारी में 280 रन पर समेटने के बाद बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट गंवा कर लड़खड़ा गई है। बांग्लादेश की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और श्रीलंका ने जाकिर हसन नौ रन, कप्तान नजमुल शान्तो पांच रन और मोमिनुल हक पांच रन के विकेट झटक लिये है। दिन का खेल समाप्त होने तक बांग्लादेश ने पहली पारी में 32 रन पर तीन विकेट गंवा दिये और वह श्रीलंकाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे लड़खड़ा गई है। महमुदुल हसन जॉय नाबाद नौ रन, तैजुल इस्लाम बिना खाता खोले क्रीज पर थे। इससे पहले बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

मनु पाल ने भारत को दिलाया कांस्य पदक

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

- 15वीं एशियन लॉन बॉल्स प्रतिस्पर्धा में जीता मेडल
- मनु ने पूरी दुनिया में कन्नौज का नाम किया रोशन

अमृत विचार : इत्रनगरी की बेटी ने भारत को कांस्य पदक दिलाकर पूरी दुनिया में देश का नाम रोशन किया है। 15वीं एशियन लॉन बॉल्स प्रतिस्पर्धा में मनु पाल से कांस्य जीतकर मान बढ़ाया है। नगर के मोहल्ला भैनपुरा निवासी लान बाल्स खिलाड़ी मनु पाल ने अंडर 25 आयुवर्ग में 15वीं एशियन लान बाल्स चैंपियनशिप थाईलैंड में सहभागिता की। इसका आयोजन तीन से दस मार्च तक थाईलैंड के पटाया में किया गया। इस चैंपियनशिप में 13 एशियाई देश इंडिया, श्रीलंका, मकाउ, फिलीपींस, थाईलैंड, हांगकांग, चीन, सिंगापुर, जापान, कोरिया, ईरान, ब्रूनेई, दारुस्सलाम ने प्रतिभाग किया। मनु को वुमेन फोर्स में कांस्य

पदक मिला है। इस सफलता की जानकारी जैसे ही परिजनों को हुई, तो ख़ुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने पिता रामनारायन पाल व मां हरिप्यारी देवी को बधाई दी। कांस्य पदक जीतने के बाद मनु पाल दूरभाष पर बताया कि आगे भी देश का नाम इसी प्रकार सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास जारी रहेगा।

बॉलीवुड हलचल

अमित सियाल बोले- रणदीप के साथ मिलकर घिसे हैं बर्तन

मुंबई, एजेंसी। मिर्जापुर और महारानी जैसी वेब सीरीज में अपनी दमदार अदाकारी का लोहा मनवा चुके एक्टर अमित सियाल जल्द ही फिल्म 'स्वतंत्र वीर सावरकर' में नजर आएंगे। फिल्म में उन्होंने विनायक दामोदर सावरकर (रणदीप हुड्डा द्वारा अभिनीत) के छोटे भाई, नारायण दामोदर का किरदार निभाया है। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने रणदीप हुड्डा से अपनी दोस्ती के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि रणदीप से उनकी दोस्ती तकरीबन 29 साल पुरानी है। दोस्त कम, हम भाई ज्यादा हैं। सालों पहले हम ऑस्ट्रेलिया में एक साथ थे। एक ही घर में रहते थे। वहां साथ में टैक्सियां चलाते थे। इतना ही नहीं, हमने वहां होटल में एक साथ बर्तन भी घिसे हैं। वेटर की जॉब करते थे। रणदीप की तारीफ करने हुए कहा कि रियल लाइफ में मैं उनसे केवल एक साल बड़ा हूं। लेकिन स्वाभाविक तौर पर वे मुझसे बड़े हैं। रणदीप बहुत ही मैच्योर व्यक्ति हैं। बतौर एक्टर भी उनका अनुभव मुझसे ज्यादा है। स्क्रीन पर हमारा ये पुराना बॉन्ड देखने को मिलेगा। स्क्रीन पर दोनों भाई की केमिस्ट्री दिखाने में ज्यादा मशक्कत नहीं करनी पड़ी।

अब राजनीति में भी चार चांद लगाएंगी उर्वशी रौतेला!

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड की स्टाइल आइकन उर्वशी रौतेला ने लोकसभा चुनाव 2024 की चर्चा के बीच हिंट दिया है कि वह भी चुनाव लड़ सकती हैं। उर्वशी ने कहा है कि उन्हें टिकट मिला है। हालांकि किस सीट से मिला है ये उन्होंने नहीं बताया है और ये भी नहीं बताया कि वह इलेक्शन लड़ रही हैं या नहीं। इस खबर से उर्वशी के फैंस काफी खुश हैं। उर्वशी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें वह खुद इस बात के बारे में बताती नजर आ रही हैं। वह कह रही हैं, "टिकट मिली है मुझे लेकिन मुझे तय करना है कि मैं ये करने वाली हूं या नहीं। मैं इसका हिस्सा बनना चाहती हूं या नहीं? आप लोग मुझे कमेंट सेक्शन में राय दें कि क्या मुझे राजनीति में शामिल होना चाहिए या नहीं।" दरअसल उर्वशी से राजनीति में उनकी दिलचस्पी के बारे में पूछा गया था, जिसके जवाब में उन्होंने टिकट मिलने की बात कही है। उर्वशी के राजनीति ज्वाइन करने की बात से हर कोई हैरान है। आपको बता दें कि उर्वशी रौतेला से पहले बॉलीवुड क्वीन कंगना रनौत ने भी हिंट दिया था। कुछ समय पहले कंगना से एक इवेंट में राजनीति ज्वाइन करने को लेकर सवाल किया गया था। जिसके जवाब में उन्होंने कहा था, "मुझे यह घोषणा करने का अधिकार नहीं है कि मुझे चुनाव लड़ना चाहिए या नहीं।" ये कहकर वह हंसने लगीं। उन्होंने आगे कहा, "मुझे कभी भी एक जागरूक व्यक्ति बनने से रोका नहीं जा सका। जितना लोग तथाकथित सीट से भी नहीं कर सकते, मैंने इस देश के लिए उससे भी ज्यादा किया है। मैंने वास्तव में फिल्म सेट से राजनीतिक दलों के साथ लड़ाई की है। मुझे दूर नहीं रखा जा सकता। मैं अपने देश के लिए जो करना चाहती हूं उसे करने के लिए मुझे जगह नहीं मिलती। लेकिन, अगर मैं राजनीति में आना चाहती हूं, तो शायद मुझे लगता है कि यह सही समय है।"

आदित्य से रिश्तों को लेकर रानी मुखर्जी ने किया खुलासा

मुंबई, एजेंसी। रानी मुखर्जी ने हाल ही में खुलासा किया कि आदित्य चोपड़ा के बारे में उन्हें सबसे अच्छी बात क्या लगी थी। उन्होंने कहा कि दो लोगों के बीच में प्यार से ज्यादा सम्मान जरूरी होता है। रानी मुखर्जी ने 'सही कारणों' से शादी करने को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि वे कई ऐसी महिलाओं को जानती हैं, जो अपनी पूरी लाइफ में भयानक रिश्तों को झेलती हैं। रानी मुखर्जी, आदित्य की ईमानदारी और उनकी लीडरशिप क्वालिटी से अट्रैक्ट हुई थीं। रानी बोलीं- मुझे लगता है कि वो वास्तव में एक अच्छे इंसान हैं। सच कहूं तो मेरे लिए ये काफी था। मैं अपने माता-पिता के साथ एक घर में पली-बढी हूं, और मैंने उनके रिश्ते को बहुत महत्व दिया है। मेरी लाइफ में, आसपास अच्छे लोगों का होना बहुत जरूरी है, क्योंकि मुझे लोगों का सम्मान करना पसंद है। आदित्य के बारे में कहूं तो वो एक बहुत ही दयालु इंसान, एक अच्छे इंसान और अपनी टीम के लिए एक महान नेता हैं। रानी ने आगे कहा- आदित्य अपनी नैतिकता और निर्णय के मामले में बहुत निष्पक्ष हैं। एक समय के बाद आप प्यार से बाहर हो सकते हैं, लेकिन एक-दूसरे के लिए सम्मान होना बहुत जरूरी होता है। वो कभी नहीं खोना चाहिए। मेरे लिए ये बहुत जरूरी है। अगर मैं किसी के करीब रहना चाहती हूं तो मुझे उनका सम्मान करना ही होगा। मैंने दुनिया को बहुत करीब से देखा है, मैंने फिल्म इंडस्ट्री में कई वर्षों तक काम किया है। इसलिए, अगर मुझे इस इंडस्ट्री से किसी व्यक्ति का चुनाव करना था, तो वो व्यक्ति आदित्य के अलावा और कोई नहीं हो सकता था।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

अमेरिका के 48 राज्यों में निकाली जाएगी श्री रामलला रथयात्रा, 851 मंदिरों के लगाएगी चक्कर

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के शिकागो से सोमवार को श्री रामलला रथयात्रा शुरू हो रही है। यह यात्रा अगले 60 दिनों में आठ हजार से भी अधिक मील की दूरी तय करते हुए 48 राज्यों के 851 मंदिरों के चक्कर लगाएगी।

रथयात्रा का आयोजन करने वाले विश्व हिंदू परिषद ऑफ अमेरिका के महासचिव अमिताभ मित्तल ने बताया कि टोयोटा सिएना वैन के ऊपर बने रथ में भगवान राम, देवी सीता, लक्ष्मण और हनुमान की मूर्तियां होंगी। उनके साथ अयोध्या के राममंदिर से विशेष प्रसाद और प्राण प्रतिष्ठा पूजित अक्षत का कलश ले जाया जाएगा। रथयात्रा 25 मार्च को अमेरिका के शिकागो से शुरू होगी और करीबन आठ हजार मील की दूरी तय करेगी। यात्रा के दौरान अमेरिका के 851 मंदिरों और कनाडा के 150 मंदिरों का दौरा किया जाएगा। एचएमईसी की तेजल शाह ने कहा, यात्रा का उद्देश्य लोगों को हिंदू धर्म के बारे में जागरूक करना, शिक्षित करना और सशक्त बनाना है। यह यात्रा सभी हिंदुओं को एकजुट होने का मौका दे रही है।

श्री रामलला रथ यात्रा के लिए तैयार की गई कार पर बनाया अयोध्या राममंदिर का दृश्य।

यात्रा का हनुमान जयंती के दिन होगा समापन

विश्व हिंदू परिषद ऑफ अमेरिका के महासचिव अमिताभ मित्तल ने बताया कि कई लोग वीएचपीए के जरिए इस यात्रा की योजना बनाने और आयोजन में मदद करने के लिए आगे आए हैं। अमेरिका में यह पहली बार ऐसा हो रहा है कि हिंदू समुदाय द्वारा इस तरह की यात्रा का आयोजन किया गया है। यात्रा का समापन 23 अप्रैल को हनुमान जयंती के दिन होने वाला है।

गाजा में तत्काल युद्धविराम को लेकर यूएन में पेश अमेरिकी प्रस्ताव पर रूस-चीन ने किया वीटो

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी। गाजा में तत्काल युद्धविराम, नागरिकों की सुरक्षा और भुखमरी का सामना कर रहे 20 लाख से अधिक फिलिस्तीनी लोगों को मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए अमेरिका ने फिर से संयुक्त राष्ट्र मसौदा प्रस्ताव पेश किया। लेकिन मसौदा प्रस्ताव पर रूस और चीन ने पर वीटो कर दिया।

पंद्रह सदस्यीय सुरक्षा परिषद में 11 सदस्यों ने पक्ष में मतदान किया, जबकि तीन ने विरोध में वोट किया और एक सदस्य अनुपस्थित रहा। मतदान से पहले, रूस के राजदूत वासिली नेबेंजिया ने कहा कि रूस तत्काल संघर्ष विराम का समर्थन करता है, लेकिन उन्होंने प्रस्ताव की भाषा पर सवाल उठाया। उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड पर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को गुमराह करने का आरोप लगाया। इससे पहले, अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने कहा था कि उन्हें उम्मीद हैं कि एक नए मसौदा प्रस्ताव को 15 सदस्यीय परिषद द्वारा शुक्रवार को मंजूरी दे दी जाएगी। बता दें, सुरक्षा परिषद में गाजा में बिगड़ती मानवीय स्थिति पर पहले भी दो प्रस्ताव चुके हैं, लेकिन किसी में भी संघर्ष विराम का आह्वान नहीं किया गया था। रूस और चीन ने अक्टूबर के अंत में भी अमेरिकी प्रस्ताव वीटो किया था। गौरतबल है कि, इजराइल-हमास के बीच जंग जारी है। अब तक लगभग 32 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।

मॉस्को में आतंकी हमला, 40 की मौत

- सौ से ज्यादा घायल, सैकड़ों को बंधक बनाया, कई लोगों के फंसे होने की आशंका, स्वाट ने संभाल मोर्चा

मॉस्को, एजेंसी

रूस की राजधानी मॉस्को के पास क्रोकस हॉल में भीड़ पर आतंकियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पांच बंदूकधारियों ने एक साथ लोगों पर फायरिंग शुरू कर दी, जिसमें 40 लोगों की मौत हुई है, जबकि सौ से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

हमले के बाद स्वाट टीम ने मोर्चा संभाल लिया है। पुलिस की टीमें लोगों को निकालने और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में जुटी हुई हैं। घटनास्थल पर सर्च ऑपरेशन किया जा रहा है, जिससे मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। मीडिया रिपोर्ट में दावा किया है कि आतंकियों ने सैकड़ों लोगों को बंधक भी बना लिया है। हालांकि, अभी तक बंधकों की स्थिति सफा नहीं हुई है। इस कारण सुरक्षा बल अंदर प्रवेश नहीं कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, सुरक्षा बलों की वर्दी में पांच बंदूकधारी क्रोकस हॉल में घुस गए और अंदर मौजूद लोगों पर गोलीबारी शुरू कर दी। जिससे कई मौतें हुई हैं और कई लोग घायल हुए हैं। बता दें, हमले के बाद इमारत में विस्फोट हो गया और भीषण आग लग गई। बता दें, घटना का वीडिया सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें इमारत के ऊपर काले धुएं का बड़ा गुबार उठता दिख रहा है।

रूस की मीडिया के अनुसार, यह हमला तब हुआ जब क्रोकस सिटी हॉल में प्रसिद्ध रूसी रॉक बैंड 'पिकनिक' के एक संगीत कार्यक्रम में शामिल होने के लिए लोगों की भीड़ जमा थी। बता दें, इस हॉल में 6 हजार से अधिक लोग बैठ सकते हैं।

भूटान को 10 हजार करोड़ की मदद मोदी को सर्वोच्च नागरिक सम्मान

दोनों देशों के बीच रेल संपर्क बढ़ाने पर सहमति, कई समझौतों पर हुए हस्ताक्षर

थिंपू (भूटान), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भूटान का सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्राप्त करने वाले पहले विदेशी राष्ट्राध्यक्ष बन गए हैं। भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो' से सम्मानित किया।

प्रधानमंत्री मोदी दो दिन के भूटान दौरे पर हैं। शुक्रवार को वो राजधानी थिंपू के ताशिचो द्जोंग पैलेस पहुंचे। यहां उनका औपचारिक रूप से स्वागत किया गया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि पीएम मोदी ने उनका गर्मजोशी से स्वागत करने के लिए प्रधानमंत्री टोबगे को धन्यवाद दिया। बयान में कहा गया है कि दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और नवीकरणीय ऊर्जा, कृषि, पर्यावरण और वानिकी तथा पर्यटन जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ाने पर सहमति बनाई।

द्विपक्षीय वार्ता में मोदी ने घोषणा की कि भारत अगले पांच वर्षों में भूटान को दस हजार करोड़ रुपये की सहायता प्रदान करेगी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और भूटान के बीच दीर्घकालिक और अनूठे संबंध हैं। टोबगे ने मोदी से कहा, स्वागत है मेरे बड़े भाई। भूटान के राजा द्वारा 'सर्वोच्च नागरिक सम्मान' से सम्मानित करने के बाद पीएम मोदी ने कहा, आज एक भारतीय के नाते मेरे जीवन का बहुत बड़ा दिन है, आपने मुझे भूटान के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया है। हर पुरस्कार अपने आप में विशेष होता ही है लेकिन जब किसी अन्य देश से पुरस्कार मिलता है तो यह महसूस होता है कि हम दोनों देश सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

मदद को बढ़ाए हाथ

भूटान के प्रधानमंत्री ने कहा, पीएम मोदी को वे अपना बड़ा भाई कहते हैं। उन्होंने हमारी 13वीं पंचवर्षीय योजना के लिए अपना समर्थन और भारत सरकार की तरफ से सहायता की पेशकश की है। उन्होंने कहा भारत के लोगों के प्रति अपना आभार व्यक्त करना चाहते हैं।

भारतीय मूल के लोगों से मिले प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री ने थिंफू में भारतीय मूल के लोगों से भी मुलाकात की। पीएम मोदी से मुलाकात के बाद भारतीय मूल के लोगों ने कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री से मिलकर बेहद खुशी हुई। पीएम मोदी से मिलने का मौका देने के लिए हम भारतीय दूतावास के शुक्रगुजार हैं।

पाकिस्तान में ईशनिंदा के आरोप में महिला को उम्रकैद

लाहौर। इस्लाम की पवित्र किताब के पन्ने जलाने के मामले में एक पाकिस्तानी महिला को आजीवन कारावास की सजा हुई है। पाकिस्तान के ईशनिंदा कानूनों के तहत, धर्म या धार्मिक शख्सियतों का अपमान करने का दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को मौत तक की सजा दी जा सकती है। हालांकि, अधिकारियों ने अभी तक ईशनिंदा के लिए मौत की सजा नहीं दी है, केवल आरोप से दंगे भड़क सकते हैं। सरकारी अभियोजक मोहजिब अवैस ने कहा कि महिला आसिया बीबी को 2021 में ईशनिंदा के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। दरअसल, निवासियों ने दावा किया था कि आरोपित महिला ने कुरान के पन्ने जलाकर उसका अपमान किया। अवैस ने कहा कि न्यायाधीश ने बुधवार को पूर्वी शहर लाहौर में फैसले की घोषणा की। हालांकि, बीबी ने अपने मुकदमे के दौरान आरोप से इनकार किया था।

मुइज्जू ने अपनाया सुलह का रुख, भारत से मांगी मदद

- बोले-भारत है मालदीव का सबसे करीबी सहयोगी

माले, एजेंसी

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने अब भारत से सुलह का रुख अपनाया है। मुइज्जू ने अब कहा है कि भारत मालदीव का निकटतम सहयोगी है और हम उम्मीद करते हैं कि पड़ोसी देश हमें ऋण राहत प्रदान करेगा। बता दें कि साल 2023 के अंत तक मालदीव पर भारत का लगभग 400.9 मिलियन अमेरिकी डॉलर बकाया था।

नवंबर 2023 में राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद से चीन समर्थक मुइज्जू ने भारत के प्रति सख्त रुख अपनाया। उन्होंने कुछ ही घंटों के भीतर मांग की थी कि मालदीव से भारतीय सैन्य कर्मियों को 10 मई तक भारत वापस भेज दिया जाए। अब मुइज्जू का कहना है कि भारत मालदीव का सबसे करीबी सहयोगी बना रहेगा। उन्होंने कहा कि मालदीव ने भारत से ऋण लिया है, जो द्वीप राष्ट्र की अर्थव्यवस्था द्वारा वहन किए जाने से अधिक है। उन्होंने आगे कहा कि वो ऋण चुकाने के विकल्प तलाश रहे हैं और इस बारे में लगातार भारत सरकार के साथ चर्चा कर रहे हैं। मुइज्जू ने उम्मीद जताई कि भारत द्वारा इस मामले में सहयोग प्रदान किया जाएगा। बता दें कि मालदीव में होने वाले संसद चुनावों से पहले अप्रैल के महीने में भारत के पक्ष में मुइज्जू ने अपनी बातें रखी थी। मुइज्जू ने दिसंबर 2023 में दुबई में शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ की गई चर्चा का भी जिक्र किया।

श्रीलंका ने प्रोजेक्टों का जिम्मा चीन से हटाकर भारत को सौंपा

कोलंबो। श्रीलंका में भारत को कूटनीतिक कामयाबी मिली है। श्रीलंका ने नैनातिवु, डेल्फ्ट (नेदुनथीवु) और अनालाईतिवु द्वीपों पर हाइब्रिड रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट के निर्माण का जिम्मा चीन को हटाकर भारत को सौंपा दिया है।

इन सुविधाओं की क्षमता 2,230 किलोवाट है। इसके लिए भारत सरकार कर्ज के बजाय श्रीलंका को करीब 90 करोड़ रुपये की सब्सिडी देगी। इस कदम से चीन चिढ़ गया है। श्रीलंका के अधिकारी ने मीडिया को बातया है कि, इसी कारण वह श्रीलंका के लोगों को दी जा रही मदद रोकने में लगा है। श्रीलंका पर दबाव बनाने के लिए चाइना फाउंडेशन फॉर रूरल डेवलपमेंट (सीएफआरडी) के स्माइलिंग चिल्ड्रेन फूड पैकेज प्रोजेक्ट में मदद कम कर दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि, इसे जल्द बंद किया जा सकता है।

अमेरिका आने वाले भारतीय छात्र बरतें सतर्कता: इंदिरा नूई

वाशिंगटन। पेप्सिको की पूर्व सीईओ इंदिरा नूई ने अमेरिका में रह रहे या अमेरिका जाने की तैयारी कर रहे भारतीय छात्रों को सलाह दी है। उन्होंने कहा कि, अमेरिका में बहुत ध्यान से रहें और स्थानीय कानूनों का पालन करें। साथ ही नूई ने अपील की कि भारतीय युवा अमेरिका आकर ड्रग्स या किसी भी नशे से दूर रहें।

बता दें, हाल के समय में अमेरिका में भारतीय छात्रों के साथ अनहोनी की कई घटनाएं हुई हैं। यही वजह है कि इंदिरा नूई ने भारतीय छात्रों को अलर्ट रहने की सलाह दी है। इंदिरा नूई को वैश्विक स्तर पर कॉरपोरेट जगत की ताकतवर और प्रभावशाली शख्सियत के तौर पर जाना जाता है। नूई ने कहा कि 'कानून का पालन करें और रात में अकेले सुनसान जगहों पर न जाएं।

पुष्पक का परीक्षण, विमान ने की सफल लैंडिंग : इसरो

बेंगलुरु, एजेंसी

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार को आरएलवी एलईएक्स-02 लैंडिंग प्रयोग के माध्यम से पुनः प्रयोज्य प्रक्षेपण यान प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

दरअसल इसरो की रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल तकनीक (लॉन्च व्हीकल को दोबारा इस्तेमाल करने की तकनीक) का परीक्षण सफल रहा है। कर्नाटक के चित्रदुर्ग स्थित एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज में शुक्रवार को इसरो का रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल 'पुष्पक' सफलतापूर्वक ऑटोमैटिक तरीके से रनवे पर लैंड हुआ। 'पुष्पक' विमान के सफल लैंडिंग पर इसरो ने बयान जारी कर बताया कि इससे पहले भी दो बार रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल की सफल लैंडिंग हो चुकी है। बीते साल इसरो ने रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल के परीक्षण के दौरान आरएलवी को वायुसेना के चिनूक हेलीकॉप्टर से करीब साढ़े चार किलोमीटर की ऊंचाई से छोड़ा गया। परीक्षण के दौरान आरएलवी ने सफलतापूर्वक रनवे पर लैंड किया। आरएलवी ने ब्रेक पैराशूट, लैंडिंग गियर ब्रेक और नोज व्हील स्टीयरिंग सिस्टम की मदद से सफल लैंडिंग की। सफल लैंडिंग से इसरो द्वारा विकसित की गई तकनीक पर भी मुहर लग गई है।

दिल्ली में युवक की हत्या के आरोप में नौ किशोर गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी। दक्षिण दिल्ली के संगम विहार इलाके में 20 वर्षीय युवक की चाकू मारकर हत्या करने के आरोप में पुलिस ने नौ किशोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, इनमें से कुछ किशोर हत्या समेत कई मामलों में पहले से संलिप्त हैं। पुलिस ने कहा- घटना की सूचना 21 मार्च को मिली थी, जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची तो शादाब घायल स्थिति में सड़क किनारे पड़ा मिला।

घायल को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधिकारी ने कहा, शुक्रवार को आरोपियों को पकड़ लिया गया और उनके पास से चार चाकू और एक देशी पिस्तौल बरामद की गई। इनमें से कुछ की पहले भी जघन्य मामलों में संलिप्तता रही है।

विज्ञान बृहस्पति के तूफानी मौसम पैटर्न के बारे में हबल स्पेस टेलीस्कोप से मिली नई जानकारी

बृहस्पति ग्रह पर पृथ्वी से भी बड़े उठते हैं तूफान

नैनीताल, कार्यालय

अमृत विचार : बृहस्पति में पृथ्वी से भी बड़े तूफान उठते हैं। अंतरिक्ष दूरबीन हबल ने बृहस्पति के तूफानों की नई तस्वीरों का खुलासा किया है। जिनमें चक्रवात और एंटीसाइक्लोन शामिल हैं। बृहस्पति के तूफानी मौसम पैटर्न के बारे में नई जानकारी मिली है।

वैज्ञानिकों के अनुसार एंटीसाइक्लोन लगभग हर दो साल में ग्रेट रेड स्पॉट के आगे से गुजरता है। बृहस्पति हमारे सौरमण्डल का सबसे बड़ा ग्रह है। यह गैस का ग्रह है। पृथ्वी जैसी इसकी कोई सतह नही है। हबल स्पेस टेलीस्कोप से मिली तस्वीरें बताती हैं कि बृहस्पति गैस के साथ तेजी से घूम रहा है और बृहस्पति के तूफानी मौसम पैटर्न के बारे में सटीक पता चलता है। बृहस्पति का मौसम तीव्र यानी तेजी से आगे बढ़ता है। यहां भयानक चक्रवात उठते हैं, जबकि छोटे छोटे तूफान अक्सर उठते रहते हैं। बृहस्पति का वातावरण हजारों किलोमीटर गहरा और घना होने के कारण तूफान के रूप में मौसम बनता है। बृहस्पति के मशहूर ग्रेट रेड स्पॉट है। यह सबसे बड़ा तूफान है, जो संभवतः लाखों वर्षों से सक्रिय है। इसके साथ ही एक छोटा तूफान भी है। जिसे रेड स्पॉट जूनियर कहते हैं, जो एक छोटा एंटीसाइक्लोन है जो लगभग हर दो साल में ग्रेट रेड स्पॉट से आगे निकल जाता है। नासा के वैज्ञानिकों के अनुसार बृहस्पति की दुनिया अत्यधिक गतिशील है। इसका गहरा वातावरण लगातार चक्रवातों, विंड शीयर और अन्य हिंसक तूफानों से जूझ रहा है। नासा ने हबल स्पेस टेलीस्कोप द्वारा ली गई बृहस्पति ग्रह की नई तस्वीरें जारी कीं।



बृहस्पति के बदलते मौसम की तस्वीरें।

दूरबीन करती है ग्रहों के मौसम की निगरानी

नासा की अंतरिक्ष दूरबीन हबल हर साल सौरमण्डल के सभी बड़े ग्रहों पर नजर रखता है और हर साल सभी ग्रहों के मौसम की जानकारी जुटाता है। इन ग्रहों में बृहस्पति, शनि, यूरेनस और नेपच्यून शामिल हैं। इन ग्रहों में आने वाले तूफानों में कुछ वर्षों के अंतराल में मामूली परिवर्तन आते रहता है। गैसीय ग्रहों की तुलना में ठोस चट्टानी ग्रहों के मौसम में कहीं अधिक अंतर है।